ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 05 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 299 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में ... पेज 12 पर

एक नजर

प्रशिक्षु विमान दुर्घटनग्रस्त दो पायलट की मौत

नई दिल्ली। तेलंगाना में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का प्रशिक्षु विमान सोमवार सुबह को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। नागर उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक जताते हुए लिखा है कि हैदराबाद में भारतीय वायुसेना के ट्रेनी एयर-क्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त होने से दोनों पायलट के दिवंगत होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। यह न केवल उनके परिजनों की निजी क्षति है बल्कि पूरे देश के लिए शोक का कारण है। भगवान, दोनों सपूतों को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके शोकाकुल परिजनों को इस दुःख से उबरने की शक्ति दें।

रास : वाइस-चेयरपर्सन्स के पैनल का पुनर्गठन

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा में वाइस-चेयरपर्सन्स के पैनल का पुनर्गठन किया। इस पैनल में फूलो देवी नेताम, एस फांगनॉन कोन्याक, दर्शना सिंह, डॉ. सोनल मानसिंह, डॉ. सस्मित पात्रा के अलावा वी विजयसाई रेड्डी, सुखेन्दु शेखर राय और कार्तिकेय शर्मा को शामिल किया गया है।

'मिचौंग' को लेकर एक्शन मोड में केंद्र

चेन्नई। चक्रवात मिचौंग को लेकर केंद्र सरकार एक्शन मोड में है। इसको लेकर रविवार रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को संबोधित करते हुए आगाह किया। पीएम ने कहा कि वह राहत और समन्वय के लिए पूर्वी तट पर राज्यों की सरकारों के साथ लगातार संपर्क में हैं। पीएम ने तमिलनाडु, पुडुचेरी, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भाजपा कार्यकताओं से राहत और बचाव प्रयासों में शामिल होने और स्थानीय प्रशासन का समर्थन करने का भी आग्रह किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार तमिलनाडु, पुडुचेरी, ओडिशा और आंध्र प्रदेश सरकारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता भी प्रदान कर रही है। इससे पहले, पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी से बात की और चक्रवात मिचौंग से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। पीएम मोदी ने शीर्ष अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि राज्य को सभी मदद दी जाए।

नीतीश की तबियत पर सियासी रस्साकसी

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार की तबियत इन दिनों खराब बताई जा रही है। इस कारण पिछले कई दिनों से वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर नहीं आ रहे हैं। दूसरी तरफ एनडीए के नेता सीएम की तबियत खराब होने पर चिंतित नजर आ रहे हैं। नीतीश कुमार की तबियत खराब होने से एनडीए के नेता 'चिंतित' हैं और मेडिकल बुलेटिन जारी करने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री और हम के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सोमवार को एक्स पर लिखा, पिछले 10 दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत खराब है। उनको कुछ हुआ भी है या फिर सिर्फ उनके साथ राजनैतिक साजिश चल रही है? उन्होंने आगे लिखा, नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी होना चाहिए।

आप सांसद राघव चड्ढा का निलंबन रद्द

नई दिल्ली। आप के राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा ने सोमवार को निलंबन के खिलाफ उनकी याचिका पर संज्ञान लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट और इसे रद्द करने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ को धन्यवाद दिया। चड्ढा का निलंबन 115 दिनों तक चला। उन्होंने कहा कि वह लोगों से मिले आशीर्वाद और समर्थन से प्रभावित हैं। भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव द्वारा पेश प्रस्ताव पर संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को चड्ढा का निलंबन रद्द कर दिया गया। 11 अगस्त को राज्यसभा से निर्लंबित किए गए आप सांसद पर भाजपा ने पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया था।

336 करोड़ की 147 योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन

40 हजार की बहाली शीघ्र

आरएनएम। रांची/गिरिडीह

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि शीघ्र ही जेपीएससी के माध्यम से 40 हजार बहाली का विज्ञापन निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए हमारी सरकार फिक्रमंद है। हम चाहते हैं उन्हें राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाए। कहा इसमें केंद्र सरकार का सहयोग बेहद जरूरी है लेकिन केंद्र ने हमारा एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड रोक रखा है। झारखंड से कोयला लिया जाता हैब लेकिन रायल्टी का पैसा लटका दिया जाता है। सीएम सोमवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चियों के लिए हमने सावित्री बाई फुले योजना को लागू किया गया है। निर्णय लिया गया कि जिन घरों में एक से अधिक बिटिया भी है तो उनके माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार उसके लिए फिक्रमंद है, सरकार पेंशन से वृद्ध और विधवा बहन को आत्मनिर्भर करने में जुट गई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ने 335.71 करोड़ की लागत से 47 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के 64728 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कई लाभुकों को सांकेतिक चेक भी सौंपा गया।

- केंद्र ने रोक रखा है एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड : हेमंत
- 64,728 लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण

केंद्र के कारण अटकी कई येजनाएं

सीएम ने कहा कि राज्य के पैसे को केंद्र की मोदी सरकार ने रोक दिया है, एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड रोका हुआ है। अगर ये फंड सरकार देती है तो राज्य में अबुआ आवास योजना का विस्तार होता। गैस सिलेंडर भी कम कीमत में उपलब्ध कराया जाता। युवाओं को उनके घरों में ही रोजगार देते। बेहतर शिक्षा दिया जाता, दस लाख पदों पर बहाली किया जाता। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार ने स्टॉल खोल कर पेंशन नहीं वितरण किया। यह राज्य की जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार में ही हो रहा है। कर्मचारी तक परेशान थे, लेकिन उनके पेंशन योजना को लागू कर परेशानियों को दूर किया गया।

महामारी से संभले तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गई

सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महामारी के बाद राज्य सरकार संभालने में जुटी, तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गई। लेकिन राज्य सरकार इसका फ्रिक किए बिना नए तरीके से योजनाओं को लागू करने में जुटी हुई है। हक अधिकार के लिए राज्य सरकार लड़ाई लड़ रही है। कार्यक्रम को मंत्री सत्यानंद भोक्ता,आलमगीर आलम समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

अब खुद बिजली उत्पादन करेंगे

केन्द्र सरकार द्वारा बिजली का 1200 करोड़ रुपए झारखण्ड का ले लिया गया और बिजली उपलब्ध कराने में भी कटौती की जाती रही। लेकिन राज्य सरकार जल्द खुद का बिजली संयंत्र लगाने की कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही है। झारखंड से केंद्र सरकार कोयला लेती है। अगर झारखंड का बकाया रहता है तो लाइन कटना शुरू हो जाता है। जो फंड केंद्र सरकार रोके हुए है उसे नहीं दिया जा रहा। केंद्र सरकार को अपने बकाए की चिंता रहती है, लोगों को चिंता नही है। अब राज्य सरकार खुद से बिजली उत्पादन करने के प्रयास में है। ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

सुशासन में सत्ता विरोधी लहर शब्द अप्रासंगिक हो जाता है

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश ने नकारात्मकता को नकारा है। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद भाजपा को तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत मिला है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस के हाथ से सत्ता छीन ली है। उन्होंने कहा कि जब सुशासन होता है तो सत्ता विरोधी लहर शब्द अप्रासंगिक हो जाता है। इस पर शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे विधानसभा चुनावों में हार की निराशा संसद के अंदर न निकालें और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि इससे उनके प्रति लोगों का नजरिया बदल सकता है। पीएम ने कहा कि ये विपक्ष में बैठे हुए साथियों के लिए सुनहरा मौका है।

लोकतंत्र में विपक्ष भी महत्वपूर्ण

पीएम मोदी ने कहा, लोकतंत्र में विपक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है और उसे सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, 2047, देश विकसित होने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहता, समाज के हर वर्ग की यही भावना है। इस भावना का सम्मान करते हुए सभी सदस्य संसद की कार्यवाही को आगे बढ़ाएं, ये मेरा उनसे आग्रह है। प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों की चार 'जातियों' के सशक्तिकरण के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हैं, उन्हें भारी समर्थन मिलता है।

लालदुहोमा बनेंगे मुख्यमंत्री

मिजोरम में जेडपीएम को बहुमत

एजेंसी। आइजोल

पूर्व आईपीएस अधिकारी से नेता बने लालदुहोमा के नेतृत्व वाले जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सोमवार को मिजोरम में पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को करारी शिकस्त दी। मिजोरम के निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा हार स्वीकार करते हुए शाम राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मिलकर अपना त्यागपत्र सौंप दिया। जेडपीएम ने 40 सदस्यीय विधानसभा में 27 सीटें जीत कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। जेडपीएम के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पूर्व आईपीएस लालडुहोमा ने अपनी सीट जीतने के बाद मीडिया को बताया कि वह मंगलवार या बुधवार को राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे और शपथ ग्रहण समारोह भी शीघ्र होगा। सत्तारूढ़ एमएनएफ (मिजो नेशनल फ्रंट) को दस सीटों पर जीत मिली है जबकि भाजपा को दो और कांग्रेस को महज एक सीट पर जीत मिली है।

जबकि कांग्रेस ने कई वर्षों तक पहाड़ी सीमावर्ती राज्य पर शासन किया है। विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भगवा पार्टी में शामिल हुए पूर्व एमएनएफ मंत्री के. बेइचुआ और उनके पार्टी सहयोगी के. ह्मामो ने क्रमशः अपनी सियाहा और पलक सीटें जीतीं। भगवा पार्टी के दोनों उम्मीदवारों ने अपने एमएनएफ विरोधियों को हरा दिया। मिजोरम विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष लालरिनलियाना सेलो, जो चुनाव से कुछ दिन पहले एमएनएफ छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे, अपनी ममित सीट एमएनएफ उम्मीदवार एच. लालजिरलियाना से हार गए।

एमएनएफ को 2018 के चुनावों में 40 सदस्यीय विधानसभा में से 26 सीटें मिलीं थीं, जबकि जेडपीएम को आठ सीटें मिली थीं। पिछले चुनाव में कांग्रेस को पांच सीटें मिली थीं और भाजपा एक सीट जीतने में कामयाब रही थी। जेडपीएम के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालडुहोमा ने बहुकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम एमएनएफ प्रतिद्वंद्वी जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,983 मतों के अंतर से हराकर अपनी सेरछिप सीट बरकरार रखी। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया में महिलाओं सहित चार हजार से अधिक अधिकारी लगे हुए थे। इन अधिकारियों को 11 जिलों के 13 केंद्रों के तहत 40 मतगणना हॉलों में तैनात किया गया था। पुलिस महानिदेशक अनिल शुक्ला ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य भर में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और मिजोरम सशस्त्र पुलिस की पर्याप्त टुकड़ियों को तैनात किया गया है।

8.57 लाख मतदाताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक ने 16 महिलाओं सहित 174 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), मुख्य विपक्षी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था।

भाजपा मुख्यालय में गहमागहमी बढ़ी

सीएम के नामों पर हो सकता है फैसला

नई दिल्ली। भाजपा मुख्यालय में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मिली जीत के बाद हलचल तेज हो चली है। माना जा रहा है कि इन राज्यों के मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा के लिए आज दिन भर बैठकों का दौर चलेगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शाम को बैठक बुलाई है जिसमें मुख्यतौर पर राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा करने के साथ साथ इन राज्यों के पर्यवेक्षकों के नाम तय किए जा सकते हैं। यह पर्यवेक्षक विधायक दल के साथ समन्वय करेंगे। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा के लिए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अलवर सीट से सांसद और तिजारा विधानसभा सीट से जीते बाबा बालक नाथ को दिल्ली बुला लिया गया है। इन तीनों राज्यों के विधायकों में मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा की जा रही है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में इन राज्यों में किसी भी मुख्यमंत्री चेहरे के साथ चुनाव नहीं लड़ा।

धनबाद जेल में हिस्ट्रीशीटर की हत्या पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

सरकार से पूछा, जेल में कैसे पहुंचे आर्म्स

आईजी प्रिजन को आज वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को कहा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद जेल के भीतर गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि जेल में फायर आर्म्स कैसे पहुंचा और जेल की सुरक्षा में चूक की वजह क्या है? चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को राज्य के आईजी प्रिजन को वर्चुअल मोड में कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को कहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार इस घटना की समीक्षा कर रही है। पुलिस के आला अधिकारी वहां गए हुए हैं और जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। आईजी प्रिजन भी घटना स्थल पर गए है, वहां से लौटने के बाद वे घटना के संबंध में रिपोर्ट देंगे।

बता दें कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोपी शूटर अमन सिंह को 3 दिसंबर की दोपहर जेल के भीतर गोलियों से छलनी कर दिया गया था। यूपी निवासी अमन मई 2021 से इस जेल में बंद था। उसे यूपी के मिजार्पुर जेल के पास गिरफ्तार किया गया था। अमन के खिलाफ धनबाद में हत्या, अपहरण, रंगदारी और फिरौती वसूली के 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जेल में हुए गैंगवार के धनबाद के डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार सहित जिले के तमाम आलाधिकारी धनबाद मंडल कारा पहुंचे थे। ▸▸ अन्य खबर 04 पर

तीन सदस्यीय जांच दल का गठन

धनबाद मंडल कारावास में हुई गोली कांड मामले में जांच के लिए जेल आइजी उमाशंकर सिंह ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। समिति के सदस्य धनबाद रवाना हो गए हैं। तीन सदस्यीय कमेटी में दो जेल एआइजी स्तर के पदाधिकारी भी शामिल हैं। जेल आइजी ने कहा है कि इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। कैसे जेल में हथियार पहुंचा, जेल में किस पदाधिकारी-कर्मी की ओर से लापरवाही बरती गई। इन सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है। कहा, जिन लोगों की लापरवाही जांच में सामने आएगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तो होगी ही उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। धनबाद जेल में हुए गोली कांड मामले में धनबाद के डीसी व एसएसपी के स्तर से भी मजिस्ट्रेट के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

जेल से दो पिस्टल बरामद किए गए

धनबाद मंडल कारा के सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद जेल परिसर से दो पस्टिल बरामद किए गए हैं। वहीं जेल में छापेमारी के दौरान अठारह हजार रुपये और छह मोबाईल भी जब्त किए गए हैं।

एग्जिट पोल्स के दावे एग्जैक्ट पोल से कितने दूर कितने पास?

भारत में चुनाव परिणामों से पहले ज्योतिषीय भविष्यवाणी की तरह एग्जिट पोल यानी जनमत संग्रह पर आधारित कई तरह के सर्वेक्षण किए जाते हैं जिसकी उत्सुकता राजनेताओं, टीवी चैनलों और बहुत बड़ी संख्या में आम जनता को रहती है। कई बार ऐसे कथित जनमत संग्रह पर आधारित एग्जिट पोल गलत भी साबित हुए हैं और पक्षपात के भी आरोप लगे हैं जिससे विवाद न्यायालयों से लेकर चुनाव आयोग तक जा पहुंचा, जिस कारण चुनावपूर्व और चुनाव संपन्न होने तक इनके प्रचारझ्रप्रसार पर रोक के प्रयास भी हुए पर सनसनी और समाचारों की भूख इसपर रोक नहीं लगा पाई।

सुनील बादल

हिंदी के सबसे तेज चैनल ने महीनों तक समाचारों के साथ नीचे घूमती पट्टी चलाई कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बारे में उन्होने न कोई सर्वे कार्या है और न ही उसका प्रसारण क्योंकि बेरोकटोक चल रहे कुछ फर्जी यूट्यूब चैनलों ने इस तरह के सर्वे की रिपोर्ट चला दी थी। भारत में जनमत एकत्र कर उनका विश्लेषण करने वाली एजेंसियों में चाणक्य, सी-वोटर और माइ एक्सिस जैसी कुछ ऐजेंसियां काफी लोकप्रिय हैं। लेकिन आप अगर ताजा विधानसभा चुनावों को लेकर इन तीनों एजेंसियों के एग्जिट पोल की तुलना करें तो जमीन आसमान के जैसा अंतर नजर आता है।

एबीपी सी-वोटर मध्य प्रदेश में भाजपा को 88 से लेकर 112 सीट और कांग्रेस को 113 से लेकर 137 के बीच सीटें दे रहा था तो चाणक्य भाजपा को 151 और कांग्रेस को मात्र 74 सीटें दे रहा था। राजस्थान में भी वही हाल था । वहां एबीपी सी-वोटर भाजपा को 94 से लेकर 114 सीट तक और कांग्रेस को 71 से 91 तक सीटें दे रहा था जबकि चाणक्य के अनुसार राजस्थान में भाजपा को 89 और कांग्रेस को 101 सीटें मिल रही थीं ।

ऐसा ही विरोधाभास अन्य एजेंसियों के एग्जिट पोलों में भी है। जब स्वयंभू जनता की नब्ज टटोलू एजेंसियों में इतना भारी अन्तर हो तो फिर वोटर आखिर विश्वास करे तो करे किस पर? एग्जिट पोलों से अक्सर चुनाव परिणामों से पहले जनता की रुचि का रुझान पता चल जाता है। लेकिन ऐसे भी कई उदाहरण हैं जबकि एग्जिट पोल चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी करने में पूरी तरह झूठे साबित हुए हैं। अभी संपन्न चुनाव परिणामों और एग्जिट पोल पर नजर डालें तो छत्तीसगढ़ में किसी ने भी भाजपा को भारी बहुमत की भविष्यवाणी नहीं की थी। कई सर्वेक्षणकर्ताओं ने तेलंगाना और राजस्थान चुनावों के लिए जो भविष्यवाणी की थी, वह सही साबित हुई। छत्तीसगढ़ को लेकर सही साबित नहीं हुआ सर्वेक्षण। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ने अपने एक्जिट पोल में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत के साथ 46 से 56 सीटें और भाजपा को 30 से 40 के बीच सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। न्यूज 24-टुडेज चाणक्य का सर्वेक्षण भी छत्तीसगढ़ को लेकर सही साबित नहीं हुआ। उसने कांग्रेस द्वारा 57 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने की भविष्यवाणी की थी जबकि भाजपा को 33 सीटें मिलने की बात कही गई थी। जन की बात के मुताबिक भाजपा को 34 से 45 और कांग्रेस को 42 से 53 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की गई थी।

ओपिनियन पोल की विश्वसनीयता पर संकट

ओपिनियन पोल तो लगता है राजनीतिक दलों के चुनावी प्रोपेगेंडा के ही हिस्से हो गए हैं। सर्वेक्षण तकनीकों का सैद्धांतिक आधार विज्ञान के जिस मॉडल पर टिका है उसकी मान्यता अब लगभग खत्म सी हो गई है। ऑब्जेक्टिव नॉलेज या वस्तुनिष्ठ ज्ञान का दावा तो अब विज्ञान में भी नहीं किया जा रहा है फिर सामाजिक विषयों के अध्ययन में इसे कैसे इसे महत्व दिया जा सकता है.क्या किसी व्यक्ति की सामाजिक और राजनीतिक सोच या व्यवहार को संख्या में बदला जा सकता है? और यदि कर भी दिया जाए तो क्या उसके पूर्वाग्रह से मुक्त होने का दावा किया जा सकता है? और सवाल ये भी है कि क्या इस दावे के आधार पर देश में होने वाले चुनावी सर्वेक्षणों को सही माना जा सकता है? भारत की विशालता और विविधता को देखते हुए चुनावी सर्वेक्षणों में नमूनों की जितनी बड़ी संख्या ली जा रही है, उस आधार पर आंकड़ों के गणितीय अध्ययन की शाखा सांख्यिकी के नियमों के आधार पर भी उसे स्टैंडर्ड या पर्याप्त मानना उचित नहीं हो सकता है। और उस आधार पर चुनाव के संभावित परिणाम पर बात करना मुश्किल है।

जनमत सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध की उठ चुकी है मांग

पूर्व अटॉर्नी जनरल जीई वाहनवती ने सरकार को सलाह दी थी कि चुनाव या जनमत सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने 4 नवंबर 2013 को कहा था कि चुनाव आयोग चुनाव सर्वे पर तभी प्रतिबंध लगा सकता है जब इस संबंध में कोई कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव सर्वेक्षण, अगर वैज्ञानिक और ईमानदार हों तो यह बुरा नहीं है। बीजेपी के पीएम पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने 5 नवंबर, 2013 को जनमत सर्वेक्षण पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के रुख को बचकाना करार दिया था।

पूर्व सीएम मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपी कोर्ट में हुए पेश

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित कोर्ट में सशरीर पेश हुए। आरोपितों में मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े, विनोद सिन्हा शामिल थे। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपितों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ ट्रायल पर रोक का आदेश दिया है। इसलिए अन्य आरोपितों के मामले भी फिलहाल स्थगित की जाए। आरोपितों का आग्रह सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच जनवरी की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी अधिवक्ता भानु ने दी।

एक नजर

झखरा स्थल की घेराबंदी का विधायक ने किया शिलान्यास

मांडर। सुरसा में झखरा स्थल की घेराबंदी का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। शिलान्यास करने से पूर्व, विधायक ने सरना स्थल मे पानी ढालकर एवं माथा टेक्कर मांडर की जनता की सुख समृद्धि और लंबे जीवन के लिए प्रार्थना की । ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने झारखंड सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और उनका लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने को कहा। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, शमीम अंसारी, अर्जुन महतो, अनुप राम, इंदु तिग्गा, चिंतामणि उरांव, पंचायत अध्यक्ष उदय उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

ईडी के दूसरे समन पर भी हाजिर नहीं हुए गजेंद्र सिंह

रांची। झारखंड सरकार के सहायक उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह सोमवार को ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। गजेंद्र सिंह को ईडी ने दूसरा समन भेजकर सोमवार को दिन के 11 बजे एजेंसी के कार्यालय बुलाया था। लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। ईडी ने शराब के थोक कारोबार की जांच के क्रम में पहली बार गजेंद्र सिंह को 28 नवंबर को तलब किया था। उनसे एजेंसी ने टेंडर से जुड़े दस्तावेज, राजस्व संबंधी दस्तावेज, वित्त विभाग के पत्र की मांग की थी। लेकिन तब गजेंद्र सिंह ने ईडी को पत्र लिखकर बताया था कि सरकार का आदेश नहीं मिलने की वजह से वह एजेंसी को दस्तावेज नहीं दे रहे। साथ ही उन्होंने सरकार के आदेश के बगैर आने में असमर्थता जतायी थी। लेकिन सोमवार को उन्होंने एजेंसी से कोई पत्राचार नहीं किया।

सिल्ली स्टेडियम व कई विद्यालय होंगे सोलर एनर्जी से जगमग

सिल्ली। विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली में बिजली की समस्या एवं भविष्य की जरुरतों को देखते हुए सिल्ली स्टेडियम, सरकारी भवन समेत विधानसभा क्षेत्र के कई हाईस्कूलों में सोलर एनर्जी लगाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके साथ ही अब सिल्ली स्टेडियम समेत विधानसभा के कई हाईस्कूल सोलर एनर्जी से जगमगाते नजर आएंगे। इसको लेकर विधायक ने ज्रेडा के निदेशक को आवश्यक पहल करने की निर्देश दिया है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक ने सौर ऊर्जा को आज की जरूरत के हिसाब से सबसे बेहतर विकल्प बताया है।

हजारों कर्मियों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर किया विशाल प्रदर्शन

न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रुपये किया जाए

- रैली में शामिल लोगों ने राजभवन के समक्ष की नारेबाजी
- सहिया, बीटीटी, एसटीटी, पैरामेडिकल कर्मियों, एएनएम के लिए संवर्गीय नियमावली बनाई जाए
- मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी करते हुए प्रोन्नति भी दिया जाए

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर हजारों की संख्या में राज्य भर के सरकारी, संविदा और मानदेय कर्मी सोमवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी में जुटे। जिसके बाद अपनी मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए शांतिपूर्ण रैली निकाली। मोरहाबादी से निकली रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुए राजभवन के समक्ष पहुंची। रैली की पूर्वसूचना को देखते हुए राजभवन के समक्ष भारी संख्या में पुलिस की बंदोबस्ती की गयी थी। रैली में शामिल लोगों के राजभवन के समक्ष पहुंचने पर पुलिस ने सभी को आगे जाने से रोक दिया। जिसके बाद सभी कर्मी वहीं पर बैठक गये।

इसके बाद अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी कर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार राज्य कर्मियों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। बार बार गुहार लगाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गयी, जिस कारण हमलोगों को सड़क पर उतरना पड़ा। संयुक्त मंत्री सुशांत कुमार साहू ने कहा कि हमारी मुख्य मांग है कि तृतीय वर्ग के सभी राज्य कर्मियों, जिनमें लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व उप निरीक्षक व अन्य हैं। उनका न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रुपये किया जाए। चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग के रिक्त कुल पदों के 50 फीसदी पद पर प्रोन्नति दी जाए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सहिया, बीटीटी, एसटीटी, पारामेडिकल कर्मियों, एएनएम के लिए संवर्गीय नियमावली बनाई जाए। पद के अनुरूप वेतन, मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी करते हुए प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जाए साथ ही नियमित किया जाए। हमारी इन मांगों पर सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है।

जिस कारण बाध्य होकर हमलोगों को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा है। सभा का संचालन प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन ने की।

राज्यभर के इन कर्मियों की रैली में रही भागीदारी

राज्य के लिपिक, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, समाहरणालय कर्मी, चतुर्थ वर्ग कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहिया, सहिया साथी, पैरामेडिकल कर्मियों, एसटीटी, बीटीटी, जल सहिया, पशुपालन, एआई वर्कर, एमपीडब्लू, एनएचएम कर्मी, अनुबंध आधारित, संविदा एवं मानदेय कर्मी शामिल थे।

ये हैं संघ की मुख्य मांगें

राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 65 वर्ष करने, जनवरी 2020 से जून 2021 तक का बकाया महंगाई भत्ता का भुगतान करने, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के लिए निर्गत नियमावली में त्रुटि सुधार किया जाए। केंद्रांश की राशि में बढ़ोतरी करते हुए बकाया सहित नियमित भुगतान किया जाए। रिम्स के कर्मियों को पुरानी भविष्य निधि योजना में शामिल किया जाए। यहां के कर्मचारियों के लिए निर्गत नियमावली में सुधार करते हुए एम्स नई दिल्ली के कर्मचारियों के समान नियमावली सुविधा और भत्ता लागू करने सहित अन्य मांगें शामिल है।

रैली में हुए शामिल

अशोक कुमार, वीरेंद्र कुमार, हरलाल महतो, तपेश्वर प्रसाद, गायत्री देवी, शिव कुमार, मनोरंजन निराला, जितेन्द्र, सचिन्द्र प्रसाद, सुनीता खलखो, जय कुमार सिन्हा, अमरनाथ, अग्रधनी महतो, महावीर महतो, सदानन्द, जीत वाहन माझी, संतोष कुमार झा, बालेश्वर यादव, महेन्द्र नारायण सिंह, बिमल किशोर सिन्हा, रामजी सिंह, भरत यादव, राजकुमार लाल, सपन कुमार, सहदेव प्रसाद, सीताराम सिंह, विकास कुमार सिन्हा, नवीन प्रमाणिक, सहित हजारों लोग शामिल थे।

ओरमांझी प्रखंड कार्यालय के समक्ष रोजगार सेवकों ने दिया धरना

चान्हो। चान्हो प्रखंड के दो ग्राम रोजगार सेवकों और एक कनीय अभियंता पर एकतरफा कार्रवाई करने के विरोध में ओरमांझी प्रखंड के ग्राम रोजगार सेवकों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार किया। रोजगार सेवकों ने प्रखंड कार्यालय के बाहर धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया।

सड़क जाम में फंसा शहर, घंटों परेशान रहे लोग

झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की रैली और राजभवन के समक्ष धरना व सभा के कारण सोमवार की दोपहर शहर के एक हिस्सा पूरी तरह जाम के आगोश में रहा। हजारों की संख्या में राज्य के कर्मियों के सड़क पर उतरने के कारण मोरहाबादी, बुटी रोड, करमटोली चौक, रणधीर वर्मा चौक, रेडियम रोड, कचहरी चौक, सरकुलर रोड से लेकर लालपुर चौक तक पूरी तरह जाम रहा। वहीं कचहरी रोड, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में भी वाहनों को रेंगते देखा गया। राजभवन के पास धरना के कारण कांके रोड, रातू रोड, अपर बाजार, गौशाला चौक के साथ हरमू रोड में घंटों जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान वाहन सवार लोगों के साथ पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में जाम के दौरान स्कूल बसों के फंस जाने से बच्चें और उनके अभिभावक परेशान देखे गये।

सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

दूसरी कोर्ट में केस ट्रांसफर करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके मामले को दूसरी बेंच में हस्तांतरित करने का निर्देश देते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और अधिवक्ता पार्थ जालाने ने अदालत में उनका पक्ष रखा। यह मामला गोड्डा में सड़क जाम करने से जुड़ा हुआ है। निशिकांत दुबे के खिलाफ जिला प्रशासन ने वर्ष 2010 में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। जिसे रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

राज्यपाल ने चंद्रप्रभु जैन मंदिर में की पूजा-अर्चना

नवीन मेल संवाददाता
रांची/गिरिडीह। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को गिरिडीह डुमरी रोड के बराकर नदी तट स्थित 400 करोड़ की लागत से नवनिर्मित रिजूबालिका तीर्थ चंद्रप्रभु जैन मंदिर पहुंचे। जैन मुनि आचार्य सूरी जी महाराज के सानिध्य में विधि विधान के साथ भगवान महावीर की पूजा-अर्चना की। आचार्य सूरी जी महाराज का आशीर्वाद भी लिया। राज्यपाल सुबह करीब नौ बजे ही चंद्रप्रभु मंदिर पहुंचे थे। राज्यपाल ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और नवनिर्मित मंदिर की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा की खुद भगवान महावीर ने इसी रिजु बालिका तीर्थ में कैवल्य प्राप्त किया था। ऐसे में ये स्थल काफी मायने रखता है। उनका प्रयास होगा कि वे दुबारा इस धार्मिक स्थल पर पहुंचे। राज्यपाल के साथ अनुष्ठान में गिरिडीह के नवीन सेठ्ठी और उनकी पत्नी स्नेह सेठी के साथ गुजरात के नंद प्रसाद परिवार भी शामिल हुए थे। राज्यपाल इस दौरान जैन समाज के गुजरात के नंद प्रसाद परिवार द्वारा बने इस भव्य रिजू बालिका तीर्थ मंदिर के लोकार्पण समारोह के चौथे दिन सारे अनुष्ठान में शामिल हुए।

'रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने में राज्य सरकार पूरी तरह विफल'

घर वापसी समारोह में डॉ अशोक नाग समर्थकों के साथ आजसू में हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आजसू पार्टी के मिलन समारोह में पार्टी के पूर्व नेता डॉ अशोक नाग ने झामुमो छोड़ आजसू में घर वापसी कर ली है। उनके साथ दर्जनों समर्थकों ने भी आजसू की सदस्यता ग्रहण की। आजसू में शामिल हुए डॉ अशोक नाग सहित सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने माला पहनाकर स्वागत किया। हरमू स्थित प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को आयोजित आजसू पार्टी के घर वापसी कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार नाग ने कहा कि झारखंड के युवा अब जाग चुके हैं। राज्य के मुख्यमंत्री के जुमलों से परेशान होकर आजसू की तरफ अपना रुझान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार अपने वादों को भूल चुकी है और हर दिन युवाओं को ठगने का कार्य करती है। आज झारखंड में बेरोजगारी, अपराध और लूट खुलेआम हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर विभाग में खुलेआम रिश्वतखोरी चल रही हैं। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और डॉ देवशरण भगत के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए उनके विचारों से अवगत होते हुए पार्टी की विचार धारा के साथ जुड़ने का संकल्प लिया। श्री महतो ने कहा है कि सीएम के दावे, वादे और भाषण झूठ का पुलिंदा हैं। सरकार में रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल है। यही वजह है कि झारखंड के आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर हैं। जिसमें युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। आजसू में घर वापसी करने वालों में अमरनाथ, डॉ रंजय, राकेश कुमार सिन्हा, सुमित कुमार, राजमणी, देवाशीष, विक्रांत कुमार, राहुल कुमार, ज्ञानरंजन सिंह, नीलम सिंह, पल्लवी मिश्रा, अनन्मा प्रिया, शैली उपाध्याय, निमिषा सिन्हा, आदित्य कुमार, राजू उरांव, दीपक उरांव, तरूण मुंडा एवं नेहा किस्को आदि शामिल हैं।

सेवामुक्त मनरेगाकर्मियों ने मांगा विधायक से समर्थन

नवीन मेल संवाददाता
चान्हो/रांची। संविदा रोजगार सेवक व जेई की सेवा समाप्ति के आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर खिजरी के विधायक राजेश कच्छप से मिला मनरेगा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल। चान्हो प्रखंड के दो रोजगार सेवक व एक कनीय अभियंता की कथित गलत तरीके से संविदा समाप्त करने के विरोध में रांची जिला के मनरेगाकर्मियों का कार्य बहिष्कार व अनिश्चित कालीन हड़ताल छठे दिन भी जारी रहा। मनरेगाकर्मियों का कहना है कि उन्हें मनरेगा के लोकपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर पौधरोपण कार्य से जुड़े 16 पदाधिकारियों व कर्मियों पर अर्थदंड लगाने व अर्थदंड का भुगतान करने के बाद सिर्फ दो रोजगार सेवक एवं एक कनीय अभियंता को बलि का बकरा बनाये जाने की पूरी जानकारी दी। राजेश कच्छप ने इनकी बातों को गंभीरता से सुना और मौके से ही दूरभाष पर विभागीय पदाधिकारी से बात की। श्री कच्छप ने कहा कि वह मनरेगाकर्मियों की पीड़ा को समझते हैं। बर्खास्त कर्मियों की सेवा वापसी के लिए वह विभागीय पदाधिकारी, मंत्री एवं सीएम से बात करेंगे जिससे भुक्तभोगी को न्याय मिल सके।

मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गांवों में चलाया जनजागरूकता अभियान

सोनाहातू। प्रखंड क्षेत्र के कुड़ीयामु में 'द हंस फाउंडेशन' मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम रांची की ओर से रविवार को विश्व विकलांग दिवस पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कहा गया कि विश्व विकलांग दिवस पर पूरे सप्ताह जन-जागरूकता अभियान चलेगा। निशक्तजनों की सहायता एवं नैतिकता को बढ़ाने के लिए साथ ही साथ विकलांगजनो के लिए बराबरी के अधिकारों को सक्रियता से प्रसारित करने के लिए उदेश्यपूर्ण तरीके से जनजागरुकता किया गया। हमारे मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा कैंप वाले चयनित गांव में जाकर समुदाय के बीच, स्कूल में एवं घर घर जाकर निशक्तजनों को समाज में बराबरी का बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित दिया गया। साथ ही साथ कैंप के दौरान हमारे मेडिकल टीम द्वारा उनको स्वास्थ्य जानकारी एवं अन्य स्वास्थ्य दिक्कतों को निवारण करने के लिए समन्वय स्थापित किया गया और उनकी सूची बनाई गई। हंस मोबाइल मेडिकल टीम के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा जनजागरुकता रैली का भी आयोजन किया गया एवं समुदाय के लोगो के बीच शपथ भी दिलवाया गया।

पंडरी में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

चान्हो। प्रखंड के पंडरी पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के तौर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मो. इश्तेयाक उपस्थित थे। उन्होंने लोगों को बताया कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी और कहा कि पूर्व में ग्रामीण प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा-लगा कर थक जाते थे, लेकिन वर्त्तमान सरकार ने निश्चय किया कि अब सरकार गांव एवं कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया जाएगा। शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। साथ ही कार्यक्रम में कंबल/धोती साड़ी वितरण किया। स्कूल के बच्चों एवं जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को चेक सौंपे गए। मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, मुखिया जयनाथ भगत पंचायत समिति सदस्य रफत परवीन पंचायत अध्यक्ष तजमूल अंसारी वार्ड सदस्य शहीम अंसारी कौसर जहां लाइक अहमद मोजिब अंसारी थे।

बाबूलाल मरांडी ने बोकारो में भूमि घोटाले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई को लेकर डीजीपी को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को बोकारो में जमीन घोटाले मामले में बोकारो पुलिस की जांच पर चिंता जाहिर करते डीजीपी को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि जनहित और राज्य हित में जमीन घोटाले की विस्तृत जांच हो। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने और एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दें। बाबूलाल मरांडी के मुताबिक बोकारो में वन क्षेत्र की भूमि के मामले में मो इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन का नाम सामने आया है। फर्जी कागजातों के जरिये मौजा तेतुलिया, थाना चास, थाना संख्या-38 के प्लॉट संख्या 426, रकबा 40.60 एकड़ एवं प्लॉट सं 450, रकबा 66.60 एकड़ भूमि पर कब्जा के मामले में साजिश रची। यह मामला बोकारो वन प्रमंडल की वन भूमि को इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन द्वारा जाली दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से हड़पे जाने से है। मरांडी ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद बोकारो पुलिस की कार्रवाई को लेकर चिंता जाहिर की है। उसे संदेहास्पद बताया है। उनके मुताबिक वन विभाग द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के अनुरोध पर मुकदमा दर्ज किए बिना ही आइओ ने बिना वन विभाग के पक्ष जाने जांच रिपोर्ट जमा कर दी। बीएसएल के अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से संबंधित भूखंड को अधिग्रहित बताते हुए जांच रिपोर्ट में अपना मंतव्य दिया है। राज्य में जमीन घोटालों का जिक्र करते बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जमीन घोटालों से जुड़े कई सनसनीखेज मामले सामने आ चुके हैं। संभव है कि इतने बड़े जमीन घोटाले के तार भी कई रसूखदार और सफेदपोशों से जुड़े हों। ऐसे में इस संबंध में जिला वन पदाधिकारी, बोकारो द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में एफआईआर दर्ज किया जाना आवश्यक है।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,खूँटी
(जिला निर्वाचन शाखा)

शुद्धि पत्र

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में **अल्पाहार एवं भोजन सामग्रियों** की आपूर्ति के लिए दर निर्धारित हेतु प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति PR **312290** (Election) 23-24 (D) अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, खूँटी

PR 312651 Election(23-24).D

राजनीति झारखंड की सियासत पर असर डालेंगे छग के चुनावी नतीजे

'सरकार पर बढ़ेंगे भाजपा के हमले'

नवीन मेल संवाददाता। रांची
छत्तीसगढ़ के चुनावी नतीजे की हवा झारखंड की सियासत पर भी असर डालेगी। भाजपा यहां अब सत्तारूढ़ झामुमो सरकार पर और हमलावर तेवर अपनाएगी।
हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में जीत के बाद झारखंड में भाजपा को जोश की एक नई खुराक मिली है। दूसरी तरफ राज्य में झामुमो-कांग्रेस-राजद के सत्तारूढ़ गठबंधन को भी इस बात का एहसास है कि उसे भाजपा की ओर से जबरदस्त चुनौती मिलने वाली है। झारखंड के भाजपाई छत्तीसगढ़ के चुनावी नतीजों से सबसे ज्यादा उत्साहित हैं। झारखंड और छत्तीसगढ़ पड़ोस के राज्य हैं और दोनों राज्यों की परिस्थितियों में काफी समानता है। दोनों राज्यों में आदिवासियों की खासी आबादी है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी आबादी जहां 33 फीसदी है, वहीं झारखंड में 26-27 फीसदी। दोनों राज्यों का गठन 23 साल पहले एक ही साथ हुआ। नक्सलवाद की समस्या दोनों राज्यों में कमोबेश एक समान है। छत्तीसगढ़ की जीत से भाजपा को आदिवासी वोटरों को साधने का मंत्र मिल गया है।
पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की 28 आदिवासी सीटों में से 26 पर हारने की वजह से सत्ता से बाहर हो गई थी। इस बार पार्टी का फोकस आदिवासी सीटों पर है। इसके लिए विशेष रणनीति पर काम भी शुरू हो चुका है। सनद रहे कि छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के चुनाव के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा जयंती के मौके पर झारखंड के खूंटी पहुंचे थे और उन्होंने आदिवासियों के विकास एवं कल्याण के लिए 24,000 करोड़ रुपए की योजनाओं का ऐलान किया था। सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन के मुकाबले भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरे के तौर पर पेश किया जा रहा है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

Category-II के बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना

क्र०	बालू घाट का नाम	प्रखण्ड	प्लॉट नं०	रकबा (हे० में)	Yearly Production on as per EC limit (CFT)	e- Tender Reference No. :-	वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	ई– निविदा खोलने की तिथि	नियम एवं शर्तें	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता
			Category- A								
1.	बुढ़ीरोमा	कर्रा	प्लॉट सं०– 221 (अंश)	1.74	6,91,163	21/KHN/2023	05.12.2023	11.12.2023 14:00 बजे तक	12.12.2023 14:00 बजे	JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप	उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, खूँटी।
2.	रामजय	तोरपा	प्लॉट सं०– 101 (अंश)	1.50	4,03,888	23/KHN/2023					
3.	दियांकेल कसमार	तोरपा	प्लॉट सं०– 01 (अंश), 2216 (अंश)	5.60	17,76,379	22/KHN/2023					
4.	सारगेया	अड़की	प्लॉट सं०– 01 (अंश)	6.28	29,89,810	24/KHN/2023					
			Category- B								
1.	बारीगाड़ा	अड़की	प्लॉट सं०– 01 (अंश), 2827	23.34	1,02,44,934	25/KHN/2023					

नोटः– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A एवं Category- B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह०/उपायुक्त,
खूँटी

PR312611 (Mines and Geology)23-24*D

एक नजर

एडीजी ने की डायल 112 की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

रांची। पुलिस मुख्यालय में एडीजी अभियान संजय आंनद राव लाठकर ने सोमवार को डायल 112 को लेकर जिले के एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डायल-112 से संबंधित कार्यों के निष्पादन की समीक्षा की गयी। एडीजी ने बताया कि के रिस्पांस टाइम कम करने को लेकर समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दुमका जिले में 70 घंटे में रिस्पांस टीम पहुंच रही है। जबकि अन्य जिले में एक से डेढ़ घंटे में रिस्पांस टीम पहुंच रही है। एडीजी ने बताया कि रिस्पांस टाइम कम करने के लिए कई निर्देश दिये गये है। उन्होंने एसपी को सप्ताह में एक दिन निरीक्षण करने और डीएसपी को सप्ताह में दो बार निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। हर रोज रिव्यू करें कि कितने केस पेडिंग है, कितने केस आये। उन्होंने बताया कि कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी पायी गयी है। साथ ही टैब को ओडी पदाधिकारी के पास देने को कहा गया है। इसके अलावा कहीं बैटरी, यूपीएस, जेरनेटर की कमी है।

निगम के दो वार्डों में 66 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा

रांची। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 15 और वार्ड नंबर 16 में कुल 84 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 257 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते हैं।

पिता ने केटीएम बाइक नहीं खरीद दी तो बेटा ने वही बाइक चोरी की

रांची। धुर्वा में हुई बाइक लूट मामले में पुलिस ने दो छात्रों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारी दी। आरोपियों ने पिछले दिनों धुर्वा डैम घूमने आए व्यक्ति की बाइक लूट ली थी। इस संबंध में पीड़ित शख्स ने धुर्वा थाना में मामले की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। जिसमें पुलिस को को सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी धुर्वा थाना क्षेत्र से हुई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट की बाइक के साथ अपराध में प्रयुक्त स्कूटी को ड्डी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के पूछताछ में खुलासा हुआ है कि धुर्वा डैम घूमने आए व्यक्ति से केटीएम बाइक इसलिए लूटी गई थी।

चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' दिखाने लगा असर

रांची समेत कई जिलों में होगी झमाझम बारिश

राज्य के कई हिस्सों में छाए रहेंगे बादल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' का असर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में दिखने लगा है। राजधानी में तो सोमवार की शाम बूंदा-बांदी भी हुई। राज्य के अन्य जिलों में भी मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। हवा की दिशा में बदलाव आने से आसमान में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। कहीं कहीं हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। जिसका प्रभाव मंगलवार से पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो कम दबाव का प्रभाव सोमवार की शाम के बाद चक्रवाती तूफान के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश व इससे सटे उत्तरी तमिलनाडु तटों को पार कर सकता है। इसके अलावे मंगलवार से झारखंड के अधिकतर जिलों में वर्षा होने की संभावना है। राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में आने वाले कुछ दिनों के बीच यहां के न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि होगी, इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। रविवार को कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहने का पूवार्नुमान है।

कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा होने की संभावना : राज्य में 3 और 4 दिसंबर को सुबह के समय हल्का या मध्यम कोहरा या धुंध छाए रहेंगे। इसके बाद आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा। 5 दिसंबर को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा में कुछ जगहों पर हल्की और मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 6 दिसंबर को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं 7 दिसंबर को झारखंड के दक्षिणी भाग में अलग अलग जगहों पर हल्की वर्षा भी हो सकती है।

सुनील अग्रवाल बने हिन्दू जागरण मंच बरियातू मंडल के अध्यक्ष

रांची। हिन्दू जागरण मंच बरियातू मंडल का गठन बरियातू स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को संपन्न हुआ। मंडल का गठन महानगर अध्यक्ष चन्दन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष सुजीत सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सभी की सर्वसम्मति से सुनील अग्रवाल को बरियातू मंडल अध्यक्ष और मानव सिंह मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया। मंडल गठन के दौरान सौरभ मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर मिश्रा को मठ-मंदिर सुरक्षा प्रमुख, विशाल रजक को युवा वाहिनी प्रमुख, सत्यम मिश्रा और ज्योतिष शाह को मंत्री, मानदेव भगत को विधि प्रमुख एवं राकेश जयसवाल को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

प्रभु यीशु के आगमन की तैयारी में गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची
ईसाई विश्वासियों ने क्रिसमस की तैयारी शुरू कर दी है। क्रिसमस को लेकर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना शुरू हो गयी है। पुरुलिया रोड स्थित संतमरिया महागिरजा घर, बहुबाजार के सीएनआई चर्च, कांटा टोली में एजी चर्च और मेन रोड स्थित जीईएल चर्च सहित सभी पल्लियों में विशेष अनुष्ठान किये जा रहे हैं। बिशप, पल्ली पुरोहित और फादर विश्वासियों को यीशु आगमन का संदेश सुना रहे हैं। सिस्टर व विश्वासी प्रभु के बताये मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं। क्रिसमस की तैयारी को लेकर पुरूलिया रोड और चर्च में दुकानें सजने शुरू हो गये है। बहुबाजार स्थित एलेजाबेथ मध्य विद्यालय में इस वर्ष का पहला क्रिसमस गैदरिंग हुआ। इसके अलावा पल्लीयों व शैक्षणिक संस्थाओं में भी क्रिसमस गैंदरिंग शुरू हुआ। जहां युवाओं ने क्रिसमस से जुड़े गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। युवा यीशु के आगमन को लेकर गीत गाकर खुशियां को इजहार किये।

एससी ने झारखंड में असिस्टेंट टाउन प्लानर्स नियुक्ति मामले में एचसी का फैसला बरकरार रखा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में असिस्टेंट टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) की ओर से ली गई परीक्षा और इंटरव्यू का रिजल्ट दोबारा जारी करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। बीते 16 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने इन पदों पर इंटरव्यू में शामिल हुए कैंडिडेट में से 186 लोगों की उम्मीदवारी रद्द करने का आदेश दिया था। इनमें से 26 कैंडिडेट ऐसे थे, जिनका नाम मेरिट लिस्ट में शामिल था। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ देविस्मिता बासु नामक अभ्यर्थी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुला की बेंच में उनकी याचिका पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर के 77 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 में सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी। इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था। जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट तक नहीं था। इस नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। इस पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं होने के बावजूद जेपीएससी ने जिन 186 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाए। अदालत ने ये भी कहा था कि इसके बाद शेष बचे वैसे अभ्यर्थी, जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया गया था और जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था, उनकी नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर फ्रेश रिजल्ट जारी करें।

डीडीसी ने वर्चुअल रियलिटी वैन को किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची के उप-विकास आयुक्त (डीडीसी) दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए परिसर से वीआर (वर्चुअल रियलिटी) वैन को रवाना किया। डीडीसी ने वीआर (वर्चुअल रियलिटी) वैन को रवाना करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का आम लोग लाभ उठाए। आम लोग सभी योजनाओं की जानकारी लेते हुए इसका लाभ उठा कर अपने आप को लाभान्वित करें। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर इस वैन से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।इस वैन के जरिये अलग-अलग प्रखंडो में घूमते हुए सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से की जाएगी। साथ ही सभी संचालित योजनाओं और इसके लाभ की जानकारी पम्पलेट के माध्यम से भी लोगों को दिया जाएगा। इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा और अन्य योजनाओं से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

इन योजनाओं की दी जाएगी जानकारी :
◆बिरसा हरित ग्राम योजना◆सर्वजन पेंशन योजना ◆फूलो झानो आशीर्वाद अभियान ◆पोटो हो खेल विकास योजना। ◆नीलाम्बर पीताम्बर जल समृधि योजना◆दीदी बाड़ी योजना। ◆मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना। ◆साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना।

डॉ सविता केशरी बनी स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग की विभागाध्यक्ष

शिक्षकों और छात्रों ने गीत और पुष्प गुच्छ से किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
डॉ. सविता केशरी को रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग का विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर संकाय में शिक्षकों और छात्रों ने स्वागत गान एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विभाग के शिक्षक डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो एवं डॉ. रीझू नायक ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि आप हमारी गुरु हैं और हम आपकी फौज हैं। मौके पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि डॉ सविता केशरी को नागपुरी विभाग का विभागाध्यक्ष बनाए जाने से बौद्धिक जगत में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नागपुरी विभाग के साथ साथ संकाय की नौ भाषाओं के शैक्षणिक जगत में नई रोशनी जगमगाएगी। गौरतलब है कि डॉ सविता केशरी डॉ उमेश नन्द तिवारी का स्थान लेंगी जिनका कार्यकाल 26 अक्टूबर को समाप्त हो गया था। मौके पर नवनियुक्त विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने कार्यों के प्रति ईमानदारी से लगे रहना चाहिए। निरंतर प्रयास से व्यक्ति हमेशा सफल होता है। उन्होंने कहा कि आप जैसा काम करेंगे तो समाज में आपकी छवि वैसी ही बनेगी । इसलिये हमेशा अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए। मैं हर संभव मदद करने की कोशिश करुंगी। आपसी सामंजस्य के साथ विभाग में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यों को सम्पन्न कराना मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर टीआरएल संकाय के सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

पूर्व सैनिक पोदना बालमुचू परिवार के साथ राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे

रांची। 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध में घायल भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू परिवार के साथ राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे हैं। पोदना पांच एकड़ कृषि भूमि और पेंशन की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। पोदना ने बताया कि उन्होंने 12 साल तक आर्मी में रहकर देश सेवा की। 1971 युद्ध में उनकी जांघ पर गोली लग गई थी। इसके बाद जब युद्ध खत्म हुआ तो उन्हें कई मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने चाईबासा में कृषि के लिए 5 एकड़ जमीन देने की घोषणा की थी। साथ ही पेंशन का वादा किया गया था। लेकिन जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण आज तक उन्हें न तो जमीन मिली और ना ही पेंशन। थक हारकर वे परिवार के साथ सोमवार से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। पोदना के साथ परिवार की सोमी बालमुचू, सिलवंती बालमुचू, सोनाय बालमुचू , प्रीतेश बालमुचू, विकास बालमुचू इस धरना में शामिल हैं।

कुड़माली विभाग में नये छात्रों का हुआ झारखंडी स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अंतर्गत कुड़माली विभाग में बी.ए. सत्र 2023-27 एवं एम. ए. सत्र 2023-25 में नव नामांकित छात्रों की कक्षा की शुरूआत 4 दिसंबर को विधिवत हो गई। इसमें पहले अतिथियों, शिक्षकों एवं सभी छात्रों का कुड़माली संस्कृति के अनुसार परछन करके एक एक कर कक्षा में प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई कार्यक्रम में स्वागत गीत वरिष्ठ छात्रों द्वारा संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया गया । नये छात्रों को एक एक कलम देकर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश्वरी प्रसाद महतो ने छात्रों को अपनी भाषा संस्कृति को बचाकर पाठन कार्य में बने रहने के गुर बताये। विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. निताई चंद्र महतो ने बी.ए. एवं एम. ए. के छात्रों को उनके सिलेवस के बारे विस्तार पूर्वक बताते हुए नियमित कक्षा आने को हिदायत दी। विभाग के पीएच. डी. शोधार्थी अशोक कुमार पुराण ने बिनंद सिंह के गीत गाकर माहौल को संगीतमय बनाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल डॉ. एच. एन. सिंह ने विभाग के छात्रों का प्रदर्शन देखकर काफी प्रसन्न हुए और कहा ऐसे ही कार्यक्रम से विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन विभाग के स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र धनेश्वर महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन एम. ए. नव नामांकित छात्र हेमंत अहीर ने किया।

विहिप ने कब्रिस्तान के अपर से फ्लाईओवर का किया विरोध

रांची। विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल ने ड्डारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें गढ़वा बाईपास में अचला नावाडीह ग्राम स्थित अवैध कब्रिस्तान के ऊपर से बनने वाले फ्लाईओवर को असंवैधानिक बताया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मार्ग बनने में अनेक मंदिरों को विड्डागीय दबाव अथवा सहमति से स्थान परिवर्तन कराया जा रहा है। परंतु अवैध रूप से गैरमजरूआ जमीन पर बने कब्रिस्तान के ऊपर से फ्लाई ओवर बनाने का प्रस्तावित है, जो निविदा-प्रपत्र से अलग है। यह निर्माण का प्रस्ताव असंवैधानिक है। डॉ साहू ने कहा फ्लाई ओवर निर्माण के प्रस्ताव से गांववालों सहित हिंदू समाज की ड्डावना को काफी ठेस पहुंच रही है। ग्रामीणों ने कार्य बंद कराकर कार्य करने वाली संवेदक शिवालय के कैंप में कार्य नहीं करने का आवेदन ड्डी दिया है।

सिविल मामले में अपराध स्थापित हुए बिना नहीं चल सकता आपराधिक मामला

कार्रवाई जारी रखने की अनुमति देना कानून का दुरूपयोग माना जाएगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सिविल मामलों में आपराधिकता स्थापित नहीं होने पर आपराधिक कार्यवाही जारी रखने की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरूपयोग माना जाएगा। इसके साथ ही अदालत ने सिविल कोर्ट में लिए गए आपराधिक संज्ञान और सभी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। इस मामले में स्व। जगत नारायण प्रसाद की बेटियों ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि यह मामला दीवानी प्रकृति का है। लेकिन शिकायतकर्ता ने इसके खिलाफ शिकायतवाद दर्ज करायी। बाद में पुलिस ने इस मामले को दीवानी मामला बताते हुए सक्षम न्यायालय में फाइनल रिपोर्ट पेश कर दी। इसके बाद भी सिविल कोर्ट ने आपराधिक मामले में संज्ञान लिया और प्रक्रिया जारी रखी। सिविल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ नवीन कुमार सिन्हा और उज्ज्वल नारायण ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। प्रार्थियों की ओर से निचली अदालत की कार्यवाही का विरोध किया गया और कहा गया कि पार्टिशन डीड से जुड़े इस मामले में प्रार्थियों के पिता नहीं बल्कि दादा के कानूनी उत्तराधिकारियों के बीच पार्टिशन था। सिविल मामले में बिना अपराध स्थापित हुए निचली अदालत द्वारा आपराधिक प्रक्रिया जारी रखना उचित नहीं है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मामले की सामग्री पर विचार करने और उसी संपत्ति से जुड़े चल रहे विभाजन के मुकदमों पर ध्यान देने के बाद पाया कि पुलिस ने मामले को दीवानी के रूप में वगीर्कृत किया। इसके बावजूद कोर्ट ने विरोध याचिका पर याचिकाकताओं के खिलाफ संज्ञान लिया। इन तथ्यों के मद्देनजर झारखंड हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए गिरिडीह सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में लंबित शिकायत मामले में संज्ञान लेने के आदेश सहित संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी।

अनगड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

रांची। झारखंड स्वास्थ्य मिशन और सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अनगड़ा प्रखंड परिसर में आयोजित जांच शिविर में 120 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य रोग, नेत्र जांच, स्पीच एंड हियरिंग जांच किया गया। जरूरतमंद मरीजों को दवाईयां ड्डी दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी, सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र के सचिव अजीत कुमार, बीना शर्मा का योगदान रहा। शिविर में ओरमांझी ब्लॉक चौक स्थित वेल क्योर हॉस्पिटल के डॉ वसीम अंसारी, सांता तिग्गा, रहनुमा परवीन, काजिम हुसैन, इम्तियाज आलम, ड्डागवान महावीर आई हॉस्पिटल के जूही कुमारी, रिआजुल हक, दुबराज महतो, शाहनवाज नैयर, अंकित, तबरेज अंसारी, लीला कुमारी, रामदयाल सिंह, मोहनलाल महतो एवं लगनो बेदिया आदि का सहयोग रहा।

पारस अस्पताल में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता

500 से अधिक स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा, पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पारस अस्पताल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने मनमोहक पेंटिंग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राजधानी रांची के विभिन्न स्कूलों के 500 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। प्रतियोगिता तीन वर्गों में विभाजित था। ग्रुप ए में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक, ग्रुप बी में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक तथा ग्रुप सी में कक्षा 9 से कक्षा 10 तक के बच्चों को शामिल किया गया था। इस अवसर पर डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट के बीच हेल्थ टॉक भी हुआ।

ये रहे विभिन्न ग्रुप के विजेता : चित्रकला प्रतियोगिता के ग्रुप ए में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले दोनों बच्चे बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल के रहे। 5 वीं कक्षा की सुभ्रनील सर्बोधि कैरी प्रथम और शरण्या चक्रवर्ती द्वितीय रही। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कैराली स्कूल की छात्रा शिवंशिकों भार्गवी और परमजीत रहे। ग्रुप बी में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की 6ठी कक्षा की छात्रा इन्दु शर्मा प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल की 7वीं कक्षा की छात्रा अदिति मिंज ने द्वितीय और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्रभात तारा स्कूल की ज्योति मार्दी एवं कैराली स्कूल की अन्वेषा मजूमदार रहीं।

तनाव हमें मंजिल से दूर धकेलती है, सकारात्मकता पहुंचाती है लक्ष्य तक : चौहान

नवीन मेल संवाददाता

पेटरवार (बोकारो)। सोमवार को प्लस टू उवि पेटरवार, प्लस टू उवि चांदो और चांदो गांव में पुस्तकालय के पास खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए। चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक हथौड़ा छोटी सी चाबी से पूछा- आखिर तुम्हारे अन्दर ऐसी कौन सी शक्ति है जो तुम जिद्दी तालों को भी बड़ी आसानी से खोल देती हो, जबकि मैं इतना बलशाली होते हुए भी ऐसा नहीं कर पाता। चाबी बोली- तुम तालों को खोलने के लिए उसपर प्रहार करते हो। ऐसा करने से ताला खुलता नहीं टूट जाता है। जबकि मैं ताले को बिलकुल भी चोट नहीं पहुंचाती। उसके मन में उतर कर उसके हृदय को स्पर्श करती हूँ और फिर निवेदन करती हूँ, वह फौरन खुल जाता है। लब्बोलुआब यह, यदि हम किसी को सचमुच जीतना चाहते हैं तो हमें उस व्यक्ति के हृदय में उतरना होगा। जोर-जबरदस्ती से कोई काम कराना संभव तो है पर इस तरह से हम ताले को खोलते नहीं बल्कि उसे तोड़ देते हैं। यानि उस व्यक्ति की उपयोगिता को नष्ट कर देते हैं। जबकि प्रेम पूर्वक किसी का दिल जीतते ही हम उसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने कॉलेज और स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद दी जाएगी। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान के बारे में भी बताया।

बोकारो : माता दादी मंदिर का मना 25वां स्थापना दिवस

बोकारो। जिले के पेटरवार प्रखंड के बाजार टांड मे माता दादी मंदिर का 25वां स्थापना दिवस बड़ी ही धूम धाम से मारवाड़ी समाज ने मनाया. जो पेटरवार के धरती पर मारवाड़ी समाज के द्वारा ये उत्सव पहली बार है. समाज के बड़े-बूढ़े, महिला-पुरुष और बच्चों ने सैकड़ो की संख्या में इस उत्सव में भाग लिया. इससे पहले समाज के लोगो द्वारा पेटरवार थाना के पास स्थित रानी शती दादी मंदिर से कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा निकाल नगर भ्रमण किया. वहीं माता दादी के फोटो युक्त प्रतिमा को सजाकर विधि विधान के साथ भ्रमण कराया गया.

एक नजर

बरोरा में चोरों ने दुकान से लाखों के सामान उड़ाये, शिकायत दर्ज

धनबाद। बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कॉलोनी स्थित जगदंबा स्टोर को बीती रात चोरो ने निशाना बनाया. चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर लाखों के सामान उड़ा ले गये. सोमवार सुबह संचालक तपन चौधरी जब दुकान पहुंचे तो देखा कि दीवार टूटा हुआ है. अंदर जाकर देखा तो पाया कि दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है और कई सामान गायब है. चोरों ने दुकान के अंदर सिर्फ कीमती सामानों पर हाथ साफ किया है. भुक्तभोगी ने बरोरा थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. बरोरा थाना प्रभारी नंदु पाल ने कहा कि पुलिस दुकान के आस-पास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

अयोध्या से आए कलश का बाघमारा में भव्य स्वागत

धनबाद। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भेजा गया पूजित कलश सोमवार को बाघमारा पहुंचा. यहां ठाकुरबाड़ी मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कलश का स्वागत किया. पूजा व मंत्रोच्चार के बीच हुए अनुष्ठान के बाद कलश को तोपचांची के लिए रवाना किया गया. ज्ञात हो कि पूजित कलश महुदा, चिटाहीधाम राम मंदिर, हरिना हनुमान मंदिर समेत क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों का परिभ्रमण करते हुए बाघमारा पहुंचा था.

जमशेदपुर : डीएसपी की पत्नी पर मारपीट का आरोप

जमशेदपुर। सोनारी थाना अंतर्गत आदर्श नगर फेस 10 निवासी भावना शर्मा ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में पदस्थापित डीएसपी सुधीर कुमार की पत्नी पर मारपीट का आरोप लगाया है. सुधीर कुमार जमशेदपुर के भी कई थानों में अपनी सेवा दे चुके है. घटना रविवार रात तब घटी जब भावना शर्मा के बेटे सड़क पर पटाखे फोड़ रहे थे. घटना की जानकारी भावना ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर भी पहुंची. भावना ने बताया कि उनके बच्चे पटाखे फोड़ना चाह रहे थे इसलिए वो सड़क पर आई थी. इसी बीच डीएसपी सुधीर कुमार की पत्नी आई और पटाखे फोड़ने के लिए मना करने लगी. इसी बीच उन्होंने पुलिस की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी.

जमशेदपुर : यंग इंडियंस के नेत्र जांच शिविर में उमड़ी भीड़

जमशेदपुर। सीआईआई (कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज) के विंग यंग इंडिया की ओर से सोमवार को साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर लगाया गया. इस शिविर की खास बात यह थी कि इसमें सिर्फ वाहन चालकों के आंखों की जांच की गई. शिविर सुबह 10 बजे शुरू हुआ जो दोपहर 02 बजे तक चला. इसमें ऑटो चालक, कार चालक के साथ-साथ अन्य भारी वाहनों के चालकों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई. त्रिनेत्रम आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने शिविर में आए लोगों की जांच की. आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि चालकों के आंखों की जांच के बाद जिनमें मोतियाबिंद पाए जाएंगे उनका ऑपरेशन कराया जाएगा. वही जिन्हें चश्मे की जरूरत होगी उन्हें कम मूल्य पर चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वाहन चलाने के दौरान उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी ना हो.

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 469 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित

ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत का संकल्प

स्वास्थ्य शिविरों में कुल 12,805 की हुई जांच, 10467 लोगों को आयुष्मान कार्ड मिले

नवीन मेल संवाददाता

रांची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ सुसज्जित जागरूकता रथ झारखंड के विभिन्न जिलों में ग्राम पंचायतों तक जाकर लोगों को जागरुक कर रहा है। ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिन शिविर का आयोजन कर आम जनता को भारत सरकार की लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविरों में उनकी स्वास्थ्य जांच भी की जा रही है। झारखंड के खूंटी से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के दिन 15 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। इसके तहत 04 दिसंबर तक झारखंड के 469 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं साथ ही ग्राम पंचायतों तक आयोजित शिवरों में 128523 लोगों ने की सहभागिता की है तथा 87525 ने लिया विकसित भारत का संकल्प लिया है। ग्राम पंचायतों तक आयोजित शिविरों में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए हैं जिनमें 12805 लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई एवं 10467 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में एलईडी वैन के जरिए भारत के प्रगति की गाथा भी लोगों को बताई जा रही है। माननीय राष्ट्रपति महोदया एवं माननीय प्रधानमंत्री के रिकॉर्डेड संदेश भी वैन के जरिए लगातार प्रसारित किए जा रहे हैं। वैन के साथ आईईसी सामग्रियां भी वितरित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी से जागरूकता रथ को किया था रवाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निरंतर प्रयास रहा है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं को पूर्णता प्रदान की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। योजनाओं की संतृप्ति के इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक बड़े कदम में, प्रधानमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शुरू की। इसके तहत झारखंड के खूंटी जिले से आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। यात्रा शुरूआत महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले जिलों से की गई है जो 25 जनवरी, 2024 तक देश भर के सभी जिलों को कवर करेगी।

एसनएमएमसीएच में भर्ती कैदी फरार

धनबाद। एसएनएमएमसीएच में भर्ती दुमका का कैदी चंदन नायक फरार हो गया. घटना रविवार देर रात की है. दुमका जेल में बंद चंदन नायक इलाज के लिए पुलिस की सुरक्षा में रविवार की सुबह करीब 8 बजे अस्पताल के कैदी वार्ड में बेड नंबर 27 पर भर्ती हुआ था. रात 2 से 3 बजे के बीच वह अपने बेड से फरार हो गया.

कर्मी की मौत पर धरना मुआवजे की मांग

धनबाद। बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत निचितपुर कोलियरी में संचालित डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के सुरक्षाकर्मी महेश सिंह की मौत हो गयी. जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह शव को कंपनी गेट पर रखकर धरना दिया, साथ ही काम भी रोक कर रखा. धरना दे रहे लोग परिजनों को मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे. शव के साथ धरना दे रहे लोगों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी. लोग अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे. लेकिन इसके बावजूद कंपनी का कोई भी अधिकारी लोगों से बात करने नहीं पहुंचा. जिससे लोगों में आक्रोश है.

नौसेना दिवस पर आईएनएस खुकरी के शहीदों को श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले बिरसानगर में संगठन की तरफ से रविवार को नौसेना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन संगठन के प्रदेश महामंत्री सिद्धनाथ सिंह ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया एवं नरेंद्र गांगुली द्वारा संगठन गीत प्रस्तुत किया गया. इसके बाद पूर्व नौसैनिक सुखविंदर सिंह ने 1971 के युद्ध के विजय की नींव में नेवी की अचूक रणनीति और अपूर्व पराक्रम को विस्तार से बताया. पूर्व नौसैनिक बिमल कुमार ओझा, शशिभूषण सिंह ने भी अपने विचार साझा किये. पेटी ऑफिसर कुंदन सिंह ने युद्ध के दौरान आइएनएस वीर निफ्ट और निर्घट के साथ राजपूत और अक्षय जैसे जहाजों और उनकी तकनीकी विशेषताओं का भी जिक्र किया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती के प्रांतीय मंत्री राजीव ने मां भारती को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह शौर्यमय दिन हम सभी को सदैव याद रखना चाहिए. इसके बाद 1971 के युद्ध में आईएनएस खुकरी के 176 नौसैनिकों की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. खुकरी के कमान अधिकारी कैप्टन महेंद्रनाथ मुल्ला के त्याग समर्पण और नौसैनिक मूल्यों को भी याद किया गया. नौसेना दिवस पर मुख्य अतिथि एवं संगठन के अध्यक्ष विनय यादव, महामंत्री जितेंद्र सिंह एवं सभी नौसैनिक साथियों के साथ केक काटकर जीत का जश्न मनाया गया.

अमन सिंह हत्याकांड

सुंदर महतो पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद जेल में बंद यूपी के गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी बोकारो जिले के तेलो निवासी सुंदर महतो को अदालत ने 5 दिन की पुलिस रिमांड भेजने का आदेश जेल प्रशासन को दिया है. मामले के अनुसंधानकर्ता विनय कुमार ने आदालत में आवेदन देकर सुंदर महतो को दस दिनों की रिमांड पर देने का आग्रह किया था. कोर्ट में दिए आवेदन में उन्होंने कहा था कि पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान घटना में शामिल अन्य अरोपियों का पता चल सकता है. साथ ही हथियार की बरामदगी भी हो सकती है. प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक समित प्रकाश की दलीलें सुनने के बाद सुंदर महतो को पांच दिनों की रिमांड देने का आदेश जेल प्रशासन को दिया. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि पुलिस सुंदर महतो के साथ थर्ड डिग्री का इस्तेमाल नहीं करे. हिरासत से वापस आने पहले उसकी मेडिकल जांच कराने को भी कहा. शूटर अमन सिंह की हत्या के मामले में प्रशासन ने रविवार को अज्ञात के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज कराई है.

धनबाद जेल के जेलर निलंबित जेल से दो पिस्टल भी बरामद

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। अमन सिंह हत्याकांड मामले में जांच करने धनबाद पहुंचे जेल आईजी उमा शंकर सिंह ने सर्किट हाउस में सोमवार को मीडिया कर्मियों से बात की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद जिला प्रशासन एवं जेल प्रशासन द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर सभी वार्डो, सेलो एवं पूरे परिसर की सघन तलाशी ली गयी। तलाशी की दौरान छह मोबाइल और 18000 रुपए बरामद हुए। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान उक्त घटना में प्रयुक्त हथियार को ट्रेस करते हुए कारा परिसर से दो पिस्टल बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही जेलर, मंडल कारा, धनबाद - मो. मुसत्कीम अंसारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित एवं स्थानांतरित करते हुए विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्देश दिया गया है।

उक्त घटनाक्रम में चार प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही हॉस्पिटल वार्ड में घटनास्थल की बेरीकेडिंग करते हुए उसे सेनीटाइज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर स्थिति को संभालते हुए जिला एवं जेल प्रशासन द्वारा कैदियों में आपसी टकराव एवं गैंगवार की संभावना को देखते हुए अलग-अलग गुटों के कैदियों को फौरन अलग अलग सेल में बंद किया गया।राज्य स्तर से कारा निरीक्षणालय के द्वारा सहायक कारा महानिरीक्षक - 1, सहायक कारा महानिरीक्षक - 2 एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, कारा निरीक्षालय की त्रिस्तरीय समिति बनाकर जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच एवं सेलों में सघन छापेमारी के लिए तीन टीम का गठन कर मंडल कारा में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं जेल प्रशासन के द्वारा वैसे पदाधिकारी को चिन्हित किया गया है जिनकी लापरवाही से उपरोक्त घटना घटी। इसे गंभीर चूक मानते हुए उक्त घटनाक्रम में लापरवाही बरतने वाले 2 कक्षपालों (एक्स आर्मी मैन) की संविदा रद्द कर दी गई है। वहीं पांच कक्षपालों को निलंबित करते हुए इन्हें केंद्रीय कारागार हजारीबाग में उनका मुख्यालय निर्धारित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन रखा गया है।

छह मोबाइल और 18000 रुपए बरामद हुए



- धनबाद जेल में बंद 23 कैदियों को राज्य के अन्य जेलों में भेजा जाएगा
- घटना की होगी न्यायिक जांच, जल्द नियुक्त होंगे मजिस्ट्रेट

आधुनिकीकरण नये वर्ष में चालू होगा नेताजी रेलवे स्टेशन पर नया फुट ओवरब्रिज

वृद्ध और दिव्यांगों का सफर होगा आसान

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद रेल मंडल के गोमो स्टेशन पर दो करोड़ रुपये की लागत से बन रहे फुट ओवरब्रिज का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है. फिलहाल, ब्रिज की सीढ़ी की सतह पर टाइल्स लगाने का काम चल रहा है. एक पार्ट का काम दो सप्ताह में पूर्ण होने की उम्मीद है. इसके बाद दूसरे पार्ट का काम पूरा किया जाएगा. वहीं, ब्रिज के ऊपर शेड निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है. इसे इस माह के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है. इसके बाद नए साल में इस आधुनिक फुट ओवरब्रिज को चालू कर दिया जायेगा. फुट ओवरब्रिज की चौड़ाई 4 मीटर है. इस पर दो लिफ्ट भी लगाई जा रही है. एक प्लेटफॉर्म नंबर दो पर दूसरी प्लेटफॉर्म नंबर एक पर होगी. ज्ञात हो कि फुट ओवरब्रिज का निर्माण पिछले 6 वर्षों से चल रहा है. कोरोना काल के दौरान दो साल तक काम बंद था. ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 2018-19 में स्टेशन के उत्तरी छोर के सकुर्लेटिंग एरिया से प्लेटफॉर्म नंबर 2 तक शुरू किया गया था. दूसरे पार्ट में स्टेशन की दक्षिणी दिशा का काम भी वर्ष 2018-19 में ही शुरू हुआ था. लेकिन कोरोना के दौरान निर्माण कार्य पूरी तरह ठप रहा. रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पिछले छह माह से निर्माण कर में तेजी आई है. रेलवे अधिकारियों की मानें, तो नए साल में जनवरी के अंत तक फुट ओवरब्रिज को आम लोगों के आवागमन के लिए चालू कर दिया जाएगा. फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां खड़ी हैं. ऐसे में 19 खड़ी सीढ़ियों पर चढ़ने में काफी दम लगाना होगा. इस संबंध में पूछे जाने पर ब्रिज का निर्माण कर रही एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे अभियंता की ओर से दिए गए नक्शे के आधार पर निर्माण कार्य चल रहा है. वहीं, वर्तमान अभियंता का कहना है कि उनके कार्यकाल में ब्रिज का निर्माण नहीं शुरू हुआ है. जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक ने कहा कि रेलवे अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए था. खड़ी सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने में लोगों को परेशानी होगी.

चासनाला सेल प्रबंधन ने 77 दिव्यागों को दिए कृत्रिम उपकरण

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला की ओर से सोमवार को झरिया रिसोर्स सेंटर परिसर में दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरण बांटे गए. कार्यक्रम का उद्घाटन झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद, सीजीएम पर्सनल संजय तिवारी, एमडी मो अदनान, जीएम सीएसआर एसएस सिंह व डीजीएम मनीष भाटिया ने किया. यह आयोजन एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सीसीसीओ के नेतृत्व में किया गया. शिविर में 15 दिव्यांगों को मोटाराइज ट्राईसाइकिल, 4 व्हीलचेयर, 4 ट्राईसाइकिल, एल्बो क्रुच, 8 हियरिंग एड,1 सीपी चेयर आदि का मुफ्त वितरण किया गया. धनबाद में भी सहायक सामग्री का वितरण किया गया. सीओ रामसुमन प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगजन स्वरोजगार के लिए इन संसाधनों का उपयोग करें. सीजीएम संजय तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन को सुलभ बनाने के लिए प्रबंधन कृतसंकल्पित है. मोटाराइज्ड ट्राईसाइकिल उन्हें और सशक्त बनाएगी. एमडी मो. अदनान ने कहा कि सेल कोलियरीज ने समाज के सभी वर्गों के लिए सामान रूप से सहयोग किया है. कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले संगठनों और हितधारकों के प्रति आभार जताया. मौके पर अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद, सीजीएम पर्सनल संजय तिवारी, एमडी मो अदनान, जीएम सीएसआर संजीव शरण सिंह, डीजीएम मनीष भाटिया, पंकज कुमार, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद आदि उपस्थित थे.

धनबाद में भी सहायक सामग्री का वितरण

पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति, जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

अल्ट्रासाउंड केंद्रों/अस्पतालों का करें औचक निरीक्षण : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमें भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जाँच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही कोई भी सरकारी चिकित्सक अपने ड्यूटी के दौरान किसी अन्य गैरसरकारी संस्था में कार्य ना करे यह भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने रिन्यूवल हेतु विभिन्न संस्थानों से आये आवेदनों से शपथ पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही आगे की करवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर आने वाले मरीज के जांच के क्रम में भर जाने वाले फॉर्म एफ से संबंधित प्रतिवेदनों की भी जांच की। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

डीसी ने दिए कई निर्देश

हजारीबाग : धनबाद की घटना से हड़कंप

जेपी कारा का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

- जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश
- सदर एसडीएम समेत 12 दंडाधिकारी छापेमारी में शामिल

हजारीबाग। धनबाद केंद्रीय कारा में हुए गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड को लेकर जिला प्रशासन ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण किया है. लगभग ढ़ाई घंटे से अधिक तमाम सेल की जांच की गई. इस दौरान कई सामग्री बरामद हुई हैं. जेपी केंद्रीय कारा झारखंड का सबसे अधिक सुरक्षित जेल माना जाता है. यहां खूंखार अपराधी, माओवादी और राजनेताओं को बंद रखा जाता है. ऐसे में इसकी सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त होना बेहद जरूरी है. केंद्रीय कारा में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की संयुक्त अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान सदर एसडीएम विद्याभूषण कुमार समेत 12 दंडाधिकारी मौजूद रहे.

10 मीटर की रस्सी, पेन ड्राइव खैनी का पैकेट भी बरामद

जांच के दौरान दौरान जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन, बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया. इसमें लगभग 10 मीटर की एक रस्सी, एक पेन ड्राइव, खैनी का पैकेट, छड़ का घुमावदार टुकड़ा व चाकूनुमा चम्मच आदि बरामद किया गया है. सभी सामान जब्त कर लिया गया है. निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बताया कि जेल से कुछ भी अति गंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि धनबाद केंद्रीय कारा में हुई घटना को देखते हुए राज्य के सभी कारागार को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश प्राप्त है, ताकि इस प्रकार की घटना को रोका जा सके. वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने बताया कि यह एक रूटीन जांच प्रक्रिया भी है, जो हर एक या दो माह में की जाती है. डीसी व एसपी ने जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश भी दिए हैं.

एक नजर

बरकट्ठा : 24 दिसंबर को सूरजकुंड उत्सव का आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत सूरजकुण्ड धाम में आगामी 24 दिसंबर को पहली बार सूरजकुण्ड उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पद्म भूषणश्री लोक गायक, मुकुंद नायक, बॉलीवुड स्टार गोविंदा, लोकप्रिय गायिका शालिनी दुबे, स्थानीय चिन्हित कलाकार उपस्थित होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य बरकठा के ग्राम बेलकप्पी का धार्मिक पर्यटक स्थल सूरजकुण्ड में पर्यटकों को आकर्षित करने एवं सूरजकुण्ड स्थल का सामाजिक स्तर के साथ साथ क्षेत्रीय कला, संगीत एवं झाखण्ड के कला और संस्कृति को बढ़ाना, प्रदर्षित करना और उभरते कलाकारों को अपनी छिपी प्रतिभा और कौशल दिखाने का एक बड़ा मंच स्थापित करना है। संबंधित जानकारी देते हुए मुखिया ललीता देवी ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि मेरे पंचायत क्षेत्र में इतने बड़े स्तर का सूरजकुण्ड उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में तमाम कलाकारों का हमारे क्षेत्र में स्वागत है एवं इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र वासियों के लिए रोजगार का सृजन भी किया जायेगा।

'गठबंधन में देश सेवा का भाव नहीं, अबकी बार 400 के पार'

बरकट्ठा। ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तीन राज्यों में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा का पूर्ण बहुमत यह साबित कर दिया कि जनता को स्थिर और मजबूत सरकार चाहिए । ताकि जनता का विकास हो सके, ये जीत गरीबों, वंचितों, किसानों, महिलाओं और युवाओं कि जीत है। गठबंधन में देश सेवा का भाव कतई नहीं, इसलिए उनका ये हाल हुआ। आने वाले साल 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं रहेगा। ये सब संभव हुआ नरेन्द्र मोदी पर जनता का विश्वास और देश के सभी देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं के कडी मेहनत और ईमानदारी पुर्वक, प्रधानमंत्री द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को आम जनता के घर-घर तक पहुंचाने के सफल प्रयास से।

शौचालय निर्माण एवं आदर्श ग्राम योजना के तहत डीसी ने की बैठक

सरकारी भवनों के शौचालयों की साफ-सफाई करें सुनिश्चित : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। सरकारी भवनों सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में शौचालयों के निर्माण एवं आदर्श ग्राम योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में निर्मित सामुदायिक शौचायलयों की जानकारी लेने के उपरांत वर्तमान में पूर्ण सभी सामुदायिक शौचालयों एवं सरकारी भवनों में स्थित शौचायलयों का तत्काल रूप से नियमित संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिन शौचालय में वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा हो अथवा संचालन नहीं हो रहा है उनमें अभियान मोड में कार्य करते हुए 6 माह के अंदर सभी शौचालयों का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं पीवीयूएनएल द्वारा पतरातू क्षेत्र अंतर्गत बाजारटांड कटिया, पतरातू प्रखंड कार्यालय, कटिया मार्केट एवं प्रखंड कार्यालय से 500 मीटर दूर रेलवे फाटक के समीप शौचालय निर्मित किए जाने को लेकर उपायुक्त ने डीएमएफटी टीम के सदस्यों को 15 दिसंबर से पूर्व कार्य योजना प्राप्त करने और आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल रामगढ़ में एक सप्ताह के अंदर सुलभ शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया वहीं पतरातु लेक रिजॉर्ट परिसर के समक्ष सुलभ शौचालय स्थापित करने हेतु सुलभ के प्रतिनिधियों को सर्वे कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से समाहरणालय आने वाले लोगों की सुविधाओं के मद्देनजर उपायुक्त ने समाहरणालय के तीनों ब्लॉक ए,बी व सी में शौचालय एवं जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आदर्श ग्राम योजना के तहत बैठक के दौरान उपायुक्त ने चयनित दुलमी प्रखंड के गोरातू गांव में विकास कार्यों को लेकर जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।

डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण को कर्नाटक में आयोजित वार्षिक चुनाव में इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसी कड़ी में डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। बताया कि यह हमारे संस्थान के लिए गर्व की बात है कि इतने बड़े मानक में हमारे संस्थान से जुड़े डॉक्टर्स को सम्मान मिला है। यह प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण के साथ-साथ पूरे संस्थान के लिए बेहद ही खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी एक राष्ट्रीय निकाय है। जो उन दंत चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है। जिन्होंने ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विषय में विशेषज्ञता हासिल की है। यह एक पंजीकृत निकाय है जिसे डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली संदर्भित करती है,जब ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी के विषय से संबंधित निर्णय लेने होते हैं। प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण ने बताया कि हमारे साथ- साथ यह श्रेय पूरे कॉलेज परिवार को जाता है।

10 दिसंबर को आईसेक्ट विवि में नॉलेज ओलंपियाड

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आगामी 10 दिसंबर को नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि नॉलेज ओलंपियाड में सामान्य ज्ञान, तर्क ज्ञान, सामान्य विज्ञान, संख्यात्मक क्षमता और कंप्यूटर पर आधारित 10-10 कर कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर आयोजित की जाएगी। जिसके आधार पर विजेताओं की घोषणा की जाएगी। डॉ गोविंद ने बताया कि 10वीं, 11वीं और 12वीं सभी वर्गों में हर वर्ग के टॉप तीन प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दरअसल विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु शैक्षणिक तकनीकों में निरंतर नवीनीकरण एवं मूल्यानुरूप नीतियों के तारतम्य में नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि नॉलेज

ओलंपियाड 2023 में शामिल सभी प्रतिभागियों को आगामी सत्र जून 2024 एवं जुलाई 2024 में आईसेक्ट की ओर से संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश पर पंजीयन शुल्क पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मटवारी स्थित सिटी कैंपस या तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस या 9304522673, 8292846702, 7004488172 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। नॉलेज ओलंपियाड को सफल बनाने के लिए एसएनके उपाध्याय, माधवी मेहता, डॉ रोजीकांत, डॉ प्रीति व्यास, आशा गुप्ता, हिमांशु चौधरी, मुकेश कुमार, रोहित मिंज समेत अन्य शिक्षाकर्मी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सरकार आपके द्वार में साइकिल वितरण योजना का मिला चेक

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार में सोमवार को पदमा प्रखंड के कुटीपीसी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुटीपीसी की छात्राओं रॉयल कुमारी, शिवानी कुमारी और गीता कुमारी को साईकिल वितरण योजना का 45-45 सौ रुपया का चेक प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्बोम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव द्वारा प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद छात्राओं ने कहा कि इस राशि से साईकिल खरीद करुंगी जिससे उन्हें विद्यालय आने- जाने में काफी सहूलियत होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।

कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता पहुंचे खैरा पंचायत, सुनी समस्याएं, बोले

प्रखंडों में सिंचाई संसाधन की व्यवस्था करें सरकार : डॉ मेहता

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। प्रमंडलीय कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत, खैर कर्मा, लुंदरू देवकली, महुवारी, सिमराढाब एवं सिझुवा गांवों का दौरा किया। डॉ मेहता ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा वासी औद्योगिक कल कारखाने व्यवसायिक संस्थान की कमी एवं रोजगार के अभाव में अन्य राज्यों में रोजी-रोटी के लिए पलायन को मजबूर है। क्षेत्रवासियों ने मांग किया कि कृषि पर निर्भर प्रखंडो में सिंचाई संसाधन की व्यवस्था सरकार करें। डॉ मेहता ने सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताते हुए उन्हे कार्यक्रम में जाने को प्रोत्साहित किया।कहा कि एलपीसी एवं दाखिल खारिज से जनता असंतुष्ट है।अधिकांश लोग थाना,प्रखंड अंचल की कार्यशैली से असंतुष्ट है ।भ्रमण कार्यक्रम में समाजसेवी एडवोकेट संजय दास,सरपंच सीताराम कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास, प्रो दीपक कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, भुवनेश्वर राणा,कुलदीप राम, जलेसर यादव, वीरेंद्र सिंह, धनी लाल मांझी, पूर्व मुखिया राजकुमार सिंह एवं सिकंदर अली समेत अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

अमौली अपूर्वा हाई स्कूल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उद्देश्य : प्रो. मंटू

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। चौपारण प्रखंड के मानगढ़ पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अमौली अपूर्वा उच्च विद्यालय में शिविर लगाया गया. मौके पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए कांग्रेस पार्टी ने स्टॉल लगाकर लोगों को सहयोग दिया. फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई. इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रो. मंटू यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचाना है. इस शविर में मानगढ़ पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया. वहीं, आमजनों की समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया गया. योग्य लाभुकों के बीच कंबल व धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया. इस दौरान आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग का कैंप भी लगाया गया था. मौके पर कांग्रेस किसान मोर्चा अध्यक्ष बिसुनधारी कुशवाहा सहित अन्य लोगो ने भी जरूरतमंद लोगों की सहायता की.

हर घर नल जल | **जल मिशन के तहत वाटर वर्क्स निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी**

बरही-चौपारण प्रखंड के 32 हजार लोग होंगे लाभान्वित

नवीन मेल संवाददाता

बरही । जल जीवन मिशन के तहत बरही और चौपारण के करीब 32 हजार लोगो के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने हेतु वाटर वर्क्स निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है. 30.2 करोड़ की लागत से बनने वाला इस वाटर वर्क्स है का निर्माण पेयजलापूर्ति विभाग की निगरानी में श्रीराम एसईपीसी कंस्ट्रक्शन कर रहा है. इसके निर्माण से बरही प्रखंड के धनवार, करियातपुर, करसो, खोड़ाहर और केदारुत पंचायत के हर घर को नल जल से जोड़ा जाएगा. इसके लिए हरला में 2.30 लाख और दौरवा में 5.60 लाख लीटर का वॉटर टैंक और बरही में 3.1 एमएलडी का डबल्यू टी पी का निर्माण किया जाएगा. उक्त जानकारी कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट इंजीनियर मोहम्मद खालिद इकबाल ने दी. विभागीय अभियंता विमल कुमार ने बताया कि बड़ी में दो पानी टंकी एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और एक इंटरव्यू तैयार किया जाना है. जिसके माध्यम से चौपारण प्रखंड सहित बड़ी के पंच पंचायत में तेज आपूर्ति किए जाएंगे इसका निर्माण 27 माह में पूरा किया जाना है. इसके निर्माण से बरही प्रखंड के 7000 एवं चौपारण के 25000 सहित कुल 32000 घरों में पिंजरा पूर्ति संभव हो पाएगा. सिविल वर्क प्रारंभ किया जा चुका है. फॉरेस्ट, आरसीडी, डीवीसी का एनओसी निर्गत नहीं होंने के कारण कार्य में शिथिलता पड़ी हुई है. साइट इंजीनियर इकबाल के अनुसार निर्माण कार्य में 10/12 का मेटल लगाया जाना है. परंतु लगाए जाने वाले मेटल का कोई साईज नही पाया गया. साइट पर गिरे हुए और निर्माण कार्य ने प्रयोग किए जाने वाले मेटल का साइज छोटे बड़े और डस्ट युक्त देखने को मिला. पूछे जाने पर बताया गया कि यह कार्य हर्ष कंस्ट्रूशन को दिया गया है. उसी की निगरानी में यह कार्य चल रहा है.

झारखंड के विकास की गारंटी का सिर्फ एक नाम नरेंद्र मोदी : किसलय तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सिमडेगा की जिला कार्यालय में जिला कार्य समिति बैठक एवं मंडल सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किसलय तिवारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए किसलय तिवारी ने भाजयुमो के समस्त कार्यकताओं को राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रचंड जीत की हार्दिक शुभकामनाएं दी।अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के विकास की गारंटी सिर्फ मोदी हैं। वर्तमान समय में हेमंत सरकार की कार्य व्यवस्था प्रदेश की सारी जनता देख रही है। इस सरकार के नेतृत्व में किस तरह महिला, गरीब, युवा एवं किसान को ठगने का कार्य किया जा रहा है, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। झारखंड प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए हमें पूरे जोश और उमंग के साथ जनता के बीच जाना है तथा मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कराना है। इन सभी कार्यों के लिए कार्यकर्ता अभी से सेवा में लग जाए। कार्यकर्ता गण अपने-अपने मंडल एवं बूथ का शक्तिकरण कर लें। आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में बूथ शक्तिकरण ही जीत का द्वारा खोलेगी।कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि हेमंत सरकार में अराजकता का बोलबाला है। इस सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता आईना दिखाने का कार्य करेगी।कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि महिला, किसान, युवा एवं गरीब के उत्थान के लिए राज्य में भाजपा की सरकार अत्यंत जरूरी है।कार्यक्रम मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भाजयुमो महामंत्री विद्या बड़ाईक एवं अनिरुद्ध सिंह दांगी, उपाध्यक्ष सुबास महतो, अमित अग्रवाल एवं रुपेश बड़ाईक, मनीष कुजूर, आलोक प्रसाद, सोमलाल बेसरा, कामेश्वर प्रधान, विवेक श्रीवास्तव, पंकज कुमार, अमित बड़ाईक, नितेश कुमार सिंह, अजय कुमार जायसवाल, भोला प्रसाद गुप्ता, राहुल मिश्रा, राहुल कैथवार, विनोद बड़ाईक, राम प्रसाद राम, नित्यानंद सिंह, किशोर कुमार सिंह, राजू महतो, विनोद सिंह, बलदेव साहू, लखपति बड़ाईक, मोहन साहू, पुलकित कुमार सिंह, अक्षय, गौरव कुमार, संदीप नाग, संजय कुमार एवं चंदन प्रसून उपस्थित रहे।

डीसी ने पीसी एंड पीएनडीटी कमेटी के साथ बैठक की

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी समिति की समीक्षात्मक बैठक का आहूत की गई। डीसी ने बिंदुवार सभी विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिए। पीसी एंड पीएनडीटी के तहत उपायुक्त ने जिले भर में संचालित अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिक से संचालन हेतु प्राप्त आवेदनों के आलोक में आवश्यक निर्णय लिया गया। जिले में निजी क्लीनिक के द्वारा गर्भवती माताओं के अल्ट्रासाउंड के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

एक नजर

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मधवाटांड़ स्कूल की टीम

कोडरमा। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहले सेमीफाइनल मैच आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड और सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलिया के बीच खेला गया. झुमरी तिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए मधवाटांड़ स्कूल की टीम ने 38.1 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 234 रन बनाए. इसमें अमिष ने सर्वाधिक 42 रन, सत्या ने 38 और अंकित व अभिजीत ने 24-24 रनों का योगदान दिया. गेंदबाजी में सेक्रेट हार्ट स्कूल की ओर से विशाल ने दो विकेट और शौकत, शिवम, अमन व सक्षम ने एक-एक विकेट लिए. बाद में बल्लेबाजी करने उतरी सेक्रेड हार्ट की टीम ने 22.5 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई. सेक्रेड हार्ट की ओर से सक्षम ने 24, अमन ने 18 और आशीष ने 17 रन बनाए.

मोर्चा के गठन को लेकर बैठक कल

कोडरमा। मोर्चा के गठन को लेकर छह दिसंबर को सुबह 11 बजे साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में लोगों की महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसमें मजदूर, किसान, नौजवान, छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इस दौरान जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, ढिबरा चुनने वाले मजदूरों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ लड़ाई तेज करने, छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने समेत अन्य मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

एसजीएफआई खो-खो प्रतियोगिता में मोनू व पवन का चयन

झुमरी तिलैया। रमेश प्रसाद यादव हाई स्कूल के मोनू कुमार और पवन कुमार का चयन स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2023 में किया गया है। दोनों खिलाड़ी झारखंड खो-खो टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता चार दिसंबर से आठ दिसंबर तक महाराष्ट्र के नासिक में होगा। स्कूल के प्राचार्य रामचंद्र यादव ने कहा कि मोनू और पवन का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में चयन होना रमेश प्रसाद यादव हाई स्कूल का ही नहीं, बल्कि पूरे कोडरमा के लिए गर्व की बात है। मोनू और पवन का राष्ट्रीय खो- खो प्रतियोगिता में चयन होने पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, डीसी मेघा भारद्वाज आदि ने बधाई दी है।

तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर निकाला विजय जुलूस

सिमडेगा : जश्न में डूबे भाजपाई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ तीनो राज्यो में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा सिमडेगा द्वारा सोमवार को विजय जुलूस का आयोजन किया गया। विजय जुलूस में साउंड सिस्टम के तर्ज पर नाचते हुए कार्यकताओं ने एक दूसरे के गाल पर अबीर गुलाल लगाते हुए मिठाई बताकर जीत का जश्न मनाया ।जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि देश की जनता को मोदी पर भरोसा है मोदी की गारंटी पर तीनों राज्य की जनता ने भरोसा जताया। तीनों राज्यो के चुनाव परिणाम आने वाले 2024 के चुनाव का ट्रेलर है लोग कांग्रेस को घोटालेबाज साशन से त्रस्त हो चुके थे इसीलिए जनता ने मोदी जी पर भरोसा जताया है वही नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत ऐतिहासिक है। जिस तरह से जनता ने कांग्रेस को चुनाव में आईना दिखाया है ये बताने के लिए काफी है कि 2024 में पुनः देश और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता जिस तरह से भाजपा को अपना मत देकर पूरे देश मे केसरिया लहरा रही है ये गर्व की अनुभूति कराता है।भारतीय जनता पार्टी आज सिर्फ एक दल नहीं बल्कि विचारधारा बन चुकी है। यह जनमानस के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है, तीन राज्यो के परिणाम से कार्यकर्ता उत्साहित हैं ।और दो गुने जोश के साथ 2024 के चुनाव में उतरेंगे। तीन राज्यों के ऐतिहासिक जीत मोदी जी के नीति और काम पर जनता की मोहर है जनता पुनः मन बन चुकी है की 2024 में भी मोदी जी को गद्दी में बैठना है ।वही भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सजंय ठाकुर ने राजस्थान मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को मोदी की आंधी बताया और कहा ये आंधी 2024 आते -आते लोक सभा में झारखंड के 14 सीट जीतकर झारखंड विधानसभा चुनाव में सुनामी में बदल जाएगा और भाजपा सिमडेगा के साथ-साथ कोलेबिरा विधानसभा में भी भाजपा पहली बार जीतकर ऐतिहास बनाएगी ।आज पूरा देश मे एक ही एक ही गारंटी चल रही है मोदी जी की गारंटी जिसमें देश की जनता ने तीन राज्य जिताकर मोहर लगा दिया है।मौके पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता मातृशक्ति मौजूद थे।

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम शिविर में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डोमचांच प्रखंड के बेहराडीह पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया. मौके पर डोमचांच अंचलाधिकारी वीरेंद्र पांडे, मुखिया खुशबू देवी, बीपीओ रामशरण कुमार, जीपीएस प्रफुल कुमार सिंह समेत प्रखंड के कई पदाधिकारी मौजूद रहे. शिविर में ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ी. कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. अबुआ आवास, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे. शिविर मे सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए. वहीं अबुआ आवास योजना के लिए 570 आवेदन प्राप्त हुए. वहीं जाति आवासीय प्रमाण पत्र, पेंशन व राशनकार्ड जैसे कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया. साथ ही लाभुकों के बीच साड़ी, कंबल बांटे गये. कई लोगों का जॉब कार्ड भी निर्गत किया गया.

'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम पर पांच पंचायतों में लगे शिविर

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में ह्लआपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारह्ल कार्यक्रम के सोमवार को ठेठईटांगर प्रखंड के बम्बलकेरा, सिमडेगा प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत, पाकरटांड़ प्रखंड के आसनबेड़ा पंचायत, कोलेबिरा प्रखंड के ऐडेगा पंचायत एवं बानो प्रखण्ड के बिन्तुका पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।विशेष शिविर आयोजित कर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों के बीच मुहैया कराया गया। शिविर में धोती-साड़ी, कंबल, जॉब कार्ड, विभिन्न पेंशन योजना अंतर्गत पेंशन स्वीकृति, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र, स्वयं सहायता समूह को फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत चेक का वितरण किया गया एवं अन्य योजनाओ से संबंधित आवेदनो का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर लाभान्वित किया गया।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, चिकित्सा सहायता योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अबूआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, ग्रीन राशन कार्ड, जाति प्रमाण, पत्र लगान रसीद निर्गत करने व अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन शिविर में प्राप्त किया गया।

कुरडेग में संत फ्रांसिस जेवियर्स पर्व मना

कुरडेग। प्रखंड के खरवाटोली में संत फ्रांसिस जेवियर्स का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर फा सुनील सुरीन की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा भी उपस्थित थे। अपने संदेश में विधायक ने कहा कि संत जेवियर की तरह उत्साही, जोशीले और कर्मठ बनें। संत फ्रांसिस जेवियर मानवता की सेवा और लोगों के प्रेम के लिए अपने देश और परिवार को त्याग कर भारत देश आए थे और अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। यही कारण है कि आज भी लगभग 500 वर्ष से भी अधिक समय से उनका शव गोवा में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि कहा किमिशनरी समाज संत फ्रांसिस जेवियर को काफी महत्वपूर्ण स्थान देता और उन्हें आदर तथा सम्मान का पात्र समझता है।

सिमडेगा डीसी ने की जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई।बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री कन्यादान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, पूरक पोषाहार, पोषण ट्रैकर योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री कन्यादान एवं सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त करते हुए लक्ष्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ. से कहा कि जो गरीब लाभार्थी है जिनके लिए यह योजना बनती है, जो लाभ पाने की अर्हता रखते है उसे ससमय योजना से आच्छादित करें।सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण कार्यों की समीक्षा की।

विधायक ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कुरडेग के खालीजोर बाजार के पास से बनने वाले कालीकरण पथ निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास। मौके पर उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण किया। सड़क खालीजोर बाजार से घाघमुंडा तक 3.6 किलोमीटर तक बनेगा। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि देश का असली स्वरुप गावों में दिखाई देता है। जिसका विकास अत्यंत आवश्यक है। गावों का विकास बिना सड़क के संभव नहीं हैं। इसलिए वे गावों के विकास के लिए अपने क्षेत्र में कई सड़कों और पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार के काम काज से राज्य का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां सड़क बन जाने से इस सड़क के रास्ते गांवों तक अन्य विकास के कार्य पहुंचेगी। जिससे लोगों की जिंदगी में सकारात्मक सुधार आएगा। गर्भवती महिलाएं को सीधे अस्पतालों तक समय से पहुंचने में आसानी होगी। बीमार ब्यक्ति को भी समय पर अस्पताल पहुँचाने में सहूलियत होगी। मौके पर फादर रंजित,जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पीसीसी डेलीगेट सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केसरी, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, युवा कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान,विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,पूर्व प्रखड़ अध्यक्ष देवनिस खलखो,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन, 20 सूत्रीअध्यक्ष वाल्टर टोप्पो आदि ग्रामीण शामिल थे।

रैन बसेरा होते हुए भी बड़ी संख्या में लोग फुटपाथ पर रहने को मजबूर

कोडरमा। ठंड बढ़ते ही सड़क किनारे और स्टेशनों पर रात गुजरने वाले लोग आशियाना ढूंढने में लग जाते हैं। लेकिन झुमरी तिलैया शहर से तीन किमी दूर बने रैन बसेरा ऐसे लोगों के लिए पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो रहा है। रैन बसेरा में लाचार लोगों के लिए समुचित व्यवस्था तो है, लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोग यहां पहुंचने से कतरा रहे हैं। साथ वह फुटपाथ पर रहने को मजबूर हैं। कई लोगों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाबू रैन बसेरा बाजार से बहुत दूर है, जेकर कारण वहां नहीं जाय हियो, बजरिया में रहते, तो वहीं रहती। एक रैन बसेरा रहते हुए भी बहुत लोग आज भी ठंड में झोपड़ी बनाकर या शहर के कई अन्य जगहों पर रात गुजारने को मजबूर रहते हैं। हालांकि नगर परिषद द्वारा बनाया गया रैन बसेरा में 28 लोगों की रहने की सुविधा है, लेकिन आज भी वहां कम ही लोग पहुंचते हैं। नगर पंचायत कोडरमा में भी रैन बसेरा शहर के बीच में ही है। लेकिन 35 लोगों के रहने की सुविधा के बावजूद आज वहां मात्र 8 से 10 लोग ही रहते हैं।

स्वागत

जलडेगा के खरवागढ़ा में सांस्कृति इंद मेला का आयोजन

संस्कृति सभ्यता ही हमारी पहचान : संदेश एक्का

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखंड के जलडेगा में खरवागढ़ा में सोमवार को झारखंड पार्टी की ओर से सांस्कृतिक इंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के रूप में जिलाध्यक्ष मतीयस बागे,युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, मौजूद रहे। जहां पर ग्रामीणों के द्वारा आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। जिसके बाद सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर विभिन्न गांव से आए हुए सांस्कृतिक दल के द्वारा नृत्य प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपने संबोधन में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा कि हमारी सभ्यता संस्कृति ही हमारी पहचान है और युवा पीढ़ी को सभ्यता संस्कृति बचाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है और इसी सोच को बढ़ाने के लिए झारखंड पार्टी द्वारा आज खरवागढा गांव में सांस्कृतिक इंद मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला का आयोजन इस क्षेत्र में किसानों के द्वारा अच्छी फसल उगाए जाने पर ईश्वर को धन्यवाद देने के लिए आयोजन किया गया।आप सभी इसी प्रकार एकता बनाए रखें क्योंकि एकता में ही बल है और आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के प्रतिनिधि को चुनना है ताकि इस क्षेत्र में जो अधूरे विकास कार्य हैं उसे पूरा किया जा सके।

मजदूर नेता ने राजमिस्त्री सम्मेलन के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने सोमवार को प्रखंड के टैंसेर,किनकेल में जाकर मजदूरो के बीच आगामी 10 दिसंबर को होने वाले राजमिस्त्री सम्मेलन को लेकर प्रचार प्रसार किया ।मौके पर उन्होंने सभी लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त राज मिस्त्री सम्मेलन में राजमिस्त्री के अलावा सभी मजदूरों को शामिल होना है, ताकि मजदूरों के हक अधिकार और उनके शोषण के खिलाफ आवाज उठाया जा सके।उन्होंने कहा 10 दिसम्बर को अपना काम को छोड़कर बुद्धाधार शंख नदी केरसई में आयोजित कार्यक्रम मे।भाग ले। उस दिन मजदूर भाइयों अपना अपना आधार कार्ड,फोटो साथ में लेते आवे ताकि श्रम विभाग के माध्यम से मौके पर छूटे हुए मजदूरों का रजिस्ट्रेशन कराया जा सके उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा, ठेठईटांगर पश्चिम जिला परिषद सदस्य सह यूनियन के प्रभारी अजय एक्का, संरक्षक अमित डुंगडुंग ,उपाध्यक्ष मोनू बड़ाइक ,महिला जिला प्रभारी सिमडेगा अगुस्टीना सोरेंग होंगे।

एक नजर

'चरमरा गई है गढ़वा सदर अस्पताल की व्यवस्था, सुधार की आवश्यकता

गढ़वा। सदर अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। इसमें सुधार अत्यंत आवश्यक है नहीं तो जिले के मरीज की जान अव्यवस्था के कारण चली जाएगी। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने कहीं। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में रात में महिला चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण आए दिन मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ता है। वहीं कई मरीजों की जान भी चली जाती है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक सदर अस्पताल में अगर सेवा नहीं देते हैं तो उनके निजी क्लीनिक की सेवा को भी ठप कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हर हाल में चिकित्सकों को रहना होगा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीज परेशान रहते हैं। कल कुछ मरीज के परिजनों ने सूचना दी कि महिला चिकित्सक नहीं है।

तीन राज्यों में भाजपा की जीत देश की जनता की जीत है : मो. महताब आलम

लातेहार। जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष मो. महताब आलम ने देश के तीन राज्यों में भाजपा की जीत को देश की जनता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत से भाजपा देश में और अधिक मजबूत हुई है। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी पर पूरा भरोसा है और देश की जनता ने इन राज्यों में भाजपा को जीता कर इस भरोसे को कायम किया है। उन्होंने कहा कि तेलंगना में भाजपा का अप्रत्याशित प्रदर्शन ऐतिहासिक है। महताब ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भी भाजपा प्रचंड बहुत से जीतेगी और नरेंद्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रतिनिधि सह पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की यह जीत कई मायनों मे ऐतिहासिक है।

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न, सुंदरीकरण कार्य का निर्णय

लातेहार। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार की मासिक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले के सभी छह कमरों का सुंदरीकरण कराने का निर्णय लिया गया। कमरों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया ताकि यहां ठहरने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहु ने मंदिर की प्रतिष्ठा को अक्षुण बनाये रखने की बात कही। संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इन 30 सालों में मंदिर की प्रतिष्ठा काफी दूर दूर तक फैल गयी है। इसे बनाये रखना आवश्यक है।

बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में किडनी की बीमारी से पांच साल की बाघिन की मौत

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान की बाघिन सरस्वती की रविवार सुबह 9:00 बजे मौत हो गयी । वह पांच साल 10 माह थी। वर्ष 2018 में बाघिन अनुष्का ने इसे जन्म दिया था। बाघ-बाघिन की औसत उम्र 13 से 15 साल के बीच होती है। जैविक उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश साहु के अनुसार, बाघिन सरस्वती 22 नवंबर से ही बीमार चल रही थी, उसका इलाज 23 नवंबर को रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय विशेषज्ञ डॉ अभिषेक व डॉ प्रवीण कुमार ने किया था। चिकित्सकों के निर्देश पर उसके खून की जांच करायी गयी थी। रिपोर्ट में उसे किडनी की बीमारी पायी गयी थी। 30 नवंबर को रांची पशुचिकित्सा महाविद्यालय विशेषज्ञ दल ने गहन जांच की थी. हालांकि, किडनी में संक्रमण कम नहीं हो रही थी। उद्यान प्रबंधन द्वारा देश के अन्य चिड़ियाघरों के पशु चिकित्सकों से भी परामर्श लिया था, लेकिन सरस्वती को नहीं बचाया जा सका। डॉ एमके गुप्ता और डॉ संजीत कुमार ने मृत बाघिन का पोस्टमार्टम किया, पोस्टमार्टम के बाद डाक्टरों के दल ने प्रथमदृष्टया बाघिन की मौत का कारण किडनी की बीमारी बताया. गहन जांच के लिए मृत बाघिन के विभिन्न अंगों के सैंपल लिये गये हैं. इन सैंपलों को जांच के लिए आइवीआरआइ बरेली व रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया है।

वोटर लिस्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक का आयोजन

लातेहार। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, मोहमद परवेज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा क्रम में फॉर्म 6, 7 के संग्रहण, घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य एवं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने आदि से संबंधित त्रुटि की जांच करने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के डाटा में आवश्यक सुधार के अलावा नए मतदाताओं के नाम जोड़ने आदि को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि एक भी योग्य मतदाता न छूटे इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें। निर्वाचन कार्य अतिमहत्वपूर्ण कार्य है अतः इसमें कोई चूक नहीं हो तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निष्पादित किसभी सहायक निर्वाचक निबंधनया जाय।

बेड़ो में अपराधियों ने सड़क निर्माण में लगे दो वाहनों को फुंका

चार-पांच की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पोकलो ढोढ़हा के समीप अज्ञात चार -पांच की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने रांची गुमला रोड पर काम करनेवाली आरकेडी कंपनी के दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जिसमें दो वाहनों में क्रमशः टेंडम रोलर 20 पूरी तरह जल गई। वहीं दूसरा वाहन पीटीआर 02 आंशिक रूप से क्षति हुई है। घटना रविवार की रात करीब ढाई बजे की है। वहीं घटना के कारणों का अबतक कोई पता नहीं चल पाया है। इस संदर्भ में आरकेडी कंपनी के प्रबंधक कृपा सिंधु बेहरा ने बेड़ो थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार रांची गुमला मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य करा रहे आरकेडी कंपनी के दो वाहन वहां खड़े थे। इसी बीच रविवार की रात करीब ढाई बजे अज्ञात चार पांच की संख्या में हथियारबंद अपराधकर्मी चल रहे निर्माण कार्य के साईट पर आ धमके। अपराधियों ने वहां सो रहे कंपनी के लोगों को गाली ग्लौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। इसके बाद दो वाहनों में आग लगा दिया। जिससे आरकेडी कंपनी का एक वाहन टेंडम रोलर 20 पूरी तरह जल गई। वहीं पास पर खड़ा दूसरा वाहन पीटीआर 02 को अगलगी में आंशिक क्षति हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने घटना की छानबीन करते हुए घटनास्थल का जायजा लिया। इधर आरकेडी कंपनी के टैंकर से ही पानी का बौछार कर भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना से आसपास में दहशत व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक घटना के कारणों पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है।

स्विफ्ट डिजायर की चपेट में आने से मां बेटा घायल, दोनों रिम्स रेफर

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर सोमवार की रात लगभग साढ़े सात बजे स्विफ्ट डिजायर कार जिसका नं जेएच 01 इजेड 3089 की चपेट में आने से बाइक सवार लोहरदगा रोड बेड़ो निवासी 60 वर्षीय मां फागुनी देवी पति पूरन महतो व 30 वर्षीय बेटा प्रदीप महतो गंभीर रूप घायल हो गए। जिसे समाजसेवी जुगेश उरांव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा काजोल ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल हुए फागुनी देवी के बड़े बेटे भूषण ने बताया कि मां और उसका छोटा भाई अपने बाइक से बेड़ो बाजार से सब्जी बेचकर आ रहे थे। इसी दौरान प्रखंड कार्यालय के समीप कार ने टक्कर मार दी।

बेड़ो में एक ही दुकान पर 15 दिन में तीन बार चोरी

जांच करने पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम भी नहीं पहुंच सकी चोरों तक

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो थाना से महज 100 मीटर की दूरी स्थित जनता किराना दुकान से 15 दिनों में चोरों ने तीन बार चोरी की घटना को अंजाम देते हुए हजारों रुपए के किराना के सामान अपने साथ ले उड़े। किराना दुकान संचालक रौशन आलम ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह रविवार की रात 8:00 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। वहीं सोमवार की सुबह वापस दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के दरवाजा और ताला टूटा पड़ा है। इसके बाद हमने अंदर जाकर देखा तो दुकान के अंदर दुकान में रखें हॉर्लिक्स,जीरा गोलकी डेयरी मिल्क चॉकलेट सहित महंगे दुकान के समान को चोरों ने अपने साथ चोरी कर ले गए। वही चोरों ने इस बार रौशन आलम के बड़े भाई हफीज आलम के दर्पण स्टोर नाम के श्रृंगार स्टोर में छप्पर उजाड़ कर चोरों ने श्रृंगार दुकान में चोरी किया है। रौशन आलम ने बताया कि आज से लगभग एक सप्ताह पहले भी दुकान में दो बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर छत के सहारे दुकान के अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने घटनास्थल पहुंच कर घटना स्थल का मुआयना कर चोरों की धर पकड़ में जुट गए है। इधर घटना को लेकर पुलिस ने डॉग स्क्वायड को बुलाकर चोरों की खोज की गई। इस घटना पर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस विभिन्न बिंदुओं से जांच कर रही है। लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर छानबीन शुरू कर दी है। वही दुकानदारों में घटना को लेकर दहशत व्याप्त है। दुकानदारों ने जांच कर घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वही समाचार लिखे जाने तक घटना को लेकर मामला दर्ज नहीं किया गया था।

दुकान में शराब की पेटियों में मिलीं ईटें, बोतलों में पाया पानी

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
प्रखंड मुख्यालय स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान संख्या 8 में शराब बेच रही कंपनी जीडिलेक्स का टेंडर रद्द हो जाने के बाद आरके कंपनी द्वारा नये टेंडर के तहत दुकान का संचालन संभाला है। कंपनी के कर्मी जब दुकान हैंडओवर लेने पहुंचे तो दुकान में कई शराब की पेटियों में ईंट भरी हुई पाई गई। कई बोतलों में पानी मिला हुआ था, जिसकी कीमत लगभग 120, 535 रुपये है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरके कंपनी के जिला कोआर्डिनेटर रंजीत कुमार ने बताया कि दुकान प्रभारी अमित कुमार, दुकान सहायक मनोज कुमार, दुकान सहायक लालदेव कुमार उर्फ पिंकु के सामने दुकान का सामान मिलाया गया। शराब की चार पेटियों में ईंट भरी हुई पाई गई। कई शराब की बोतलों में पानी मिलाकर रखा हुआ था।

तीन राज्य में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में निकाला जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो व नरकोपी मंडल के कार्यकर्ताओं ने तीन प्रदेशों में भाजपा को मिले प्रचंड जनादेश की खुशी में सोमवार को बेड़ो मडल महामंत्री बलराम सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल लगाते हुए विजय जुलूस निकाला। जहां कार्यकर्ताओं ने पटाखा फोड़ा, झुमते नाचते गाते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जयकारा लगाते हुए मिठाइयां बांटी। वही मौके पर मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि काँग्रेस जितना ही प्रधानमंत्री के बारे में बुराई करती है उतना ही प्रधानमंत्री का नाम आगे बढ़ रहा है, देश की जनता सब कुछ समझ चुकी है। इस बार के चुनाव में पुरुष से ज्यादा महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। अब देश की जनता को कोई भी गुमराह नहीं कर सकता। उन्होने कहा कि 2024 लोकसुभा चुनाव में भाजपा अपना ही रिकार्ड तोड़ेगा और आने वाले झारखण्ड विधानसभा के चुनाव में इस बार 60 पार की बहुमत से झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। मौके पर अध्यक्ष आलोक मिश्रा सुखदेव कच्छप महामंत्री बलराम सिंह नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू, भीखा उरांव, तेजु दास, चंद्र किशोर उरांव, धनंजय राय, महादेव उरांव, धनेश्वर राम, रंजन गुप्ता, जतरू उरांव, पारस नाथ, उरांव मनोज साहू, सामंती देवी, अभीषेक पांडे, विरन लाल, शक्ति राम, प्रदीप कुमार, रमेश भगत, सुरेन्द्र लोहरा, संजय लाल, सुखदेव उरांव, शनि खेश, संदीप ठाकुर, आदित्य ताम्रकार, बंसती देवी, सरीता देवी, बिरसा कुजूर, विनोद महली, गोविन्द महली, राजीव रंजन अधिकारी एवं कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक संपन्न

सिल्ली। राष्ट्रीय वरिष्ठ संघ के सदस्यों की बैठक प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित संघ के कार्यालय में विजय चंद्र महतों की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन संघ के उपाध्यक्ष रतनलाल महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय संरक्षक निर्मल चंद्र साहू, सचिव करम सिंह महतो उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर कई विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं तय किया कि आगामी नव वर्ष 24 जनवरी को बड़ा चांगडू से सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा । आगामी 23 जनवरी को सतीघाट मेला परिसर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया। विधानसभा स्तर में पंचायत कमेटी तैयार की जाए इसके लिए सिल्ली के अलावा सोनाहातू में भी 10 पंचायतों में पंचायत स्तर पर कमेटी बनाने तथा प्रखंड समिति, जिला समिति, राज्य समिति, का गठन कर राज्य स्तरीय सम्मेलन करने पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर समल महतो, रासबिहारी महतो, प्रो हेमंत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

बीईओ सहित 15 पदों पर सीधी नियुक्ति जेएसएससी निकालेगा विज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित अवर शिक्षा सेवा के 15 पदों पर सीधी नियुक्ति होगी। इन पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा लेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने झारखंड अवर शिक्षा सेवा नियमावली-2014 को निरस्त कर नयी सेवा नियमावली बनायी है। इसकी अधिसूचना भी जारी की गयी है। जारी अधिसूचना में कई पदों के वेतनमान में भी बदलाव किया गया है।

वहीं अवर शिक्षा सेवा संवर्ग से अवर शिक्षा सेवा के संवर्गीय पदों पर प्रोन्नति का निर्णय कमेटी लेगी। विभाग ने इसके लिए पांच सदस्यीय कमेटी का भी गठन कर दिया है। इस कमेटी में निदेशक प्राथमिक शिक्षा निदेशक को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कमेटी के अन्य सदस्यों में सीनियर क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, कार्मिक विभाग की ओर से मनोनित अजा व अजजा का एक राजपत्रित पदाधिकारी, शिक्षा विभाग की ओर से मनोनित पदाधिकारी और प्राथमिक शिक्षा के उप निदेशक/ विषय प्रभारी होंगे।

प्रोन्नति के बाद ग्रेड-पे में बदलाव : प्रोन्नति के बाद उनके ग्रेड पे बढ़कर 4600 रुपया हो जाएगा। वहीं इन पदों पर आठ साल की और सेवा देने पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल के उप सचिव, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सहायक शिक्षा योजना निदेशक के रूप में प्रोन्नति भी मिलेगा। जिसमें निर्धारित वेतनमान के अलावा 4800 रुपये का ग्रेड पे दिया जाएगा। सीधी नियुक्ति के लिए अधिकतम उम्र सीमा वही होगा जो कार्मिक विभाग द्वारा सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए तय किया है।

पहल डंडई प्रखंड कार्यालय में किया गया किसान गोष्ठी का आयोजन

किसानों को दी गई नई विधि से खेती करने की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। डंडई
प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सोमवार को आत्मा गढ़वा के तत्वधान में कृषक गोष्ठी सह प्रक्षेप दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान कृषक गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू ने कहा कि किसान कृषि कार्य के पुरानी पद्धति को छोड़ नए विधि से अपने खेतों में खेती करें। किसानों को इसका फायदा निश्चित रूप से मिलेगा। आज भी कई किसान पुरानी पद्धति से खेती कर रहे हैं जिस कारण कृषि कार्य में किसानों को बेहतर मुनाफा नहीं मिल पा रहा है। किसान कृषि कार्य को पूर्ववर्ती व्यवस्था को छोड़ वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अपने आय को दोगुनी कर सकते हैं। बीटीएम सतेंद्र कुमार ने कहा कि विभिन्न खेतों की मिट्टी अलग-अलग होती है। साथ ही अलग-अलग खेतों में बीमारी भी कई प्रकार के होते हैं। किसानों को खेतों में लगे फसल की समय-समय पर पहचान करनी होगी और उसके अनुसार ही खेतों में दवा का छिड़काव करें। उन्होंने वर्तमान समय में चना, मसूर, सरसों, अरहर सहित अन्य फसलों में होने वाले रोग व समाधान के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि किसान खेतों से मिट्टी का नमूना जांच कराकर ही फसल की बुवाई करें। मिट्टी जांच से किसानों को यह पता चल सकेगा कि किस खेत में क्या कमी है। उसी के अनुसार किसान अपने खेतों में उर्वरक खाद बीज प्रयोग करें।

कृषक गोष्ठी को अंचलाधिकारी चोना राम हेंब्रम, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति, जेएसएलपीएस सीआरपी रवीना खातून सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर सुदामाप्रजापति, शिवकुमार यादव, संजय प्रजापति, दुखनराम कमलेश प्रजापति, आत्मा राम, रीमा देवी, फुलवंती देवी, गोरख नाथ चौबे, राजू विश्वकर्मा, विनय सिंह, साबिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

आत्मा गढ़वा ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन, फसल उपज पर की गई चर्चा

बड़गड़। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में आत्मा गढ़वा के द्वारा प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत में प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को झारखंड कृषि श्रृण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना, स्वाईल हेल्थ कार्ड एवं रबी फसल में लगने वाले फसल उपज पर चर्चा की गई। साथ ही किसानों को खेतों में जैविक खाद के उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर बीटीएम जगरनाथ कुमार राम, कृषक मित्र राजेश बाखला, आनन्दीप गिद्ध, रंजीत तिग्गा, एलसीआरपी अनील मींज आदि सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

अबुआ आवास को शिविर में उमड़े ग्रामीण

टंडवा। प्रखंड क्षेत्र अंर्तगत कबरा पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के 23 स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में ग्रामीण अबुआ आवास योजना ग्रामीणों ने प्रशंसा की। विभिन्न विभागों में प्राप्त कुल 1063 आवेदनों में 623 अबुआ आवास से संबंधित थे। वहीं 319 आवेदनों को मौके पर ही निष्पादित कर दिया गया। इसके पूर्व बीडीओ देवलाल उरांव ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से दी। मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने सरकार के कार्यक्रम की प्रशंसा की। मौके पर सीओ राजेन्द्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, पंसस शशिबाला देवी, पंसस नीतेश अंबानी, रविन्द्र सिंह, उदय पांडेय, प्रयाग राम, गजेन्द्र साहू, रंजन सिंह, मोहन राणा, गीता देवी आदि मौजूद थे। शिविर में 12 लाख ऋण का वितरण पत्थलगड़ा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंघानी पंचायत सचिवालय परिसर में किया गया।

यदि अवसर का लाभ नहीं उठाया जाय, तो योग्यता का कोई मोल नहीं रह जाता।: अज्ञात

मुहिम का हिस्सा बनें

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने पिछले दिनों एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें जल संचय को लेकर सोचने की जरूरत है। भूजल की स्थिति को लेकर यह चिन्ता सरकार और सरकारी संस्थानों से पलटवार आम नागरिक के लिए बहुत जरूरी है। एक खुशखबरी यह भी कि पिछले साल की तुलना में झारखंड में इस बार भूजल के दोहन में कमी आई है। लेकिन यहां के कई जिलों में दोहन जारी है। भूजल का दोहन इन्डस्ट्रीज इलाकों में ज्यादा हो रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि झारखंड के छह जिलों में स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में भूजल का स्तर कैसे अधिक हो इस पर अमल करने की जरूरत है। गर्मी के दिनों में पानी के लिए मारामारी आम बात है। गर्मी के दिनों में जल का स्तर घट जाने से कुएं और तालाब सूख जाते हैं। पानी की कमी को दूर करने के लिए लगातार गहरी बोरिंग और ट्यबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन होने से जल का स्तर काफी नीचे चला जाता है। अभी बरसात गुजरा है। पानी का संचय कैसे हो,इस पर चर्चा जरूरी है। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। भूजल के स्तर का घटना बड़ी समस्या है। लेकिन दुर्भाग्य इस ओर सरकार के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं का ध्यान नहीं के बराबर होता है। मौसमी माह में संगीत का बजना शुरू हो जाता है। पानी की किल्लत होने से पूरा जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। यह कोई छोटी-मोटी समस्या नहीं है। अतः इससे निपटने के लिए हो रहे प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है। आने वाला दिन पानी को लेकर भयावह स्थिति से गुजरने वाला है। बावजूद चुप्पी का मतलब समझ से बाहर है। इस काम के लिए कठोर कानून बनाने की जरूरत है। जल ही जीवन है। इस वाक्य को जीवन में लागू करने की जरूरत है। तभी इस नारे की उपयोगिता सार्थक होगी। जल संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयास को सार्थक परिणाम मिले। इसके लिए समाज के हर तपके के लोगों का साथ चाहिए। यह सोचना जरूरी है कि जल का संरक्षण कैसे किया जाये। पर्यावरण की रक्षा से जल का संचय किया जा सकता है। अधिक से अधिक पेड़ लगाये जायें। साथ ही बेकार बह रह पानी को रोकने की दिशा में लगातार प्रयास होने चाहिए। वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देकर इस अभियान को गति दी जा सकती है। नेचर के साथ खिलवाड़ भारी पड़ सकती है। गहरी बोरिंग से काम अधिक दिनों तक नहीं चलने वाला है। ऐसे में सालो भर भूजल की बाबत कार्य को गति दी जानी चाहिए। यह विषय गहरी सोच भरी है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। तभी हमारे सांस्कृतिक आंगन में विविध प्रकार के फूल मुस्कराकर हमारे जीवन का अभिनंदन करेगें। मानव जीवन की यह त्रासद भरी दिनचर्या है कि जल संचय की ओर अभी तक हमारा ध्यान नहीं गया है,या यूं कहें कि इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यह वक्त सोचने विचारने का नहीं अपितु काम करने का है। आइये...इस मुहिम का हम सभी हिस्सा बनें।

भूजल का दोहन इन्डस्ट्रीज इलाकों में ज्यादा हो रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि झारखंड के छह जिलों में स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में भूजल का स्तर कैसे अधिक हो इस पर अमल करने की जरूरत है। गर्मी के दिनों में पानी के लिए मारामारी आम बात है। गर्मी के दिनों में जल का स्तर घट जाने से कुएं और तालाब सूख जाते हैं। पानी की कमी को दूर करने के लिए लगातार गहरी बोरिंग और ट्यबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन होने से जल का स्तर काफी नीचे चला जाता है। अभी बरसात गुजरा है।

इन दिनों

हिन्दी पट्टी में भाजपा की जीत के मायने

ऋतुपर्ण दवे

निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव के नतीजों से अगर सबसे ज्यादा किसी में उत्साह होगा तो वह है भाजपा। उसमें भी मध्य प्रदेश के नतीजों ने तो जैसे भाजपा के उत्साह में सुनामी ला दी। बहरहाल यह मोदी मैजिक ही है जिसने हिन्दी पट्टी वाले राज्यों में विपक्ष या कहें कि नवगठित इंडिया गठबंधन के सपने धराशायी कर दिये। माना कि मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना ने कमल के लिए कमाल का काम किया, लेकिन छत्तीसगढ़ में आखिर ऐसा क्या हुआ जो गाय, गोबर, गोठान, महतारी योजना, आत्मानन्द स्कूलों के बाद भी नतीजे एकदम उम्मीद से इतर आए? जबकि राजस्थान में जादूगर अशोक गहलोत का चलते दिख रहे जादू पर भाजपा का जादू भारी पड़ गया। तेलंगाना में जरूर कांग्रेस को झोली में उम्मीद से ज्यादा हासिल मिला। शायद भारत की यही विविधता है। विश्लेषण के लिहाज से इन नतीजों के मायने काफी गहरे हैं। इन्हें 2024 के आम चुनाव से जोड़ा जायेगा। चारों नतीजों में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश की ही चर्चा होगी जिसे संघ की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। जहां बढ़े मतदान के बाद तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे थे। चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाये गये, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गये। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है। बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्य प्रदेश में एक अंडर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरे ने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक साबित हुई। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्य प्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना रहे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे। निश्चित रूप से भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आए। इसके साथ ही सांसदों और केन्द्रीय मंत्रियों को उतारने से भाजपा ने एक तीर से कई निशाने भी साधे। मध्य प्रदेश के नतीजों के बाद शिवराज सिंह का वह बयान बार-बार याद आता है जिसमें उन्होंने कहा था कि टाइगर अभी जिंदा है। लेकिन सच तो ये है कि टाइगर बहुत फुर्तीला है। कहने की जरूरत नहीं कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह फिर मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ में सम्मानजनक स्थिति के बाद फैसला केन्द्रीय नेतृत्व के हाथों होगा। कमोबेश यही स्थिति राजस्थान में होगी। वहां वसुन्धरा या कोई और का सवाल अभी कई दिनों तक रहेगा। एक अकेले तेलंगाना में कांग्रेस को मुख्यमंत्री तय करने में कैसी चुनौती आयेगी नहीं पता लेकिन इतना तो है कि गिरे मनोबल से वहां इस बार पुरानी चूक नहीं दोहराई जायेगी। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने भी सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने के लिए कोशिश नहीं कीं। परन्तु सच्चाई यही है कि कांग्रेस संगठनात्मक तौर पर भाजपा के मुकाबले 19 नहीं बल्कि 8-10 ही रह गई है। बरसों पुराने कार्यकर्ता, नई टीम का अभाव, लोगों से जुड़ाव पर ध्यान नहीं देना, हर गांव, शहर के छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भोपाल कनेक्ट दिखाना और प्रदेश के कई नेताओं के अनजान कस्बों में लगे होर्डिंग से कांग्रेस वैसा कनेक्ट नहीं कर पाई जो स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नगर, वार्ड, बूथ और पन्ना प्रमुख कर सके।

चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाये गये, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गये। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है। बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्य प्रदेश में एक अंडर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरे ने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक साबित हुई। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्य प्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना रहे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे। निश्चित रूप से भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आए।

आप की बात

नाली, सड़क की घोर समस्या

मेदिनीनगर के वार्ड नंबर 11 में बरसात के अलावा सामान्य दिनों में भी नाली का पानी सड़क पर जमा होने के कारण राहगीरों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार नाली और सड़क की समस्या को लेकर नगर निगम प्रशासन को इससे अवगत कराया है। इसके बाद भी यहां के सड़क और नाली का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। बारिश के दिनों में तो सड़क तालाब में तब्दील हो जाते हैं। इस रास्ते में कई बार लोग बाइक से गिरकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इतना ही नहीं बीएन कॉलेज मार्ग की स्थिति तो और भी दयनीय है। सड़क पर हर जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जो कि लोगों के लिए परेशानियों का सबब बने हुए हैं। इसके साथ ही वार्ड नंबर 11 में सप्लाई पानी के लिए लोगों को 1 किलोमीटर दूर चल कर जाना पड़ता है। सप्लाई पानी नल लगाने के लिए भी यहां के स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम से आग्रह किया है। इसके बाद भी नगर निगम के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि वार्ड नंबर 11 नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में काफी पिछड़ा वार्ड है। इस क्षेत्र के सभी सड़क नाली इतने जर्जर हैं कि लोगों को पैदल चलने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुविधा के घोर अभाव के बाद भी नगर निगम टैक्स के नाम पर लोगों से जबरन पैसा वसूली करते नजर आते हैं।

– उपेन्द्र कुमार

प्रकृति

महर्षि अरविन्द हैं आध्यात्मि क्रांति के सशस्त हस्ताक्षर

ललित गर्ग

देश के महान क्रांतिकारियों में से एक महर्षि अरविन्द देश की आध्यात्मिक क्रांति की के सशस्त हस्ताक्षर थे। वे एक क्रांतिकारी, योगी, समाज-सुधारक, विचारक एवं दार्शनिक थे। क्रांतिकारी इसलिए की वे गरमदल के लिए प्रेरणास्त्रोत थे और दार्शनिक इसलिए की उन्होंने 'क्रमविकास' का एक नया सिद्धांत गढ़ा। दर्शनशास्त्र में जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के साथ उनका नाम भी जोड़ा जाता है। उन्हीं के आह्वान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। वे व्यक्ति नहीं, धर्म, दर्शन, योग, साहित्य साधना, संस्कृति एवं राष्ट्रीयता के प्रेरणापुरुष थे। पर हमारे सामने समस्या यह है कि हम कैसे मापे उस आकाश को, कैसे बांधे उस समन्दर को, कैसे गिने बरसात की बूंदों को? अरविन्द के क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक जीवन की उपलब्धियां उम्र के पैमानों से इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। उन्होंने पुरुषार्थ से न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र का भाग्य रचा, जो आज भी हमारे जीवन की दशा एवं दिशा बदलने में सक्षम है। क्रांतिकारी महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता (बंगाल की धरती) में हुआ। उनके पिता के.डी. घोष एक डॉक्टर तथा अंग्रेजों के प्रशंसक थे। पिता अंग्रेजों के प्रशंसक लेकिन उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गये। अरविन्द ने युवा अवस्था में स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारी के रूप में भाग लिया, किन्तु बाद में यह एक योगी बन गये और इन्होंने पांडिचेरी में एक आश्रम स्थापित किया। वेद, उपनिषद ग्रन्थों आदि पर टीका लिखी। योग साधना पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। उनका पूरे विश्व में दर्शन शास्त्र पर बहुत प्रभाव रहा है और उनकी साधना पद्धति के अनुयायी सब देशों में पाये जाते हैं। वे कवि भी थे और गुरु भी। अरविन्द के पिता डॉक्टर कृष्णधन घोष उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर उच्च सरकारी पद दिलाना चाहते थे, अतएव मात्र 7 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने इन्हें इंग्लैण्ड भेज दिया।

महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता में हुआ। उनके पिता के.डी. घोष एक डॉक्टर व अंग्रेजों के प्रशंसक थे। पिता अंग्रेजों के प्रशंसक लेकिन उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गये।

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

ऋषियों को दूसरों के अनुसरण के लिए उदाहरण स्थापित करने थे और इसलिए उन्होंने स्वयं को संदेह या उदारता का जरा भी लाभ नहीं होने दिया। पहले चार बेटों ने इनकार कर दिया क्योंकि वे अहंकारी फिल्टर के माध्यम से अपने पिता के सच्चे इरादों और शक्तियों को नहीं देख सकते थे। सबसे छोटे राम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए अपनी माँ को मार डाला और फिर पिता के आदेश पर अपने भाइयों को भी अपने पिता की आज्ञा का उल्लंघन करने के पाप के लिए मार डाला। इस प्रकार हम देखते हैं कि दोनों राम (परशुराम और दशरथ राम) पिता, माता और गुरु की आज्ञा का पालन करने में महान थे। गुरु की आज्ञा मानना ही सर्वोत्तम यज्ञ, सर्वोत्तम तप और सर्वोत्तम साधना है। गुरु की आज्ञा का पालन करना (इस मामले में पिता ही गुरु है) सर्वोच्च धर्म है जैसा कि श्री गुरु चरित्र, श्री साई सच्चरित्र, श्री गीता और श्री रामायण आदि में बताया गया है। जमदग्नि राम की आज्ञाकारिता से प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान दिया। राम ने अपने पिता से उनकी माँ और भाइयों को जीवित करने के लिए कहा और ऋषि ने उनकी बात मान ली। वह उस युग में ऋषियों की शक्ति थी! उनके तप ने उन्हें वह शक्ति दी! रेणुका के सिर कटे शरीर को चिन्ना मस्ता (बिना सिर) नाम की देवी के रूप में पूजा जाता है, जिन्हें अपने बाएं हाथ से अपना सिर पकड़े हुए दिखाया गया है और रक्त की तीन धाराएं तीन नाड़ियों, इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना का प्रतिनिधित्व करती हैं।

जमदग्नि की मृत्यु : हैहय वंश के शक्तिशाली राजा कार्तवीर्यार्जुन का जन्म दो छोटे और कमजोर हाथों के साथ हुआ था। उस विकृति का कारण एक और दिलचस्प कहानी है। एक बार सुदर्शन चक्र को अपनी शक्तियों पर काफी घमंड हो गया था और श्री महा विष्णु ने सुदर्शन को कमजोर हाथों वाले इंसान के रूप में जन्म लेने का श्राप दे दिया था। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से



X - से

अपने पत्र हमें इमेंल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

सैम बहादुर के बहाने याद जेनरल मानेकशॉ की

आर.के.सिन्हा

सैम हॉरमुसजी फेमजी जमशेद जी मानेकशॉ को देश 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में भारतीय थल सेना का कुशल नेतृत्व करने वाले एक सेनाध्यक्ष के रूप में कृतज्ञ भाव से याद करता है। वे फील्ड मार्शल का पद हासिल करने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी थे। अब उनके जीवन पर आधारित फिल्म सैम बहादुर के रीलिज होने के साथ ही यह मौका है कि हमारे सारे देशवासी खासकर के युवा पीढ़ी उनकी शख्सियत को फिर से जाने-समझे। उन्हें सैम मानेकशॉ और सैम बहादुर भी कहा जाता था। वे 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने थे। इससे पहले उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के साथ-साथ भारत की चीन और पाकिस्तान के साथ हुई तमाम जंगों में अहम भूमिका निभाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी, जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। दरअसल जंग सेना के साथ-साथ सारा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, रणभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होती ही है। 1971 की जंग के नायकों की बात होगी तो अनेकों नायक सामने आयेंगे। इस बाबत जेनरल जगजीत सिंह अरोरा और जेनरल जैकब से लेकर सेकिंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल को भी याद भी किया जायेगा। उस जंग में भारत की विजय पर बात तब तक अधूरी रहेगी जब तक अरुण खेत्रपाल के पराक्रम की चर्चा ना हो जाय। उनके पिता भी उस जंग में लड़ रहे थे। अरुण खेत्रपाल ने पंजाब-जम्मू सेक्टर के शकरगढ़ में शत्रु के दस टैंक नष्ट किये थे। वे तब मात्र 21 साल के थे। इतनी कम आयु में अब तक किसी को परमवीर चक्र नहीं मिला है। नोएडा का अरुण विहार सेकिंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के नाम पर ही है।

सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे।

टेक वर्ल्ड

एक्स ला रहा है दो नये प्लान्स

शुरूआत में जब सोशल मीडिया का दौर चला था तो कई सारे लेखक प्रतिक्रिया में रहते थे कि जब यूजर्स इसके आदी हो जाएंगे तो लाइक और कमेंट के भी पैसे लगेंगे और एक्स इसको बिल्कुल सही साबित करता जा रहा है। ट्विटर अब पूरी तरह से X बन चुका है और एलन मस्क जिन्हें दुनिया ना केवल सबसे बड़े अरबपति के रूप में जानती है, बल्कि इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर के रूप में भी उनकी पहचान है, उन्होंने ट्विटर को पूरी तरह से बदल दिया। इस बदलाव की कड़ी में वह दो प्रीमियम पेड प्लांस के साथ आने वाले हैं, जिसमें पहला 8 डॉलर मंथली से कम का प्लान होगा। वहीं दूसरा प्लान थोड़ा महंगा होगा जो सभी प्रकार के विज्ञापनों को हटा देगा। जाहिर तौर पर एक्स की अपनी एक अलग लोकप्रियता है और उसी लोकप्रियता को एलन मस्क पूरी तरह से भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। एलन मस्क ने जब से ट्विटर को खरीदा है वह आमदनी बढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रयोग को लगातार रोल आउट कर रहे हैं। हालांकि बहुत सारे फॉलोअर्स उनके इस प्रयासों को पसंद नहीं भी कर रहे हैं। जैसे एक फॉलोअर द्वारा इस प्रयास पर कमेंट किया गया कि एक को ज्यादा मोनेटाइजेशन पेआउट सिस्टम पर कार्य करना चाहिए। खैर कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना। लेकिन आपको बता दें कि कम रुपए वाले प्रीमियम प्लान में यूजर्स को सभी फीचर मिलेंगे लेकिन उसमें एडवर्टाइजमेंट भी रहेगी यानी ऐड भी आपको दिखेगा।

■ विंध्यवासिनी सिंह

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

पार्टी के किए गए वादों को प्राथमिकता दी जाएगी : डॉ. रमन

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को ट्वीट कर कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की बड़ी जीत के बाद अब चुनाव के दौरान जनता को किये गये वादों को पूरा करने की चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की इस नई सरकार में हमारे लिए पहली चुनौती अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पहली कैबिनेट से ही लागू करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई गारंटी और हमारी पार्टी द्वारा किए गए वादों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस के कुशासन का अंत हुआ है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर भरोसा किया है। मैं जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त करता हूं।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पर नाराज हुए शिक्षक

पटना। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक से नाराज होकर विशेष शिक्षक हड़ताल पर आ गए हैं। बैनर पोस्टर लेकर राजधानी पटना में सोमवार को धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। विशेष शिक्षक सरकारी स्कूलों में विकलांग, दिव्यांग बच्चों को पढ़ाते हैं। बिहार के कोने-कोने से पटना पहुंचे हैं और हड़ताल पर बैठ गए हैं। इसमें दिव्यांग शिक्षिकाएं भी हैं। केके पाठक पर जमकर भड़ास उतार रहे हैं। सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रहे हैं। विशेष शिक्षकों का कहना है कि केके पाठक हमलोगों की कोई बात नहीं सुनते हैं और न मुलाकात हो पाती है, एक के बाद एक सिर्फ आदेश जारी करते रहते हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब तक हम लोगों की मांग नहीं मानी जाएगी तब तक हम लोग नहीं पढ़ाएंगे, पढ़ाई बाधित रहेगी। हम लोग 17 साल से विकलांग, दिव्यांग बच्चों को कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर पढ़ा रहे। उन लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। सिर्फ 16 हजार सैलरी है। सैलरी बढ़ाई जाए।

अतीक अशरफ हत्याकांड के आरोपियों की सुनवाई टली, अब 18 दिसंबर को

लखनऊ। इलाहाबाद जिला न्यायालय में माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपितों की सोमवार को होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर तय की गई है। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के तीनों हत्यारोपितों सनी सिंह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य फिलहाल चित्रकूट की जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इन्हें जिला जज संतोष राय की अदालत में जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया।

पिछली नियत तिथि पर आरोपित शनि की ओर से पैरवी करने के लिए अदालत ने रत्नेश कुमार शुक्ल को न्याय मित्र नियुक्त किया था। जिला जज के अवकाश में रहने के कारण विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपियों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 13 जुलाई को आरोप पत्र दाखिल किया था।

बिहार में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को

पूर्णियां। इस वर्ष के चौथे व अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को होना है। यह आयोजन राष्ट्र व्यापी होगा। पूर्णिया न्याय मंडल में भी इसके आयोजन के लिए तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। इस संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने जानकारी देते हुए सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के कार्यकमानुसार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णियों द्वारा भी 09 दिसंबर 2023 को इस वर्ष के अंतिम व चौथे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। व्यवहार न्यायालय पूर्णियों के साथ-साथ अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय बनमनखी, धमदाहा एवं बायसी में भी यह आयोजन किया जाएगा। उन्होने आगे कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय से सबंधित लगभग 03 हजार 600 लंबित मामलों को चिन्हित किया गया है।

पाकुड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीणों के बीच गैस चूल्हा व अन्य सामानों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास का पडाव सोमवार को पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखंड के खजूर डगाल एवं बासित कुंडी पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।विशेष कर ग्रामीण महिलाएं उससे लाभान्वित हुए। भारत सरकार के प्रचार जागरूकता वाहन से लोगों ने जानकारी प्राप्त की और एलईडी वॉल पर प्रधानमंत्री का संदेश देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान सभा में आए हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई व सुयोग्य लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। यह कार्यक्रम पाकुड़िया प्रखंड के बासित कुंडी पंचायत के मुखिया श्रीमती बसंती हासदा के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड के

बीपीओ श्री राजकुमार चक के देव कुमार ठाकुर वार्ड संख्या 12 के वार्ड सदस्य श्रीमती सोनमती बेयरा तथा कई गांड मान्य वार्ड सदस्यों में कार्यक्रम में भागीदारी लिया। सभा स्थल पर स्वास्थ्य विभाग एवं उज्ज्वला गैस योजना के स्टॉल भी मौजूद रहे और गैस चूल्हा इत्यादि का वितरण भी हुआ। आज भारत सरकार का प्रचार जागरूकता वाहन विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम स्थल पहुंचा। प्रचार / जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीण बड़े एलइडी वॉल पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी से लैस हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं,ग्रामीण जनता तथा लाभुक पहुंचे। सभी को वर्ष 2024 का वार्षिक कैलेंडर तथा प्रचार सामग्री दी गई। इस तरह का कार्यक्रम देखकर ग्रामीण जनता काफी लाभानवित हुए।

नकली नोट रैकेट का सरगना एनआईए को बताएगा मुंबई बिहार और एमपी नेटवर्क का पता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में नकली नोटों की छपाई और बिक्री के रैकेट के सरगना विवेक उर्फ आदित्य को साथ लेकर एनआईए अब बिहार, मुंबई और मध्यप्रदेश में दबिश देगी। इस दौरान बिहार और मध्यप्रदेश में उसके रैकेट से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की संभावना है। वहीं स्थानीय स्तर पर पुलिस ने भी विवेक की संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विवेक को बंडा की रामनगर कॉलोनी स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया था। कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेकर एनआईए उसे अपने साथ ले गई थी। एनआईए के अधिकारियों ने उसकी बात उसकी मां मंजू से फोन पर कराई। उसने बताया था कि एनआईए के लखनऊ हेड क्वार्टर में रखा गया। जांच एजेंसी की टीमें उसे लेकर बिहार, मुंबई और मध्यप्रदेश में दबिश देने के लिए रवाना होने वाली हैं। मंजू के अनुसार, वह काफी सहमी आवाज में बोल रहा था।

बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंची अभिनेत्री जाह्नवी कपूर, भस्म आरती में हुई शामिल

एजेंसी। उज्जैन

प्रसिद्ध अभिनेत्री जाह्नवी कपूर सोमवार की सुबह बाबा महाकाल के दिव्य भस्म आरती के दर्शन करने उज्जैन पहुंची। जहां उन्होंने बाबा महाकाल की भस्म आरती का लाभ लिया। इस दौरान उनके साथ उनके दोस्त शिखर पहाड़िया और जवान फिल्म के डायरेक्टर एटली कुमार भी मौजूद थे। जिन्होंने भी बाबा महाकाल के दर्शन कर अपने आपको कृतार्थ किया। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित रमण त्रिवेदी ने बताया कि बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए अभिनेत्री जाह्नवी कपूर आज उज्जैन पहुंची थी। जहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान वह लगभग 2 घंटे तक आरती में शामिल रही और भोले शंभू भोलेनाथ के साथ इस भव्य आरती को निहारती नजर आई।

महाकाल को जल भी किया अर्पित

बता दें कि भस्म आरती के दौरान उन्होंने कई बार तालियां बजाई और बाबा महाकाल की भक्ति में लीन भी दिखाई दी। इधर, पंडित रमण त्रिवेदी ने बताया कि बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन करने के बाद जाह्नवी कपूर ने अपने साथ आए मित्रों के साथ चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया और पंडित के माध्यम से बाबा महाकाल को एक लोटा जल भी अर्पित करवाया। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद जाह्नवी कपूर ने बताया कि में दूसरी बार बाबा महाकाल के दरबार में आई हूं। यहां आकर काफी अच्छा लगा। उन्होंने कहा मुझे बाबा महाकाल के दर्शन कर अच्छा अनुभव हो रहा है, दर्शन व्यवस्था काफी अच्छी है।

15 राज्य 60 विश्वविद्यालय आधा दर्जन संस्थाओं से जुड़े 300 से अधिक वैज्ञानिकों ने लिया भाग

रांची विवि व केओ कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि : सामी

नवीनमेल संवाददाता। गुमला

कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में एथनो बॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी एंड मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने के अलावा कई सीख के साथ अनेकों क्षेत्रीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर जनमानस युवाओं, छात्र छात्राओं महिलाओं, वैध, जनजातीय समुदाय आदि समूहों में जागरूकता उत्पन्न कर गया। सबसे पहले तो झारखंड के सुदूर जनजातीय बहुल जिले के कॉलेज में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन ही एक कठिन कार्य प्रतीत हो रहा था। इसमें आयोजकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर न सिर्फ इस कॉलेज, बल्कि गुमला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर ला खड़ा किया। आयोजन के प्रति बाहर से आए हुए वैज्ञानिकों, और मेहमानों की प्रशंसा भी बटोरी। यहां कनाडा, श्रीलंका जैसे देशों के वैज्ञानिकों की भागीदारी रही। देश के नामचीन संस्थानों जैसे बोटानिकल सर्वे आफ इंडिया कोलकाता, सीएफटीआरआई मैसूर, नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ, नीरी नागपुर के वैज्ञानिकों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं देश के 15 से अधिक राज्यों के लगभग 300 से अधिक प्रतिभागी युवा वैज्ञानिकों ने इस महा आयोजन में शिरकत की । कॉन्फ्रेंस का आयोजन केओ कॉलेज गुमला के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल, सोसाइटी ऑफ इथनो बोटैनिस्ट लखनऊ एवं सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च रांची द्वारा किया गया था। इस अवसर पर झारखंड और देश-विदेश के सामाजिक, शैक्षणिक, विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे। वैज्ञानिकों और समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि राज्यपाल के शैक्षिक सलाहकार सह- महान शिक्षाविद् प्रो ई बाला गुरुसामी ने गुमला कॉलेज में इस आयोजन को बेहतरीन बताया। रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने इस महा आयोजन को कॉलेज और विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

सिंगरौली की तीनों विधानसभा सीटों पर खिला कमल

सिंगरौली। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में 160 के पार पूर्ण बहुमत से शानदार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम कर लिया और एक बार फिर से मध्यप्रदेश के राज्य में भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। सिंगरौली जिले में भी लाड़ली बहना का दुलार भाजपा पर इस कदर बरसा कि जिले की तीनों सीटों पर कमल खिला है। चितरंगी विधानसभा सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है। यहां मतगणना के 21 राउंड हुए, जिनमें भाजपा की राधा सिंह ने बंपर जीत दर्ज की है। यहां भाजपा की राधा सिंह का मुकाबला कांग्रेस के मानिक सिंह से था, जिन्हें भाजपा की राधा सिंह ने 59 हजार 879 वोटों से करारी शिकस्त दी है। राधा सिंह को 1 लाख 5 हजार 410 वोट और कांग्रेस माणिक सिंह को 45 हजार 531 वोट मिले हैं। बता दें कि चितरंगी सीट पर इस बार भाजपा ने मौजूदा विधायक अमर सिंह का टिकट काटकर उनके ही भाई और पूर्व मंत्री जगन्नाथ सिंह की बहू राधा सिंह को उम्मीदवार घोषित किया था जिन्होंने चितरंगी में कमल खिलाया है।

मौसम का मिजाज बदला, बारिश की संभावना के साथ ठंड में होगी बढ़ोत्तरी

रायपुर। पश्चिमी विक्षोभ के साथ ही चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है और सोमवार से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं। इसी के साथ प्रदेश में ठंड में बढ़ोत्तरी होगी। बस्तर संभाग में सोमवार चार दिसंबर और मंगलवार पांच दिसंबर तथा मध्य छत्तीसगढ़ में चार, पांच व छह दिसंबर को बारिश की संभावना है। इसके साथ ही सरगुजा संभाग में पांच व छह दिसंबर को बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। छह दिसंबर के बाद मौसम खुलते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड में बढ़ोतरी होगी।

चक्रवाती तूफान मिचौंग के प्रभाव से बिहार में 6 से 7 दिसम्बर के मध्य बारिश की संभावना

पटना। प्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आनेवाले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवातीय तूफान मिचौंग के प्रभाव से छह और सात दिसम्बर को राज्य के करीब 20 जिलों में बारिश होने की संभावना जतायी है। इस दौरान पटना सहित सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, समस्तीपुर, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल और आस-पास के इलाकों में बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले तीन दिनों तक सुबह के समय अधिकांश हिस्सों में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा। चक्रवातीय तूफान के प्रभाव से भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर पूर्व मध्य रेलवे (पूमरे) ने दक्षिण के राज्यों की ओर जाने वाली 17 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। एहतियात के तौर पर 3 से लेकर 7 दिसम्बर तक रद्द कर दिया है। रद्द होने वाली रेलगाड़ियों में दानापुर-एसएमबीटी बेंगलुरु, संघमित्रा एक्सप्रेस, पटना एनार्कुलम कोयम्बटूर- बरौनी एक्सप्रेस, गया- चेन्नई एक्सप्रेस और मुजफ्फरपुर -एसएमभीबी एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं।

झमाझम बारिश से भीगा लखनऊ, मिचौंग तूफान का दिखेगा असर, बढ़ेगी ठंड

लखनऊ। पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास का इलाका बना हुआ है। इस कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गए हैं। सोमवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद अब लखनऊ समेत मध्य यूपी में भी मौसम का असर नजर आ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मिचौंग तूफान लौटते वक्त यूपी पर असर डालेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, कानपुर देहात, खीरी, सीतापुर, अलीगढ़, आगरा, औरैया, बदायूं, बरेली, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, कासगगंज, जालौन, झांसी, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर समेत आसपास बरसात रिकार्ड हुई है। बादल छाए हुए हैं और अभी ये दौर जारी रहेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, छह और सात दिसंबर के करीब मिचौंग की वापसी होगी, इसके कारण दक्षिण पूर्वी यूपी, खासकर छत्तीसगढ़ व झारखंड से लगे इलाके में इसका असर देखने को मिलेगा।

मां की हत्या कर बेटी को उठा ले गए अपराधी,अब तक नहीं मिला सुराग

एजेंसी। नवादा

जिले में पकरीबरमा थाने के कूढेता गांव में दिल्ली में रहकर रोजी-रोटी कमाने वाले शिवशंकर सिंह की 35 वर्षीय पत्नी किरण देवी की हत्या कर उनके साथ रह रही आठ वर्षीय बेटी को अपराधी उठा ले गए। घटना का पता तब चला जब सोमवार को मृतक के ससुर देवेंद्र सिंह बेगूसराय बारात से वापस घर लौटे ।मृतक के ससुर देवेंद्र सिंह ने बताया कि जब सोमवार को बेगूसराय से बारात से लौटे तो घर में अपनी पुत्रवधू को मुंह के बाल गिर पाया तथा पोती घर में नहीं थी । जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है । उन्होंने यह भी बताया कि घर में पुत्रवधू के साथ पोती रहती थी। उन्होंने बताया कि मैं और मेरा बड़ा बेटा पिंटू सिंह दोनों साथ में बारात गए थे। मृतका के पति शिव शंकर सिंह दिल्ली में रहकर रोजी-रोटी कमाने का काम करता है। जिसके साथ उसका 5

वर्षीय पुत्र भी रहता है। पकरीबरावां के एसडीपीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । उन्होंने बताया कि मृतक महिला के शरीर पर गहरे जख्म के निशान नहीं है । लेकिन देखने से लगता है कि अपराधी ने उसकी की हत्या कर दी है। वैज्ञानिक अनुसंधान से ही यह सब पता चल पाएगा कि हत्या किसने की है। उन्होंने कहा कि जल्दी वैज्ञानिक जांच शुरू कर महिला के हत्यारे को पकड़ लिया जाएगा । लाश को कब्जे में लेकर नवादा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद गांव के लोग काफी अचंभित है कि आखिर इस तरह की घटना क्यों हो गई। फिलहाल पुलिस इस पर कुछ भी बोलने से बच रही है और साफ-साफ कह रही है की जांच के बाद ही हम हत्या के कर्म का पता बता सकेंगे।

भारत जोड़ो यात्रा नहीं दिखा पाई कमाल

24 विधानासभा क्षेत्रों में भाजपा जीती

एजेंसी। इंदौर

कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के समय कांग्रेस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा को भी श्रेय दिया। यात्रा के रुट के 20 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के उम्मीदवार जीते थे, लेकिन उनकी यात्रा मध्य प्रदेश में कमाल नहीं दिखा पाई। यह यात्रा मालवा निमाड़ के छह जिलों के 30 विधानसभा से निकली, लेकिन यहां कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। ज्यादातर सीटें कांग्रेस ने गंवाई। कांग्रेस को खरगोन, बुरहानपुर, इंदौर जिले सबसे ज्यादा झटका दिया। पिछले साल 24 नवंबर को राहुल गांधी महाराष्ट्र से भारत जोड़ो यात्रा ने बुरहानपुर जिले से मध्य प्रदेश में प्रवेश किया था। इस जिले की दोनो सीटें कांग्रेस से भाजपा ने छिन ली। इसके बाद यात्रा खंडवा जिले में पहुंची। इस जिले की चारों सीट पर भाजपा उम्मीदवार जीते।ओंकारेश्वर के पास यात्रा का यात्री विश्राम भी हुआ, जो मान्धांता विधानसभा सीट में आता है। वहां

भी कांग्रेस इस बार हार गई। खरगोन जिला कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में भाजपा इस जिले में अपना खाता नहीं खोल पाई थी। भारत जोड़ो यात्रा इस जिले से भी गुजरी, लेकिन उसका प्रभाव नहीं दिखा। छह में से तीन सीटें भाजपा ने कांग्रेस से छिन ली। बड़वाह सीट पिछले चुनाव में कांग्रेस के पास थी। इस बार यह सीट भाजपा ने जीती है और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए सचिन बिरला फिर विधायक बन गए। भारत जोड़ो यात्रा में जीतू पटवारी राहुल गांधी के पूरे समय साथ रहे और उन्होंने यात्रा के बहाने अपना राजनीतिक कद भी बढ़ाने की कोशिश की। भारत जोड़ो यात्रा महू विधानसभा सीट के बाद राऊ भी पहुंची थी।

झमाझम बारिश से भीगा लखनऊ, मिचौंग तूफान का दिखेगा असर, बढ़ेगी ठंड

लखनऊ। पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास का इलाका बना हुआ है। इस कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गए हैं। सोमवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद अब लखनऊ समेत मध्य यूपी में भी मौसम का असर नजर आ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मिचौंग तूफान लौटते वक्त यूपी पर असर डालेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, कानपुर देहात, खीरी, सीतापुर, अलीगढ़, आगरा, औरैया, बदायूं, बरेली, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, कासगगंज, जालौन, झांसी, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर समेत आसपास बरसात रिकार्ड हुई है। बादल छाए हुए हैं और अभी ये दौर जारी रहेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, छह और सात दिसंबर के करीब मिचौंग की वापसी होगी, इसके कारण दक्षिण पूर्वी यूपी, खासकर छत्तीसगढ़ व झारखंड से लगे इलाके में इसका असर देखने को मिलेगा।

कायरता | **बाबुल ने ही घोंट डाला अपनी लाडली का गला**

विवाह समारोह में 10 रुपये मांगने पर ले ली जान

एजेंसी। करंजाकला

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में 10 वर्षीय बालिका की तरफ से पिता से शादी समारोह में 10 रुपये की मांग करना और न होने पर बेज्जती महसूस होने पर उसने अपनी ही बेटी को मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खानपुर अकबरपुर गांव की है। जहां बीते बुधवार को ननिहाल में शादी समारोह में आई बच्ची का घर से कुछ दूरी पर शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कड़ाई से पूछताछ में पिता ने हत्या को अंजाम देने की बात कबूल की, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र के नरौली निवासी रिंकू सोनकर अपनी बेटी रागिनी सोनकर(10) व पत्नी मधु सोनकर के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए सरायख्वाजा थाना क्षेत्र

के खानपुर अकबरपुर गांव में बुधवार को अपने ससुराल आया था। इसी शाम शादी समारोह के कार्यक्रम में उसकी बेटी अपने पिता रिंकू सोनकर से बार-बार 10-20 रुपये मांग रही थी। जिसको लेकर रिंकू सोनकर ने कई बार मना किया, क्योंकि उसके पास केवल घर लौटने का ही किराया था। बेटी के इस हरकत से रिश्तेदारों के सामने उसकी बेज्जती हो गई। जिसको लेकर वह अपनी बेटी से काफी नाराज था। शादी समारोह का जयमाल कार्यक्रम होने के बाद घर के बगल बने छप्पर में प्लास्टिक को जलाकर उसके गर्दन व शरीर के कुछ हिस्से को पूरी तरीके से अधजला कर दिया। बाद में रागिनी के जूते के फीते से गर्दन कसकर मौत के घाट उतार दिया। घरवालों को इस बात की भनक न लगे इस वजह से उसने शव को घर से 50 मीटर की दूरी पर बने एक खाली प्लाट पर फेंक दिया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। इस दौरान विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने भी कुछ साक्ष्य इकट्ठा किए थे। इसके बाद पुलिस परिवार कुछ सदस्यों से भी पूछताछ कर रही थी। पुलिस को अंदेशा था कि इतनी खौफनाक घटना का अंजाम किसी परिवार वाले ने दिया होगा। बृहस्पतिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें गला घोंटकर व दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद पुलिस का शक और भी बढ़ गया। उसी आधार पर पुलिस ने पिता रिंकू सोनकर से कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने सारी घटना को कबूल किया। इस बाबत सरायख्वाजा के प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि आरोपी पिता रिंकू सोनकर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

सीएम नीतीश कुमार बीमार जनता दरबार स्थगित

पटना। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त सूचना के मुताबिक सोमवार को 11 बजे से होने वाला जनता दरबार स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब चल रही है। पिछले एक सप्ताह से वह बीमार हैं। वो सीजनल फ्लू की चपेट में है और सीएम आवास में डॉक्टरों की सलाह पर आराम कर रहे हैं। इस वजह से जनता दरबार आज रद्द कर दिया गया है। सीएम के जनता दरबार स्थगित होने के बाद पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने इसे सियासी साजिश बताया हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जीतनराम मांझी ने सोमवार को लिखा कि पिछले 10 दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब है। उनको कुछ हुआ भी है या फिर सिर्फ उनके साथ राजनैतिक साजिश चल रही है? नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी होना चाहिए जिससे पता चले कि उनकी स्थिती कैसी है? उल्लेखनीय है कि इससे पहले जीतन राम मांझी ने मीडिया को दिए बयान में कहा था कि नीतीश के विरोध में दिल्ली में 5 तारीख को धरना देंगे।

मंत्री श्रवण कुमार ने जीतनराम मांझी पर साधा निशाना, कहा

सात जन्म भी ले लेंगे तो वो दोबारा सीएम नहीं बन पायेंगे

एजेंसी। नालंदा

बिहार सरकार में रहे मंत्री श्रवण कुमार जनता दल युनाइटेड द्वारा एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मंत्री कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। काफी संख्या में कार्यकर्ता भी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने एक बार फिर जीतनराम मांझी पर निशान साधा। श्रवण कुमार ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने उनको बिहार का मुख्यमंत्री बनाकर सम्मान और अवसर दिया, लेकिन अब ऐसा मौका उन्हें सात जन्मों में नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि दूसरे जो लोग हैं, सामाजिक कृत्यों को चलाना चाहते हैं, उन्हें कौन रोक सकता है। मंत्री श्रवण कुमार ने आगे कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संकल्प को पूरा करने का काम किया है। मंत्री श्रवण कुमार ने जीतनराम मांझी के शराबबंदी कानून वापस लेने वाले बयान

पर कहा कि अगर वो इसे लागू करने की बात करते तो मैं समझता हूं कि वो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, संविधान और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संकल्प को तोड़ने का काम करते हैं। श्रवण कुमार ने कहा कि अगर जीतनराम मांझी इस कानून वापस लेने की बात करते हैं, तो वो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को चकनाचूर करने का काम करते हैं। आपको बता दें कि बीते दिनों जीतनराम मांझी ने एक बयान में कहा था यदि सरकार बनती है, तो शराबबंदी कानून वापस लेंगे इस तरह का बयान आने के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी।

एक नजर

अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किए आईसीसी मीडिया अधिकार

मेलबर्न। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि अमेजन के प्राइम वीडियो ने ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों और महिलाओं दोनों के वैश्विक क्रिकेट टूनार्मेंट के प्रसारण के लिए चार साल का मीडिया अधिकार हासिल कर लिया है। अब तक, फॉक्सटेल और कायो के पास ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी आयोजनों के अधिकार थे। जबकि नाइन नेटवर्क ने ऑस्ट्रेलिया के मैचों और कुछ अन्य खेलों की स्क्रीनिंग की थी। लेकिन, इस नई डील के तहत ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टूनार्मेंट के फ्री-टू-एयर मैच नहीं होंगे। जिसमें पुरुष और महिला क्रिकेट विश्व कप, टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, अंडर19 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शामिल हैं। इस सौदे में 2024 से 2027 तक 448 लाइव गेम्स के लिए ऑस्ट्रेलिया में स्ट्रीमिंग अधिकार शामिल हैं।

खुशी है कि ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स को मौका दिया : पेन

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन यह देखकर खुश थे कि ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति ने 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम में मुख्य विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में एलेक्स कैरी को शामिल किया है। टिम पेन ने अपना आखिरी टेस्ट साल 2021 में खेला था। उनके बाद कैरी ऑस्ट्रेलिया के रेड-बॉल विकेटकीपर हैं। लेकिन, वनडे और टी20 में उनकी जगह जोश इंगलिस को मिल गई है। कैरी ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की तैयारी के लिए पिछले हफ्ते शेफील्ड शील्ड मुकाबले में विक्टोरिया के खिलाफ दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए 81 रन बनाए। पेन ने एसईएन रेडियो पर कहा, एलेक्स कैरी, जैसा कि हमने बताया वो अभी भी बतौर टेस्ट कीपर पहली पंसद हैं। सफेद गेंद क्रिकेट में उनका समय बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनका एशेज फॉर्म इतना खराब था कि उन्हें इसके लिए नहीं चुना जाएगा। उन्होंने शेफील्ड शील्ड में 80 रन की शानदार पारी खेली। मुझे लगा कि एशेज श्रृंखला में उनकी कीपिंग बिल्कुल उत्कृष्ट थी। इसलिए, मुझे खुशी है कि वे उसके साथ बने रहे।

जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, अमीषा, प्राची और हार्दिक ने जीता रजत

येरेवन (आर्मेनिया)। भारतीय मुक्केबाज हार्दिक पंवार (80 किग्रा), अमीषा (54 किग्रा) और प्राची टोकस (80+ किग्रा) ने यहां आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक जीते। एशियाई जूनियर चैंपियन हार्दिक को रूस के एशुरोव बैरमखान के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों मुक्केबाज मुकाबले में आक्रामक दिखे। उन्होंने अंक हासिल करने के हर मौके को भुनाया। हालांकि, एशुरोव ने परिणाम को अपने पक्ष में लाने के लिए कड़ी मेहनत की। इस बीच लड़कियों के वर्ग में अमीषा और प्राची को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में समान रूप से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ने भारत श्रृंखला के लिए घोषित की टीम

मार्करम व्हाइट-बॉल के कप्तान टेस्ट की कमान तेंबा बावुमा को

एजेंसी। जोहान्सबर्ग

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को भारत के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 10 दिसंबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बुलाया गया है; जबकि विकेटकीपर काइल वेरिन की भी टीम में वापसी हुई है। एडेन मार्करम टी20 और वनडे टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि टेस्ट टीम का नेतृत्व टेम्बा बावुमा करेंगे। बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को सफेद गेंद की श्रृंखला से आराम दिया गया है। पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण विश्व कप से बाहर हुए एनरिक नॉर्ट्जे सभी प्रारूपों में खेल से बाहर हैं और उनके पुनर्वास के लिए कोई समय सारिणी नहीं है। बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर के साथ तेज गेंदबाज ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। सीरीज की शुरूआत 10 दिसंबर को किंग्समीड स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 सीरीज से होगी। दूसरा टी20 मैच 12 दिसंबर को सेंट जॉर्ज ओवल में और तीसरा और आखिरी टी-20 मैच 14 दिसंबर को वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। 50 ओवर का मुकाबला 17 दिसंबर को वांडरर्स स्टेडियम में शुरू होगा।

दक्षिण अफ्रीका की टी-20 टीम

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी (पहला और दूसरा टी-20), डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन (पहला और दूसरा टी-20), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहला और दूसरा टी20), एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाद विलियम्स।

दक्षिण अफ्रीका वनडे टीम

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स।

दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम

तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन।

आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं होंगे इंग्लिश तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर

एजेंसी। नई दिल्ली

इंग्लिश तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण में नहीं खेलेंगे, क्योंकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अगले साल के टी20 विश्व कप की तैयारी में उनके कार्यभार पर नियंत्रण रखना चाहता है। आर्चर ने मई 2023 के बाद से कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेला है, उस दौरान उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते समय कोहनी के स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ा था। उन्होंने विश्व कप के दौरान कुछ समय के लिए रिजर्व के रूप में भारत की यात्रा की थी, लेकिन मुंबई में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कोहनी में अधिक दर्द का अनुभव हुआ और एक सप्ताह से भी कम समय बाद वह स्वदेश लौट गए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार आर्चर ने 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए पंजीकरण नहीं कराया है। उन्होंने हाल ही में अक्टूबर 2023 से सितंबर 2025 तक चलने वाले दो साल के इंग्लैंड केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और ईसीबी ने आर्चर को नीलामी के लिए पंजीकरण नहीं कराने के लिए कहा था। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि इंग्लैंड को फ्रेंचाइजी लीगों के खिलाफ पीछे हटने के बजाय उनके साथ काम करना चाहिए। लेकिन ईसीबी का मानना है कि आर्चर की वापसी का प्रबंधन करना आसान होगा यदि वह अप्रैल और मई में उसकी देखरेख में यूके में रहें, बजाय इसके कि वह भारत में आईपीएल खेलें। आईपीएल 2022 से पहले आर्चर को शुरूआत में मुंबई इंडियंस ने 8 करोड़ रुपयेमें खरीदा था, जबकि फ्रेंचाइजी को पता था कि पीठ की चोट के कारण वह पूरे सीजन से बाहर हो जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत टीम हम भी किसी से कम नहीं

एजेंसी। कैनबरा

पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के पास टेस्ट क्रिकेट में अच्छे बल्लेबाज हैं। लेकिन, उनका मानना है कि उनकी टीम का बल्लेबाजी क्रम किसी भी अन्य लाइन-अप के बराबर है। पाकिस्तान 14 दिसंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। सरफराज ने पीएम की प्लेइंग-11 के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले पत्रकारों से कहा, ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन हम भी कम नहीं हैं। अब्दुल्ला, बाबर, इमाम, सऊद और आगा के साथ हम चुनौती के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सरफराज ने अपने लाइनअप में गुणवत्ता वाले गेंदबाजों की प्रशंसा की जिनमें से अधिकांश पहली बार ऑस्ट्रेलिया में लाल गेंद से खेलने जा रहे हैं। शाहीन और हसन शानदार हैं और हमारे पास मीर हमजा, खुर्रम शहजाद और फहीम जैसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने घरेलू प्रतियोगिताओं में अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने अपने आयोजन स्थल पर 2015 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में वेस्टइंडीज के बिग-हिटर क्रिस गेल के 200 रन के दृश्यों को भी याद किया और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बड़ी श्रृंखला से पहले इससे प्रेरणा लेने की उम्मीद की। सरफराज ने कहा, मुझे मनुका ओवल में जिम्बाब्वे के खिलाफ क्रिस गेल की 200 रनों की अविश्वसनीय पारी याद है। अब, जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में चार दिवसीय मुकाबले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं तो मौसम अच्छा लग रहा है। यह मैच बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुरू हो रही है।

टीम से हटे माइकल नेसर, जॉर्डन प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर माइकल नेसर ने प्रधान मंत्री एकादश टीम से नाम वापस ले लिया गया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके राज्य क्वींसलैंड के हालिया शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान वह चोटिल हो गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन बकिंघम प्रधान मंत्री एकादश की टीम में नेसर की जगह लेंगे, जो बुधवार से मनुका ओवल में मेहमान पाकिस्तान टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने एक आधिकारिक बयान में कहा ह्लहम जानते हैं कि माइकल एक गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ी है और हमने उसे टेस्ट टीम में प्रदर्शन करते देखा है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस गर्मी में उन्हें अधिक टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर मिले तो हम उसे प्रदर्शन के लिए तैयार होने का सबसे अच्छा मौका दे रहे हैं।

दिव्यांग टी-20 के फाइनल में तमिलनाडु ने झारखंड को हरा खिताब कर जमाया कब्जा

एसपी ने विजेता और उप विजेता टीम को किया सम्मानित

ऐसे आयोजन से दिव्यांगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और उनका उत्साह बढ़ता है: एसपी पीयूष पांडे

एजेंसी। रामगढ़

प्रदेश की प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित प्रथम दिव्यांग त्रिकोणीय टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हो गया। सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट का फाइनल तमिलनाडु और झारखंड के बीच सोमवार को खेला गया। जिसमें तमिलनाडु की टीम ने झारखंड को 56 रनों से पराजित कर खिताब कर कब्जा किया। मैच के दौरान दिव्यांगों के हौसले, खेल में महारत सधी गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग तथा समारोह के दौरान पेश किए गए गीत नृत्य ने सबको उनका कायल किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ एसपी पीयूष पांडे ने भी दिव्यांगों के हौसले को तारीफ की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एपसी पीयूष पांडे को मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ ने सम्मानित किया। मुख्य संरक्षक कहा कि दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पूर्व प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के सचिव अतहर अली ने मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर दिव्यांग बच्चों ने भी अंगतुकों के सम्मान में गीत की प्रस्तुति की। बाद में टूनार्मेंट के फाइनल पहुंची झारखंड तमिलनाडु टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त गेंद को बल्ले से मारकर मैच का अतिथि ने शुभारंभ किया। मैच में झारखंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु ने निर्धारित 16 ओवर में 180 रन बनाए। जिसमे सनमेकर 64 रन, विग्नेश 31,रमेश ने 40 रन और झारखंड के गुपेश यादव और भरत ने 1-1 विकेट लिए।

ईस्ट बंगाल को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ जीत की तलाश

कोलकाता। ईस्ट बंगाल एफसी सोमवार की रात कोलकाता स्थित अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगा। कई कोचों ने इस आईएसएल सीजन में घरेलू और अवे (घर से दूर) मुकाबलों में मिलने सफलता के बीच अंतर को पाटने पर जोर दिया है। हालांकि, हाईलैंडर्स इस समय खुद को एक अनिश्चित स्थिति के बीच में फंसा हुआ पा रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले 20 अवे मैचों (5 ड्रा, 15 हार) में एक भी जीत हासिल नहीं की है, जो आईएसएल इतिहास में किसी भी टीम का जीत से दूर रहना का सबसे लंबा सिलसिला है। इस सीजन में जब वे वापसी करने के लिए कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं, जुआन पेड्रो बेनाली और उनके हाईलैंडर्स, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के खिलाफ इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। वे बेंगलुरू एफसी को घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर रोकने के बाद इस मुकाबले में उतरने जा रहे हैं।

पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2023

भारत की नजर कोरिया के खिलाफ विजयी शुरूआत पर

एजेंसी। कुआलालंपुर

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 में पूल सी के अपने पहले मैच में कुआलालंपुर के बुकिट जलील में नेशनल हॉकी स्टेडियम में कोरिया से भिड़ेंगे। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस खेल में काफी आत्मविश्वास के साथ उतर रही है क्योंकि कोरिया के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बेहतर है। दोनों टीमों के बीच खेले गए छह मैचों में से भारत ने तीन और कोरिया ने दो जीते हैं, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। आखिरी बार दोनों टीमें इस साल की शुरूआत में आयोजित पुरुष जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल के दौरान एक-दूसरे से भिड़ी थीं, जहां भारत ने कोरिया पर 9-1 से बड़ी जीत दर्ज की थी। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में टूनार्मेंट के पहले मैच को लेकर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, आखिरकार विश्व कप के लिए इंतजार खत्म हो गया है, और हम अच्छी शुरूआत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। हमने हाल ही में कोरिया के खिलाफ खेला है, इसलिए हम चुनौती जानते हैं, लेकिन हमारा ध्यान अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा। इस बीच, कोच सीआर कुमार ने कहा, खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है, और टूनार्मेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कोरिया एक गुणवत्ता टीम है, आप उन्हें हल्के में नहीं ले सकते। हमें हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना होगा, यह एक बड़ा मंच है, इसलिए टूनार्मेंट में अच्छी शुरूआत पाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और अपनी ताकत का समर्थन करना होगा। दो बार का जूनियर विश्व चैंपियन भारत अपने पूल सी मैचों में क्रमशः 7 दिसंबर को स्पेन और 9 दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगा। पूल चरण में शीर्ष दो में रहने से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी।

गोल्ड कोस्ट नहीं करेगा कॉमनवेल्थ गेम का आयोजन

नई दिल्ली। गोल्ड कोस्ट ने राज्य और संघीय सरकारों से समर्थन की कमी के कारण 2026 राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की मेजबानी के लिए अपनी बोली वापस ले ली है। विक्टोरिया ने इस साल की शुरूआत में ज्यादा लागत का हवाला देते हुए खेलों की मेजबानी के लिए बोली वापस ले ली थी। इसके बाद गोल्ड कोस्ट ने 70 करोड़ डॉलर के खर्च में आयोजन का प्रस्ताव रखा था जो पहले की तुलना में काफी था। लेकिन स्काई न्यूज के अनुसार शहर के मेयर टॉम टेट ने कहा कि गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी नहीं कर सकता, क्योंकि वह राज्य और संघीय सरकारों से फंडिंग हासिल करने में विफल रहे हैं। टेट ने रविवार रात एक बयान में कहा, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और लोग यही उम्मीद कर सकते हैं। जुलाई में यह घोषणा करने के बाद कि तट 2026 खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है, मैं स्थानीय लोगों, खेल प्रशासकों, व्यवसायों और एथलीटों के समर्थन से खुश हूं। हम राज्य या संघीय सरकारों से समर्थन नहीं जुटा सके।

विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता शुरू

बालका और बालिका के अलग अलग वर्ग के विजेता को किया पुरस्कृत

एजेंसी। रांची

वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और रांची जिला मलखंड्डा संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पांडेय मेमोरियल मलखंड्डा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर दो धुर्वा स्थित झारखंड मलखंड्डा एकेडमी में शुरू हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अथिति वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कौशल कुमार पांडेय, झारखंड राज्य मलखंड्डा संघ के सचिव अजय झा, ड्डारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर संयोजक आशुतोष द्विवेदी, एनएसएस के स्वयंसेवक शुड्डाम चौधरी, जिला योग संघ के सचिव रजनी बक्शी ने संयुक्त रूप से स्व विश्वामित्र पांडेय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर इस्तियाक अंसारी, दिव्या रानी, संजय कुमार, सौम्या कुमारी, कौशिक कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे। आज हुए प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर 12 में प्रथम स्थान पर सतवीर कुमार दास और दूसरे स्थान पर रणवीर कुमार दास रहे। तृतीय स्थान पर आकाश कुमार हासिल किया। बालक वर्ग अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान पर शिवाय कुमार, द्वितीय स्थान पर अनमोल कुमार और तीसरे स्थान पर अंकित बेथा रहे। बालक वर्ग के अंडर 16 में प्रथम स्थान पर पिंटू कुमार, दुसरे रोहित कुमार और तीसरे स्थान पर संजू मिंज रहे। वहीं बालिका वर्ग के अंडर 12 में प्रथम पुरस्कार संस्कृति कुमारी, द्वितीय हंसिका कुमारी रही। बालिका वर्ग के अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान पर आरुषि कुमारी, द्वितीय चंदन कुमारी और तीसरे स्थान पर ऋतिका कुमारी रही। यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

आयोजन

डीएवी स्पोर्ट्स-2023 क्लस्टर लेवल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों में दिखायी अपनी प्रतिभा

एजेंसी। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची में क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स-2023 का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग की बॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी एवं खो-खो आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। समापन क्लस्टर इंचार्ज सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एमके सिन्हा की उपस्थिति में हुआ। श्री सिन्हा ने विजयी प्रतिड्डागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुड्डाकामनाएं दीं। कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी सह डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एस के मिश्रा ने खिलाड़ियों एवं सड्डी टीम मैनेजर को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है एवं इससे समूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में बंधा रहता है। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-बी से सबंधित 10 डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने ड्डाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजय मंडल, एसएम अजीम, प्रोलाय करमाकर, अमर तिवारी एवं अन्य सड्डी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अहम ड्डूमिका रही। समापन समारोह पर श्रीमती रोशी वाधवानी मुख्याध्यापिका डीएवी आनन्द स्वामी पब्लिक स्कूल हेहल और प्रड्डात कुमार मुख्याध्यापक ड्डी मौजूदगी रहे।

कबड्डी बालक वर्ग
अंडर-14 डीएवी आनन्द स्वामी पब्लिक स्कूल रांची विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता
अंडर-17 डीएवी लोहरदगा विजेता एवं डीएवी कपिलदेव व रांची उपविजेता
अंडर-19 डीएवी कपिलदेव रांची विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता

कबड्डी बालिका वर्ग
अंडर-14 डीएवी आनन्द स्वामी विजेता एवं डीएवी हेहल रांची उपविजेता
अंडर-17 डीएवी लोहरदगा विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता
अंडर-19 डीएवी हेहल विजेता बना

खो-खो बालक वर्ग
अंडर-14 डीएवी लोहरदगा विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता
अंडर-17 डीएवी गुमला विजेता डीएवी हेहल उपविजेता
अंडर-19 डीएवी लोहरदगा विजेता डीएवी कपिलदेव उपविजेता

खो-खो बालिका वर्ग
अंडर-14 डीएवी लोहरदगा विजेता ने डीएवी हेहल उपविजेता
अंडर-17 डीएवी कपिलदेव विजेता एवं डीएवी हेहल उपविजेता
अंडर-19 डीएवी गुमला विजेता डीएवी लोहरदगा उपविजेता

बास्केटबॉल बालक वर्ग
अंडर-19 डीएवी कपिलदेव विजेता एवं डीएवी हेहल उप विजेता घोषित।

बास्केटबॉल बालिका वर्ग
अंडर-19 डीएवी कपिलदेव विजेता एवं डीएवी हेहल उप विजेता

वॉलीबॉल बालक वर्ग
अंडर-17 डीएवी हेहल विजेता एवं टीसी आई गोविंपुर उपविजेता
अंडर-19 डीएवी खूंटी विजेता एवं डीएवी हेहल रांची उप विजेता

वॉलीबॉल बालिका वर्ग
अंडर-19 डीएवी हेहल रांची विजेता घोषित

हैंडबॉल बालक वर्ग
अंडर-19 डीएवी हेहल रांची विजेता एवं डीएवी गुमला उपविजेता

डीएवी को पराजित कर आईलेक्स ने फाइनल में बनाई अपनी जगह

एजेंसी। बरही

निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य हो तो सफलता कदम चूमती है : निदेशक

आईलेक्स अपने विजय रथ को बढ़ाते हुए फाइनल के लिए अपना जगह सुरक्षित कर लिया है. सोमवार को लक्ष्मी देवी जायसवाल अंतरजिला क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच डीएवी कनहरी और आईलेक्स पंचमाधव के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएवी की टीम मात्र 16 ओवर में 50 रन बनाकर ढेर हो गई. जिसमे कप्तान आलोक कुमार ने सर्वाधिक 17 रनों का योगदान दिया. जवाबी पारी खेलते हुए आईलेक्स की टीम ने 5 विकेट खोकर मात्र 18 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर पिछले 10 वर्षो के चैंपियन डीएवी के विजय रथ को रोक कर फाइनल में अपना जगह बना लिया. शानदार पारी खेलते हुए आईलेक्स के शिव यादव ने इस मैच में कुल 20 रन और 4 विकेट भी लिए. विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कोच भूषण कुमार और टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत ने नए आयाम को सेट कर दिया है. पूरा विश्वास है कि फाइनल में भी जीत हमारी हीं होगी. फाइनल के मैच देखने वह स्वयं जायेगे. उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य हो तो सफलता कदम चूमती है. यह जीत इसी का परिणाम है. इस जीत के लिए निदेशक सहित विद्यालय के सभी शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक कर्मियों ने टीम को बधाई देते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दी है.

एक नजर

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.50 डॉलर यानी 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 78.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री में अगले 2-3 तिमाहियों तक नियुक्तियां होंगी कम

नई दिल्ली। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, मांग में मंदी के बीच भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री में अगली दो-तीन तिमाहियों में नियुक्तियां कम होने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय आईटी सर्विस कंपनियों ने वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही से वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की, क्योंकि कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटलीकरण की मांग में तेजी आई है। इसके साथ ही, टैलेंट की बढ़ती मांग के कारण इंडस्ट्री में नौकरी छोड़ने की दर भी बढ़कर 22-23 प्रतिशत हो गई। इसके चलते इंडस्ट्री की टॉप-5 कंपनियों ने वित्त वर्ष 2022 में रिकॉर्ड 2,73,000 कर्मचारियों और वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में 94,400 अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की।

जेरोधा का काइट ऐप लगातार तीन महीनों में तीसरी बार हुआ बंद

नई दिल्ली। ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ट्रेडिंग ऐप काइट को सोमवार को एक और तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, यह लगातार तीसरा महीना है, जब प्लेटफॉर्म को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। यह उस दिन हुआ जब शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर पर खुला। गड़बड़ी के कारण ऐप में लॉगिन नहीं कर पाने से निराश यूजर्स ने शिकायत के लिए एक्स की ओर रुख किया। एक यूजर ने लिखा, बेहद जरूरी दिन पर फिर से डाउन। क्या किसी और को जेरोधा के साथ समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमारे कुछ यूजर्स को काइट वेब में लॉग इन करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हम इस समस्या पर गौर कर रहे हैं। इस बीच, कृपया काइट मोबाइल ऐप में लॉगिन करें। लगभग एक घंटे बाद, ब्रोकरेज फर्म ने पोस्ट किया कि समस्या का समाधान हो गया है और असुविधा के लिए खेद है। हमारे कुछ यूजर्स को काइट में लॉगिन करने और मार्केटवॉच में इंस्ट्रूमेंट्स जोड़ने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

रिकॉर्ड ऊंचाई पर शेयर बाजार, चुनाव परिणामों से बाजार में जोरदार तेजी

एजेंसी। नई दिल्ली

चार राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज जबरदस्त उत्साह नजर आया। शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुला। हालांकि शुरूआती कारोबार में मुनाफावसूली का मामूली दबाव भी बनता नजर आया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से बाजार एक बार फिर नए शिखर पर पहुंच गया।

पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.33 प्रतिशत और निफ्टी 1.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, कोल इंडिया और एनटीपीसी के शेयर 6.48 प्रतिशत से लेकर 2.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, मारुति सुजुकी, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और नेस्ले के शेयर 0.97 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,060 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,540 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 520 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई के सेंसेक्स ने आज 954.15 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 68,435.34 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 68,274.47 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। थोड़ी ही देर में सेंसेक्स 1,106.63 अंक की छलांग लगा कर अभी तक के सर्वोच्च स्तर 68,587.82 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे फिसल गया।

सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी भी उछला

नई दिल्ली। शादी के सीजन की वजह से देश के सराफा बाजारों में आज भी तेजी का माहौल बन हुआ है। देशभर के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज सोने की कीमत 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब रिकॉर्ड की गई। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली के सराफा बाजार में आज चांदी 80,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। माना जा रहा है कि शादी के सीजन की वजह से आने वाले दिनों में देश के सराफा बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में अभी और तेजी आ सकती है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

सिंधिया ने कमलनाथ व दिग्विजय से दूसरी बार लिया बदला

ब्यूरो/ नई दिल्ली

मप्र में कांग्रेस की इस शर्मिंदगी वाली हार में ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी बड़ा योगदान है। कांग्रेस के बुजुर्ग नेता कमलनाथ व दिग्विजय सिंह ने 2018 के विधान सभा चुनाव के बाद उनको किनारे लगाने की कोशिश की तो सिंधिया कांग्रेस तोड़ भाजपा में शामिल हो कर उनकी (कमलनाथ की) सरकार गिरा दी थी। और इस बार 2023 के चुनाव में उन्होंने अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में कांग्रेस को बहुत नुकसान पहुँचाकर उसका बदला ले लिया। 2018 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पार्टी (कांग्रेस) के लिए खूब प्रचार किया। तब उनको राहुल गांधी के करीबी होने के कारण मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जाता था।लेकिन राहुल गांधी ने परिवार के पुराने वफादार कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनवा दिया। जिससे नाराज सिंधिया ने 2020 में अपने समर्थकों सहित बगावत करके कांग्रेस से अलग हो कमलनाथ सरकार गिरा दी , और भाजपा में

शामिल हो गये। उसके बाद फिर शिवराज की सरकार बन गई। इस विधान सभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनके प्रभाव वाले क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी। इस चुनाव में सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर आए 13 नेताओं को टिकट मिला था। इनमें से 7 जीते 6 हार गये। लेकिन ग्वालियर झ चंबल क्षेत्र में 18 पर जीत हुई। जबकि 2018के विधान सभा चुनाव में भाजपा 34 सीटों में से 7 जीती थी।कांग्रेस इस बार लुढ़क कर 66 सीटों पर आ गई है। कमलनाथ का फिर मुख्यमंत्री बनने का सपना चकनाचूर हो गया।

स्पॉटिफाई करेगा 17 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

एजेंसी। नई दिल्ली

म्यूजिक स्ट्रीमिंग दिग्गज स्पॉटिफाई ने सोमवार को कंपनी भर में लगभग 17 प्रतिशत कार्यबल की छंटनी की घोषणा की। स्पॉटिफाई के संस्थापक और सीईओ डैनियल ऐक ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि कंपनी के लिए आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यबल का सही आकार बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने छंटनी के कारणों के रूप में धीमी आर्थिक वृद्धि और बढ़ी हुई पूंजी लागत का हवाला दिया और दावा किया कि कंपनी ने व्यवसाय में भारी निवेश करने के लिए 2020 और 2021 में कम लागत वाली पूंजी का उपयोग किया। डैनियल एक ने कहा, मैंने कंपनी में अपने कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 17 प्रतिशत कम करने का कठिन निर्णय लिया है। मैं मानता हूं कि इसका असर उन व्यक्तियों पर पड़ेगा, जिन्होंने बहुमूल्य योगदान दिया है। स्पष्ट कहें तो, कई स्मार्ट, प्रतिभाशाली और कड़ी मेहनत करने वाले लोग



हमें छोड़कर चले जाएंगे। टेकक्रंच के अनुसार, स्पॉटिफाई में लगभग 8,800 लोग कार्यरत हैं और नौकरी में कटौती के इस कदम से 1,500 से अधिक कर्मचारी प्रभावित होंगे। सेवरन्स पे के तहत, कंपनी सभी कर्मचारियों के लिए बेसलाइन के साथ शुरूआत करेगी, जिसमें औसत कर्मचारी को लगभग पांच महीने का सेवरन्स मिलेगा। इसकी गणना लोकल नोटिस पीरियड आवश्यकताओं और कर्मचारी कार्यकाल के आधार पर की जाएगी। कंपनी कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति अवधि के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना जारी रखेगी। सभी कर्मचारी दो महीने के लिए आउटप्लेसमेंट सर्विस के पात्र होंगे। इस साल स्पॉटिफाई द्वारा छंटनी का यह तीसरा राउंड है। जून में, कंपनी ने कॉर्पोरेट पुनर्गठन के हिस्से के रूप में अपने पॉडकास्ट डिवीजन से 200 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के 2 प्रतिशत को बर्खास्त किया था, जबकि जनवरी में, इसने वैश्विक स्तर पर अपने कार्यबल के 6 प्रतिशत या लगभग 600 कर्मचारियों को हटा दिया।

गूगल का जेमिनी एआई अगले साल होगा लॉन्च

सैन फ्रांसिस्को। गूगल ने ओपनएआई के साथ प्रतिस्पर्धा करने के उद्देश्य से कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जेमिनी के लॉन्च को अगले साल जनवरी तक के लिए टाल दिया है। द इंफॉर्मेशन के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में अगले हफ्ते होने वाले जेमिनी इवेंट्स की एक सीरीज को गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने रद्द कर दिया है। कंपनी ने पाया कि एआई ने कुछ नॉन-इंग्लिश क्वेरीज का सही जवाब नहीं दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपकमिंग इवेंट्स, जिनकी सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई थी, गूगल के वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण प्रोडक्ट लॉन्च को चिह्नित करेंगे, क्योंकि इसने अपने कंप्यूटिंग संसाधनों पर दबाव डाला और ओपनएआई को तत्काल आगे बढ़ाने के लिए बड़ी टीमों का विलय किया। जेमिनी को एप्लीकेशन्स की वाइड रेंज को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड'

एजेंसी। रांची

भारत में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करते म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारत की वृद्धि दर्ज करती विनिर्माण थीम की क्षमता का दोहन करने के लिए एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह ताजा पेशकश एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना (प्लान) है, जो इंडिया मैन्युफैक्चरिंग थीम का प्रतिनिधित्व करती है और इसे निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई के अनुरूप बेंचमार्क किया जाएगा। यह एनएफओ 1 दिसंबर 2023 को खुलेगा और इसका लक्ष्य है, निवेशकों को भारत की विनिर्माण थीम की क्षमता का लाभ उठाने में मदद करना, जिसके आने वाले दिनों में वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। एनएफओ 15 दिसंबर 2023 तक खुला रहेगा। एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री बी. गोप

कुमार ने बताया, एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड एक महत्वपूर्ण मौके पर आया है, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था को 'मेक इन इंडिया' जैसी रणनीतिक पहल और कई सुधारों से बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, यह थीमैटिक फंड, भारत की तेज वृद्धि के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जो भारत के औद्योगिक स्वरूप को पुनर्परिभाषित करते हैं। हम निवेशकों को एक्सिस इंडिया मैन्युफैक्चरिंग फंड के साथ भविष्य को अपनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। यह एक ऐसा फंड जिसे भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं के साथ बढ़ने के लिए तैयार किया गया है।

सरसों के तेल में झांझ के प्रति जागरूकता स्वतंत्र सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

रांची । एनएफएक्स डिजिटल ने 'सरसों के तेल का झांझ जागरूकता सर्वेक्षण 2023 'झांझ की जांच' नामक एक स्वतंत्र सर्वेक्षण उत्तर और पूर्वी भारत के प्रमुख सरसों तेल बाजारों में किया गया। सर्वेक्षण से उपभोक्ताओं के बीच सरसों के तेल की प्राथमिक विशेषता झांझ के स्तर के बारे में जानकारी की कमी का पता चलता है। 85 प्रतिशत लोग अपने खाने में नियमित रूप से शामिल होने के बावजूद सरसों के तेल के सबसे महत्वपूर्ण लाभ - झांझ के स्तर से अनजान थे। सर्वेक्षण से पता चला कि उपभोक्ता विशिष्ट स्वाद और सुगंध के लिए सरसों के तेल की खपत का प्राथमिक कारण झांझ मानते हैं। उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सरसों के तेल में झांझ एक बेहतर स्वाद और सुगंध प्रदान करता है, जिससे यह उनके खाना पकाने का एक अनिवार्य घटक बन जाता है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर इमामी कच्ची घानी मस्टर्ड आयल' में माइल्ड, स्ट्रांग और पेश किया है।

विदेश

भारतीय मूल के डेव शर्मा ने ऑस्ट्रेलियाई संसद में सीनेटर के रूप में ली शपथ

एजेंसी। कैनबरा

भारतीय मूल के पूर्व सांसद डेव शर्मा ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के रूप में आधिकारिक तौर पर शपथ ली। 47 वर्षीय डेव शर्मा ने पिछले महीने पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष एंड्रयू कॉन्स्टेंस को हराकर विपक्षी लिबरल पार्टी से एनएसडब्ल्यू सीनेट पद जीतने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बन गए। इजरायल में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई राजदूत को शपथ लेने के बाद सहयोगियों ने उन्हें बधाई दी। शपथ लेने के दौरान उनके साथ उनके एनएसडब्ल्यू उदारवादी गुट के सहयोगी, एंड्रयू ब्रैग और मारिया कोवासिक भी मौजूद थे। सीनेटर कोवासिक ने एक्स पर लिखा, हमारे नए सीनेटर डेव शर्मा को आज

उनके शपथ ग्रहण समारोह में ले जाना सम्मान की बात है। लिबरल पार्टी के सुसान ले ने कहा कि शर्मा संघीय लिबरल टीम में एक स्वागतयोग्य सदस्य हैं। ले ने एक्स पोस्ट में लिखा, "उनके पास संसद और वरिष्ठ राजनयिक पोस्टिंग में मजबूत अनुभव है। डेव की गहरी विदेश नीति का विशेष रूप से स्वागत किया जाएगा, क्योंकि हम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे खतरनाक भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हैं।' संसद में प्रवेश करने से पहले एक कैरियर राजनयिक के रूप में, डेव को वाशिंगटन डीसी. और पोर्ट मोरेस्बी में भी तैनात किया गया था, उन्होंने बोगेनविले में शांति निगरानी समूह के साथ एक शांति रक्षक के रूप में कार्य किया। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री और कैबिनेट विभाग के भीतर अंतरराष्ट्रीय प्रभाग का नेतृत्व किया। उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, जहां उन्होंने कानून में प्रथम श्रेणी सम्मान के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की।कैम्ब्रिज से मास्टर ऑफ आर्ट्स और डीकिन यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ आर्ट्स (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) की डिग्री भी है।

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 11 पर्वतारोहियों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा में मरापी ज्वालामुखी फटने से कम से कम 11 पर्वतारोहियों की जान चली गई। इस दौरान 12 अन्य लापता हो गए। यह जानकारी अल जजीरा ने खोज एवं बचाव दल के प्रवक्ता जोडी हरयावन के हवाले से दी है। अल जजीरा के अनुसार सोमवार को 11 पर्वतारोहियों के शवों के साथ तीन जीवित बचे लोग भी पाए गए। विस्फोट के समय क्षेत्र में 75 लोग थे। रविवार को 2,891 मीटर (9,485 फीट) ऊंचा ज्वालामुखी फटा था। मरापी सुमात्रा द्वीप पर सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में से एक है। इसका सबसे घातक विस्फोट अप्रैल 1979 में हुआ था। तब 60 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल, यह जनवरी और फरवरी के बीच फटा था। ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी के अनुसार, इंडोनेशिया प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है और यहां 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

इजराइल ने गाजा पट्टी पर जमीनी आक्रमण में झोंकी ताकत

एजेंसी। गाजा

गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध आज (सोमवार) 59वें दिन और भयावह हो गया। इजराइल ने रणनीति में अचानक बदलाव करते हुए फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ जमीनी हमले तेज कर दिए । थल सेना बख्तरबंद गाड़ियों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी शिन बेट ने कहा है कि लेबनान, तुर्की और कतर में भी छुपे हमास के आतंकवादियों की खैर नहीं। इजराइल ने नागरिकों को फौरन खान यूनिस शहर को खाली करने की चेतावनी दी है। प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने आतंरिक सुरक्षा मामलों की जिम्मेदारी संभालने वाली इंटेलिजेंस एजेंसी शिन बेट और इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार के



लेबनान, तुर्की और कतर में भी छुपे हमास के आतंकवादियों की अब खैर नहीं

अनुसार आईडीएफ ने दक्षिणी गाजा में जमीनी अभियान तेज कर दिया है। आईडीएफ ने हमास के कब्जे से बंधकों को छुड़ाने की कसम खाई है। इस बीच लेबनान से इजरायल पर दागी गई मिसाइलों में आईडीएफ के दो और सैनिकों की जान चली गई। आईडीएफ ने कहा है कि अब दक्षिणी गाजा में हमास के एक भी आतंकी को जिंदा नहीं छोड़ा जाएगा।

दुबई 'जी77 | **जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन**

चीन हमेशा व्यापक विकासशील देशों के साथ

एजेंसी। बीजिंग

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विशेष दूत, उप प्रधानमंत्री तिंग श्येश्यांग ने 2 दिसंबर को दुबई में आयोजित 'जी77 और चीन' जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में भाग लिया और भाषण दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चीन दुनिया में सबसे बड़ा विकासशील देश होने के नाते हमेशा व्यापक विकासशील देशों के साथ खड़ा रहता है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि जी77 और चीन विकासशील देशों के लिए सहयोग का महत्वपूर्ण मंच है। हाल के वर्षों में चीन ने सक्रियता और स्थिरता से चरम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और कार्बन तटस्थता के प्रयास तेज किए हैं। अपने अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने के साथ चीन अन्य विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के मुकालबे में सहायता



भी देता है। चीन जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दक्षिण-दक्षिण सहयोग और बेल्ट एंड रोड का हरित निर्माण बढ़ाता है, जिसका विकासशील देशों ने स्वागत किया। तिंग श्येश्यांग ने कहा कि विश्व जलवायु शासन सुधारने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। जी77 और चीन को समान आवाज देने के साथ समान हितों की रक्षा करनी चाहिए। अनवरत विकास बढ़ाने के साथ हरित परिवर्तन विकास रणनीति को जोड़ना चाहिए। चीन व्यापक विकासशील देशों के साथ सहयोग घनिष्ठ बनाना चाहता है, ताकि हरित और कम कार्बन वाले भविष्य की ओर बढ़ा जा सके।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अंडरस्टैंडिंग चाइना का समापन

बीजिंग। चीन के क्वांगचो शहर में 3 दिसंबर को वर्ष 2023 अंडरस्टैंडिंग चाइना अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। 30 से अधिक देशों और क्षेत्रों के 600 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मेहमानों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में चीनी और विदेशी प्रतिभागियों ने देश और विदेश में व्यापक दर्शकों को चीन की कहानी बताई। यह एक बार फिर दुनिया को चीनी शैली के आधुनिकीकरण के विकास में प्राप्त उपलब्धियों के सकारात्मक प्रभाव को समझने की अनुमति देता है। सम्मेलन में विभिन्न मेहमानों का विचार है कि इस महत्वपूर्ण मंच ने विभिन्न देशों के बीच मौजूद चीन को दुनिया को समझने में उपयोगी भूमिका निभाई है।

'क्या अंतरिम जमानत इतने लंबे समय तक बढ़ाया जा सकता है'

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी। सत्येंद्र जैन फिलहाल अंतरिम चिकित्सा जमानत पर बाहर हैं। शुरूआत में, जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मामले को स्थगित किया जा सकता है क्योंकि न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना बीमारी के कारण नहीं बैठ रहे हैं। सिंघवी ने कहा कि जैन की याचिका पर विशेष पीठ पहले ही सुनवाई कर चुकी है और इसे अगले साल जनवरी में सुनवाई के लिए पोस्ट किया जा सकता है। इस पर न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी ने टिप्पणी की, ₹हमें यह देखना होगा कि क्या अंतरिम आदेश (चिकित्सा आधार पर जमानत देना) इतने लंबे समय तक जारी रह सकता है? वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि जब भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अधिसूचित एक विशेष पीठ ने आंशिक रूप से मामले की विस्तार से सुनवाई की है।

आत्मसमर्पण करने वाले सैनिकों की हत्या मामले की जांच शुरू

एजेंसी। कीव

यूक्रेनी अभियोजकों ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि क्या रूसी सैनिकों ने आत्मसमर्पण करने के बाद दो सैनिकों की हत्या कर दी थी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन अभियोजक जनरल के कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह घटना डोनेट्स्क के पास स्टेपोव गांव के बाहर एक पुलिस चौकी के पास हुई। जांच, जिसकी देखरेख कार्यालय द्वारा की जा रही है, की घोषणा यूक्रेनी सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो साझा किए जाने के एक दिन बाद की गई। सीएनएन ने बयान के हवाले से कहा, युद्धबंदियों की हत्या जिनेवा कन्वेंशन का घोर उल्लंघन है और इसे गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराध माना गया है। 2 दिसंबर को यूक्रेनी सेना ने कहा कि फुटेज में युद्ध के दो कैदियों को फांसी देते हुए दिखाया गया है। फरवरी 2022 में जब से रूस ने यूक्रेन के खिलाफ

युद्ध शुरू किया हथा, तब से उस पर कई अपराधों को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। लेकिन क्रेमलिन ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की शुरूआत में, अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने यूक्रेनी बच्चों को रूस निर्वासित करने की योजना में उनकी कथित भूमिका के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यूक्रेनी अधिकारी बड़ी संख्या में आपराधिक मामलों और युद्ध अपराधों की जांच कर रहे हैं, जिनमें 3,000 बच्चे शामिल हैं।

भारतीय व्यक्ति ने अमेरिका की इमारत पर बमबारी का गुनाह कबूल किया

न्यूयॉर्क । भारतीय मूल के 29 वर्षीय एक व्यक्ति ने मई 2022 में अमेरिकी राज्य विस्कॉन्सिन में एक कार्यालय भवन में बमबारी करने का अपराध स्वीकार कर लिया है। इस साल बोस्टन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार हृदिंदु शंकर रॉय चौधरी पर आग या विस्फोटक के माध्यम से नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने का एक आरोप लगाया गया था। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनकी सजा पर सुनवाई अगले साल 14 फरवरी को होनी है। यदि दोषी ठहराया जाता है, तो मैडिसन निवासी को न्यूनतम पांच साल की जेल और अधिकतम 20 साल की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, कानून प्रवर्तन ने 8 मई, 2022 को सुबह 6.06 बजे मैडिसन में स्थित एक कार्यालय भवन में सक्रिय आग पर प्रतिक्रिया दी। इमारत के अंदर, पुलिस ने एक टूटी खिड़की के नीचे एक मेसन जार देखा जार टूट गया था, और ढक्कन और स्क्रू का शीर्ष जलकर काला हो गया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

राष्ट्रपति निलयम 11 से 25 तक आगंतुकों के लिए रहेगा बंद

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दिसंबर 2023 में तेलंगाना के सिकंदराबाद के बोलाराम स्थित राष्ट्रपति निलयम आगामी यात्रा और प्रवास को ध्यान में रखते हुए परिसर 11 से 25 दिसंबर तक आगंतुकों/नागरिकों के लिए अस्थायी रूप से बंद रहने की घोषणा की गयी है। सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, सभी आगंतुकों से 11 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रपति निलयम की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने आर. वेंकटरमण को उनकी जयंती पर दी पुष्पांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रपति के अलावा राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी स्वर्गीय वेंकटरमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल पुरोहित ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ पंजाब के कई मुद्दों पर चर्चा की। पीएमओ ने एक्स पर पोस्ट किया, पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

हिंद महासागर टूना आयोग-वैज्ञानिक समिति की बैठक मुंबई में शुरू

नई दिल्ली। भारत में आयोजित होने वाले हिंद महासागर टूना आयोग-वैज्ञानिक समिति की बैठक सोमवार को मुंबई में शुरू हो गई। इस 5 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य और डेरी मंत्री परषोत्तम रुपाला ने साझा की है। इस मौके पर रुपाला ने कहा है कि हिंद महासागर टूना आयोग की बैठक के इस महत्वपूर्ण सत्र से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे।

लालदुहोमा रह चुके हैं इंदिरा गांधी के सुरक्षा अधिकारी, संभालेंगे मिजोरम

एजेंसी। आइजोल

आईपीएस अधिकारी से नेता बने लालदुहोमा की पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में 27 सीटें जीतने के बाद उनका राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। जेडपीएम के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा ने बहुकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एमएनएफ के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,983 मतों के अंतर से हराकर अपनी सेरछिप सीट बरकरार रखी, जबकि पार्टी के अधिकांश प्रमुख उम्मीदवार अपनी-अपनी सीटों पर जीत चुके हैं या आगे चल रहे हैं।

दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पूर्व सुरक्षा अधिकारी रहे 73 वर्षीय लालदुहोमा, जिन्होंने 8,314 वोट हासिल किए, लगातार दूसरी बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। जीत के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि वह मंगलवार या बुधवार को राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

उन्होंने कहा, सभी भ्रष्टाचार के मामलों (एमएनएफ शासन के दौरान) की जांच सीबीआई और अन्य एजेंसियों द्वारा की जाएगी। हम सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता बनाए

रखते हुए मिजोरम में शासन की एक नई प्रणाली पेश करेंगे। मिजोरम को 1972 में असम से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया।

वर्षों के विद्रोह के बाद 20 फरवरी 1987 को यह 23वां राज्य बन गया। राज्य का दर्जा प्राप्त करने के बाद से मिजोरम ने केवल कांग्रेस और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के बीच द्विध्रुवीय राजनीति देखी है, जिसका नेतृत्व पहले लालडेंगा और फिर निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने किया।

कांग्रेस के दिग्गज ललथनवाला और एमएनएफ सुप्रीमो जोरमथांगा ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ज्यादातर समय यहाँ शासन किया। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले और बाद में, लालदुहोमा के नेतृत्व वाली जेडपीएम एमएनएफ और कांग्रेस दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई। भारतीय चुनाव आयोग के पास पार्टी के पंजीकृत नहीं होने के कारण जेडपीएम के उम्मीदवारों को 2018 में निर्दलीय के रूप में लड़ना पड़ा। विधानसभा चुनाव से पहले ही लालदुहोमा ने आईएएनएस से कहा था, मेरी पार्टी (जेडपीएम) 7 नवंबर के विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी और हम मिजोरम में अगली सरकार बनाएंगे।

पूर्व आईपीएस अधिकारी ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी के रूप में कार्य किया और 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति में एक महत्वपूर्ण पद पर रहे। गांधी परिवार के साथ निकटता के कारण 1984 में सेवा छोड़कर वह कांग्रेस में शामिल हो गए।

एमएनएफ संगठन को मुख्यधारा में लाने और मिजोरम में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लालदुहोमा ने कहा, इंदिरा गांधी ने मुझे लालडेंगा के नेतृत्व वाले मिजो नेशनल फ्रंट के नेतृत्व वाले विद्रोह को हल करने का काम सौंपा था। मेरी मुलाकात लालडेंगा से लंदन में हुई जहां वह स्व-निर्वासन में थे। मैंने उन्हें उग्रवाद को खत्म करने के लिए आगे आने के लिए राजी किया।"

लालदुहोमा के प्रयासों के कारण और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पहल पर जून 1986 में मिजो शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे मिजोरम में दो दशकों के संघर्ष और विद्रोह का अंत हुआ। लालदुहोमा कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट से लोकसभा के लिए चुने गए, लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कुछ आंतरिक परेशानियों के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ दी और 1988 में दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित कर दिए गए। उन्होंने 1997 में जोरम नेशनलिस्ट पार्टी की स्थापना की, और 2003 में वह रातू से मिजोरम विधानसभा के लिए चुने गए।

पिछले विधानसभा चुनाव से पहले 2018 में जेडएनएम ने छह स्थानीय पार्टियों के साथ मिलकर जेडपीएम का गठन किया, एक गठबंधन समूह जिसने उन्हें मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जेडपीएम ने कई स्थानीय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया है और मिजोरम में पारंपरिक रूप से दोहरे दल की चुनावी लड़ाई में एक चुनौतीपूर्ण तीसरे मोर्चे के रूप में उभरा है। जेडपीएम सुप्रीमो ने कहा कि कांग्रेस और एमएनएफ मिजोरम में लगभग चार दशकों से सत्ता में हैं, लेकिन उन्होंने मिजो लोगों और राज्य के लिए कुछ नहीं किया है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के विश्लेषण में पीएम मोदी जीत के हीरो

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका के प्रमुख अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने अपने विश्लेषण में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी की जीत का हीरो बताया है। अखबार का कहना है कि पांच राज्यों में हुए चुनाव को भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी परीक्षा के रूप में देखा गया। नतीजों से साफ है कि भाजपा ने एक प्रमुख आबादी वाले क्षेत्र में अपना प्रभुत्व बढ़ाया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि चुनाव परिणाम मुख्य विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक और झटका है। कांग्रेस मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मोदी की भाजपा से हार गई। उसने केवल तेलंगाना में एक छोटी क्षेत्रीय पार्टी के खिलाफ जीत हासिल की। अमेरिकी अखबार का नजरिया है कि भारत में वसंत में होने वाले आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी अब और भी मजबूत स्थिति में हैं। अखबार का आकलन है कि जनवरी में उत्तरी राज्य उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी का प्रभुत्व और बढ़ जाएगा।

नई तेलंगाना विस गठित, गजट अधिसूचना जारी

हैदराबाद। भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को तेलंगाना की तीसरी विधानसभा के गठन के लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना में सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों के विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के नाम शामिल हैं। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज और भारतीय निर्वाचन आयोग के सचिव अविनाश कुमार द्वारा निर्वाचित विधायकों की सूची राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन को सौंपने के बाद अधिसूचना जारी की गई। इससे पहले राज्यपाल ने तेलंगाना की दूसरी विधानसभा को भंग कर दिया था। राज्यपाल कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना राज्य की दूसरी विधानसभा को भंग करने की सिफारिश करने वाले मंत्रिपरिषद के 3 दिसंबर 2023 के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप राज्यपाल ने भारत के संविधान द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा को भंग कर दिया।

राज्यसभा में दी गई हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा में हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद सत्र के पहले दिन राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, उनके योगदान से भारत को सूखाग्रस्त, खाद्य आयातक देश से उठ कर खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर घोषित होने में मदद मिली। उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और भारत की हरित क्रांति के जनक कहे



जाने वाले एम.एस. स्वामीनाथन का 98 वर्ष की आयु में इस साल 28 सितंबर को चेन्नई में निधन हो गया। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में 1960 के दशक में शुरू हुए सुधार के प्रमुख वास्तुकार थे। जब 1965 और 1966 में सूखे ने कृषि को प्रभावित किया और देश में खाद्य संकट पैदा हो गया, तो कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने बड़े पैमाने पर भुखमरी की स्थिति की भविष्यवाणी की। इसके बाद के वर्षों में स्वामीनाथन ने वैज्ञानिक नवाचार और प्रशासनिक कौशल के साथ भारत को बड़े पैमाने पर आयातक से खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदल दिया।

पूर्व पीएम देवेगौड़ा की बहू ने बाइकर पर उतारा गुस्सा, बोलीं

मेरी 1.5 करोड़ की कार की कीमत तुम्हारी जिंदगी से ज्यादा

एजेंसी। मैसूर/बेलगावी

पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की बहू भवानी रेवन्ना ने उनकी लग्जरी कार में टक्कर मारने वाले एक बाइक सवार को जिस तरह डांटा, उसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भवानी का यह कहना कि उनकी 1.5 करोड़ रुपये की कार बाइक सवार की जान से ज्यादा कीमती है, और उनकी अन्य संवेदनहीन टिप्पणियों की राज्यभर के लोगों ने आलोचना की है। बेलगावी सुवर्णा सौधा में हुई इस घटना के

जवाब में भवानी के पति जद (एस) विधायक और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना ने अपनी पत्नी की टिप्पणी के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, अगर किसी को भवानी की बातों से ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। उसके दोस्त की कार क्षतिग्रस्त होने पर उसने गुस्से में प्रतिक्रिया व्यक्त की। भवानी ने अपने जीवन में कभी किसी को चोट नहीं पहुंचाई है। वीडियो फुटेज में क्रोधित भवानी को घायल बाइक सवार पर गुस्सा उतारते देखा गया है, जिसकी बाइक उनकी लक्जरी कार से टकरा गई थी। उन्होंने बाइक सवार से कहा, अगर तुम मरना चाहते थे, तो तुम्हें बस के नीचे जाना चाहिए था। तुम मेरी कार से मरना चाहते थे। वह चिल्लाती नजर आ रही हैं, मरने की चिंता करना बंद करो यार। मेरी 1.5 करोड़ रुपये की कार का क्या होगा? यह घटना पिछले हफ्ते मैसूरु जिले के केआर नगर तालुक में सालिग्राम गांव के पास हुई। जब लोगों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो भवानी ने जोर देकर कहा कि जो भी मुझसे बात करना चाहता है, वह पहले 50 लाख रुपये दे और फिर बात करे। सोमवार को वायरल हुए इस वीडियो को देखकर लोगों ने भवानी के गुस्से की आलोचना की और जनता के प्रति देवेगौड़ा परिवार के व्यवहार पर सवाल उठाए।

सात को गांधीनगर में होगा स्टार्टअप कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी में 6 दिसंबर को राउंड टेबल बैठक

एजेंसी। गांधीनगर

गुजरात सरकार आगामी वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के पूर्वार्ध के रूप में 7 दिसम्बर को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन करेगी। यह जानकारी राज्य सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने दी। मंत्री ने बताया कि स्टार्टअप कॉन्क्लेव से संबंधित एक राउंड टेबल मीटिंग 6 दिसम्बर 2023 को गांधीनगर में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और भारत सरकार के कौशल विकास व उद्यमिता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। डीपीआईआईटी ने लगभग 99,000 स्टार्टअप को मान्यता दी इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव में देशभर से यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स, वेंचर कैपटलिस्ट्स और गुजरात के प्रमुख व्यापारी शामिल होंगे। मंत्री ने बताया कि यह राउंड टेबल मीटिंग और स्टार्टअप कॉन्क्लेव, देश व गुजरात में स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने और प्रशासनिक तंत्र को और रिजीलिएंट बनाने में मदद करेगा। साथ ही, अनुपालनों के संदर्भ में भी नियामक सुधारों, कर प्रोत्साहन और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में ध्यान केन्द्रित करेगा।

चेन्नई में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

तेलंगाना में आज भारी बारिश का अनुमान

एजेंसी। चेन्नई/नई दिल्ली

चक्रवात मिचौंग के कारण चेन्नई में भारी बारिश हो रही है। विभिन्न इलाकों में जलभराव होने की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अति जल प्लावित इलाकों में शिक्षण संस्थानों, बैंकों और अन्य सरकारी कार्यालयों को बंद कर दिया गया है। चेन्नई एयरपोर्ट के रनवे पर पानी भरने के कारण उसे सोमवार रात 11 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान कुछ उड़ानों का मार्ग भी परिवर्तित किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव शिव दास मीणा की ओर से सोमवार जारी आदेश में कहा गया है कि चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में सभी स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों, बोर्डों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कार्यालयों सहित सरकारी कार्यालय मंगलवार को बंद रहेंगे। तमिलनाडु राजभवन की ओर से कहा गया है कि चक्रवात मिचौंग से कुछ पूर्वी तटीय जिले बुरी तरह प्रभावित हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने के लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों को तैनात किया गया है। स्थिति पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उच्चतम स्तर पर नजर रखी जा रही है।

फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग के दौरान अजय देवगन को लगी चोट

कॉप यूनिवर्स में रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अजय देवगन और करीना कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी नजर आएंगे। करीना ने अपने पोस्ट में शेयर किया था कि बीच में फिल्म का एक जबरदस्त एक्शन सीन शूट किया गया था। अब 'सिंघम अगेन' के सेट से एक बुरी खबर सामने आई है। मुंबई के विले पार्ले में 'सिंघम अगेन' के एक एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान अजय देवगन की आंख में चोट लग गई। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा एक एक्शन कॉम्बैट सीक्वेंस को फिल्माते समय हुआ। यह भी कहा जा रहा है कि इलाज के लिए कुछ समय की छुट्टी लेने के बाद अजय देवगन ने फिर से शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म के जरिए दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर भी कॉप यूनिवर्स से जुड़ेंगे। कुछ दिनों पहले इस फिल्म से दीपिका, रणवीर और टाइगर का डरावना लुक सामने आया था। इसके बाद रोहित शेट्टी ने अजय देवगन का लुक भी शेयर किया था जो काफी चर्चा में रहा था। फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और यशराज स्टूडियो, मुंबई और हैदराबाद में शूटिंग पूरी हो चुकी है।

लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में शामिल हुईं दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में शिरकत की। वह इस इवेंट में आमंत्रित होने वाली पहली भारतीय स्टार हैं। एकेडमी म्यूजियम गाला ऑस्कर के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टेज है जिसे एक ही बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है। इस साल की शुरूआत में दीपिका को ऑस्कर में इंडियन सॉन्ग एक्ट के लिए स्टेज पर देखा गया था। दीपिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्होंने डार्क पर्पल वेलवेट फ्लोर-स्वीपिंग गाउन पहना हुआ था। उन्होंने इवेंट के लिए अपने लुक को डायमंड से पूरा किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो, दीपिका के लिए 'पठान' और 'जवान' के साथ एक शानदार साल रहा।

ग्लोबल बॉक्स-ऑफिस पर 'नेपोलियन' और 'हंगर गेम्स' से आगे निकली रणबीर कपूर की 'एनिमल'

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' ने न केवल भारतीय बॉक्स-ऑफिस पर धूम मचा दी है, बल्कि 42.1 मिलियन डॉलर के साथ 'नेपोलियन' और 'द हंगर गेम्स : द बैलाड ऑफ सोंगबर्ड्स एंड स्नेक्स' को पीछे छोड़ते हुए विश्व स्तर पर नंबर 1 फिल्म बनकर उभरी है। यह आंकड़े कॉमस्कोर ने प्रकाशित किए हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'एनिमल' को 38 वैश्विक क्षेत्रों में रिलीज किया गया। दुनिया भर में कुल कमाई में उत्तरी अमेरिका में 6.1 मिलियन डॉलर शामिल हैं, जहां इसे 850 स्थानों पर रिलीज किया गया और नंबर 7 पर रिलीज किया गया।

'एनिमल' में, रणबीर कपूर भारत के सबसे अमीर आदमी (अनिल कपूर द्वारा अभिनीत) के बेटे की भूमिका में हैं, जो बॉबी देओल द्वारा निभाए गए खलनायक से मुकाबला करते है। कलाकारों में रश्मिका मंदाना भी शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन संदीप वांगा रेड्डी ने किया है।

वैरायटी के अनुसार, दूसरे स्थान पर रिडले स्कॉट की एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स द्वारा निर्मित और सोनी पिक्चर्स द्वारा वितरित एक्शन मूवी 'नेपोलियन' ने दुनियाभर में 35.7 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 28.6 मिलियन डॉलर शामिल हैं। अब इसकी वैश्विक कुल कमाई 137 मिलियन डॉलर है।

एनसीआरबी रिपोर्ट | देश में हत्या के मामलों में 2022 में मामूली गिरावट

गत वर्ष बिहार में हुई देशभर में सबसे ज्यादा हत्याएं

महानगरीय शहरों में बेंगलुरु में 173, मुंबई में 135, लखनऊ में 131, पटना में 107 और चेन्नई में 101 हत्या के मामले

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपना नवीनतम डेटा जारी किया है, जो 2022 में पूरे देश में हत्या के मामलों में मामूली कमी का संकेत देता है। इसके अनुसार, पिछले साल हत्या की 28,522 प्राथमिकी दर्ज की गईं यानी औसतन प्रतिदिन 76 हत्याएं हुईं। वर्ष 2021 में हत्या की 29,272 प्राथमिकियां दर्ज की

गई थीं। रिपोर्ट में इन अपराधों के पीछे के प्राथमिक उद्देश्यों की पहचान भी की गई है। विवाद में सबसे ज्यादा 9,962 हत्याएं हुईं। इसके बाद 'व्यक्तिगत प्रतिशोध या शत्रुता' (3,761) और 'लाभ' (1,884) के मामले रहे। आंकड़ों से पता चला कि हत्या के 95.4 फीसदी पीड़ित वयस्क थे, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत पुरुष थे। पीड़ितों में 8,125 महिलाएं और नौ तीसरे लिंग के व्यक्ति शामिल थे। महानगरीय शहरों में हत्या के मामलों में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2022 में 2,031 तक पहुंच गई। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर 2.1 रही, जबकि ऐसे मामलों में आरोप पत्र दायर करने की दर 81.5 फीसदी थी। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 3,491 एफआईआर हुई। इसके बाद बिहार (2,930), महाराष्ट्र (2,295), मध्य प्रदेश (1,978), और राजस्थान (1,834) हैं। कुल मिलाकर, इन पांच राज्यों में देश में हत्या के 43.92 फीसदी मामले होते हैं। इसके विपरीत, सिक्किम (9), नागालैंड (21), मिजोरम (31), गोवा (44), और मणिपुर (47) में 2022 में हत्या के सबसे कम मामले दर्ज किए गए। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में 2022 में हत्या के 509 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद जम्मू और कश्मीर (99), पुडुचेरी (30), चंडीगढ़ (18), दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (16), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (7), लद्दाख (5), और लक्षद्वीप (0) हैं। महानगरीय शहरों में, बेंगलुरु में 2022 में 173, मुंबई में 135, लखनऊ में 131, पटना में 107 और चेन्नई में 101 हत्या के मामले देखे गए।